रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 04 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-312 मूल्य 3.00 ₹

भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए जांच एजेन्सियों को खुली छूट : मोदी

भ्रष्टाचार के खिलाफ पंचायत से लेकर जिला परिषद, नगर निगमों तक लड़ाई लड़ने की जरूरत

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई तथा आर्थिक और सामाजिक विकास को सरकार का मिशन बताते हुए कहा कि देश के मतदाता कांग्रेस की भ्रमित करने और झूठी कहानी गढने वाली नकारात्मक राजनीति को पहचान चुके हैं तथा उन्होंने भारत को विकास की राह पर आगे ले जाने के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को लगातार तीसरी बार जनादेश दिया है। मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में 21 घंटे से भी अधिक समय तक चली चर्चा का जवाब देते हुए संविधान पर संकट, जांच एजेन्सियों के दुरूपयोग, पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर विपक्ष की अवसरवादी चुप्पी, मणिपुर हिंसा और पेपर लीक जैसे मुद्दों पर सरकार का खुलकर पक्ष रखा। प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। प्रधानमंत्री के जवाब के बाद विपक्षी सदस्यों की गैर मौजूदगी में ही सदन ने धन्यवाद प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा चुनाव में संविधान की रक्षा को कांग्रेस द्वारा बड़ा मुद्दा बनाये जाने का जवाब देते हुए मोदी ने कांग्रेस को संविधान का सबसे बड़ा विरोधी बताते हुये कहा कि यदि यह वास्तव में चुनाव का मुद्दा था तो जनता ने संविधान की रक्षा की जिम्मेदारी हमें दी है। उन्होंने देश में कांग्रेस की सरकारों के दौरान आपातकाल की ज्यादतियों, प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद के उपर राष्ट्रीय सलाहकार परिषद बैठाने, कांग्रेस के नेता (राहुल गांधी) द्वारा मनमोहन मंत्रिमंडल के फैसले की प्रति फाडे जाने और सरकारी प्रोटोकोल में एक परिवार के सदस्यों को अनुचित प्राथमिकता दिये जाने जैसे मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान की रक्षा उसके आधार पर आचरण करने से होती है न कि संविधान की पुस्तक लहराने से । उन्होंने कहा कि 1975 में

संविधान पर बुलडोजर चलाते हुए 'इंदिरा इज इंडिया एंड इंडिया इस इंदिरा' का नारा दिया गया था लेकिन कांग्रेस इस पर कभी कोई चर्चा नहीं चाहती। मोदी ने कहा कि कांग्रेस न केवल संविधान विरोधी है बल्कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग की भी विरोधी है। प्रधानमंत्री का कहना था कि कांग्रेस के प्रथम परिवार को जहां हार सुनिश्चित दिखती है वहां इन वर्गों के लोगों को आगे कर दिया जाता है । इसी संदर्भ में उन्होंने इस बार के लोकसभा अध्यक्ष के पद के चुनाव में केरल के दलित सांसद के सुरेश को आगे करने, इससे पहले राष्ट्रपति चुनाव में मीरा कुमार तथा उप राष्ट्रपति के लिए सुशील कुमार शिंदे को चुनाव मैदान में उतारने जैसे उदाहरण दिये। उन्होंने कहा कि इस चुनाव के नतीजों पर कांग्रेस जश्न मना रही है , न जाने यह खुशी हार की है या नर्वस नाइंटीज की या तीसरी बार के (राहुल गांधी के) लांच के असफल होने की है। उन्होंने कहा कि दलित नेता और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे इस चुनाव में दीवार बनकर खड़े हो गये और परिवार को हार के ठीकरे से बचा लिया । प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने 2014 में जब देश की बागडोर संभाली तो सबसे उनकी बड़ी प्राथमिकता गरीबों का कल्याण तथा भ्रष्टाचार और कालेधन पर वार करना था। भ्रष्टाचार से मुक्ति को सरकार का मिशन बताते हुए उन्होंने कहा, हमने जांच एजेन्सियों को खुली छूट दे रखी है। सरकार कहीं टांग नहीं अड़ायेगी। एजेन्सियां ईमानदारी से काम करें और यह मेरी गारंटी है कि कोई भी भ्रष्टाचारी कानून से बचकर नहीं निकल पायेगा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस इस मामले में दोहरा मापदंड अपनाती है । दिल्ली में 'आप' के नेताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ आंदोलन को कांग्रेस के समर्थन की तीखी आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठी कहानियों तथा फर्जी वीडियो के जरिये कारनामे करती रहती है और 'भ्रष्टाचारी बचाओ आंदोलन' चलाया जा रहा है। केन्द्रीय जांच एजेन्सियों के दुरूपयोग के आरोपों पर उन्होंने कहा , शराब घोटाला करें आप, पानी घोटाला करें आप, शिकायत करे कांग्रेस और कार्रवाई हो तो गाली खाये मोदी। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस में हिम्मत है तो वह आप से सदन में जवाब मांगे। उन्होंने 2013 में मुलायम सिंह यादव और माकपा नेता प्रकाश कारत के कांग्रेस पर जांच एजेन्सियों और आयकर विभाग के दुरूपयोग के बारे में दिये गये बयानों और सीबीआई को उच्चतम न्यायालय द्वारा पिंजरे में बंद तोता कहे जाने के उदाहरण देते हुए कहा कि असल में इस तरह का काम कांग्रेस के जमाने में होता रहा है। उन्होंने कहा कि आज भी कांग्रेस एक तरफ एजेन्सियों के दुरूपयोग के आरोप लगाती है दूसरी तरफ केरल के मुख्यमंत्री की सीबीआई से गिरफ्तारी की मांग कर रही है। मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई पंचायत से लेकर जिला परिषद तथा नगर निगमों तक ले जाने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि इसमें सभी राज्य सरकारों को आगे आना होगा ताकि सामान्य नागरिक का जीवन आसान हो सके।

क्विक न्यूज

बीआरएस के राज्यसभा सांसद केशव राव कांग्रेस में शामिल

नयी दिल्ली। भारत राष्ट्र समिति के राज्य सभा सांसद केशव राव

कांग्रेस में शामिल हो गये। राज्यसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राव को अंग वस्त्र ओढ़ा कर पार्टी में शामिल किया। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल तथा पार्टी के प्रदेश प्रभारी दीपादास मुंशी भी मौजूद थीं। खड़गे ने कहा कि राव का सार्वजनिक जीवन में काम करने का व्यापक अनुभव है और उन्हें विश्वास है कि उनके कांग्रेस में आने से पार्टी को उनके अनुभव का फायदा होगा।

मंत्रिमंडलीय समितियों का गठन, नियुक्ति समिति में मोदी और शाह

नयी दिल्ली। मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के लिए आठ मंत्रिमंडलीय समितियों का बुधवार को गठन कर दिया जिसमें महत्वपूर्ण नियुक्ति संबंधी समिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह को रखा गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय की विज्ञप्ति के अनुसार राजनीतिक मामलों की समिति प्रधानमंत्री मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी , स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, सूक्ष्म लघु एवं मझोले उद्यम विभाग के मंत्री जीतन राम मांझी, बंदरगाह जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू, पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव, महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू एवं कोयला तथा खान मंत्री जी किशन रेड्डी शामिल किये गये हैं।

भारत- मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास

नयी दिल्ली। भारत-मंगोलिया के बीच 16 वां संयुक्त सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट मेघालय के उमरोई के विदेशी प्रशिक्षण नोड में शुरू हुआ। रक्षा मंत्रालय के अनुसार 16 जुलाई तक चलने वाले इस अभ्यास में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व सिक्किम स्काउट्स की एक बटालियन तथा अन्य शाखाओं के 45 सैन्य कर्मियों द्वारा किया जा रहा है। मंगोलियाई दल का प्रतिनिधित्व मंगोलियाई सेना की 150 त्वरित प्रतिक्रिया बल बटालियन के कर्मियों द्वारा किया जा रहा है।

मोदी झूठ बोल रहे थे इसलिए राज्यसभा से बहिर्गमन किया : खड़गे

नयी दिल्ली। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के बाद प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी के जवाब के दौरान इंडिया गठबंधन के बहिर्गमन पर सफाई देते हुए विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री झूठ बोल रहे थे इसलिए विपक्षी दलों ने बहिगर्मन किया। खड़गे ने संसद भवन परिसर में बहिगर्मन की वजह बताते हुए पत्रकारों से कहा कि इंडिया गठबंधन के दलों ने राज्य सभा से बहिर्गमन इसलिए किया क्योंकि मोदी सदन में भी झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी झूठ बोल रहे थे। वे कहते हैं कि हम संविधान के विरोध में हैं, बल्कि सच्चाई यह है कि भाजपा-आरएसएस, जनसंघ और उनके राजनीतिक पुरखों ने भारत के संविधान का जमकर विरोध किया था। उन लोगों ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू के उस समय पुतले फूंके थे। ये शर्मनाक बात थी।

मुख्यमंत्री साय का दूसरा जनदर्शन आज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का दूसरा जनदर्शन आज आयोजित किया जाएगा। जनदर्शन में मुख्यमंत्री साय प्रदेश भर से आए नागरिकों से सीधे संवाद करेंगे एवं

उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदन भी लेंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह से मुख्यमंत्री निवास में जनदर्शन का आयोजन आरंभ हुआ है। इसमें बड़ी संख्या में नागरिक गणों ने हिस्सा लिया, और मुख्यमंत्री को अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन भी सौंपे। सभी आवेदनों को मुख्यमंत्री स्वयं देखे और इनका शीघ्र निराकरण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए , जनदर्शन में दिव्यांग जनों को भी त्वरित सहायता प्रदान की गई।

हाथरस हादसे मे मृतकों की संख्या हुयी 121, आयोजकों के खिलाफ एफआईआर

हाथरस। हाथरस जिले के सिकंदराराऊ क्षेत्र में सत्संग कार्यक्रम के दौरान भगदड़ के शिकार मृतकों की संख्या बढ़ कर 121 हो गयी है जबकि 35 का इलाज हाथरस,आगरा और अलीगढ़ के अस्पतालों में चल रहा है। मृतकों में अभी 19 की पहचान होनी बाकी है जबकि 28 घायलों की पहचान की जा चुकी है। मृतकों में 114 महिलायें शामिल हैं। मुख्यमंत्री के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार मंगलवार रात ही हाथरस आकर राहत एवं बचाव कार्य का निर्देशन करते रहे वहीं योगी सरकार के तीन मंत्री लक्ष्मी नारायण, संदीप सिंह, असीम अरुण भी मौके पर डटे हुये हैं। मुख्यमंत्री ने हाथरस पहुंच कर अधिकारियों के साथ बैठक की और हालात की समीक्षा की। उन्होने अस्पताल जाकर घायलों का हाल जाना और डाक्टरों को उचित दिशा निर्देश दिये। इस बीच सूरजपाल सिंह उर्फनारायण साकार हरि उर्फभोले बाबा के सेवादार एवं सत्संग कार्य म के आयोजक देव प्रकाश माथुर और अज्ञात लोगों के खिलाफ सिकंदराराऊ थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 105, 110, 126, 223, 238 के तहत एफआईआर दर्ज करायी गयी है।

सुप्रीम कोर्ट ने एनआईए से कहा कृपया न्याय का मजाक न उड़ाएं

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने एक आपराधिक मामले में सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को फटकार लगाई और कहा कि आरोप की गंभीरता के कारण त्वरित सुनवाई के अधिकार का उल्लंघन नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की अवकाशकालीन पीठ ने यह टिप्पणी जाली मुद्रा से संबंधित एक मामले के आरोपी याचिकाकर्ता जावेद गुलाम नबी शेख की बॉम्बे उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए की, जिसमें उसे (जावेद को) जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। पीठ ने बिना सुनवाई के पिछले चार वर्षों से जेल में बंद शेख के खिलाफ मुकदमे पर आगे की सुनवाई में देरी के लिए एनआईए को फटकार लगाई और आरोपी की जमानत दे दी। शेख पर गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम समेत अन्य संगीन धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है। पीठ ने सुनवाई में देरी पर नाराजगी जताई और कहा, आप एनआईए हैं। कृपया न्याय का मजाक न उड़ाएं। चार साल हो गए हैं और मुकदमे पर सुनवाई शुरू नहीं हुई है। ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि त्वरित सुनवाई का संवैधानिक अधिकार कथित अपराध की गंभीरता पर निर्भर नहीं हो सकता। अदालत ने कहा कि आरोपी ने जो भी अपराध किया हो, उसे त्वरित सुनवाई का अधिकार है। पीठ ने कहा, अपराध चाहे कितना भी गंभीर क्यों न हो, आरोपी को संविधान के तहत त्वरित सुनवाई का अधिकार है। हम आश्वस्त हैं कि जिस तरह से अदालत और अभियोजन एजेंसी ने इस मामले में कार्यवाही की, उससे त्वरित सुनवाई के अधिकार को झटका लगा है। इस मामले में संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन हुआ है। मुंबई पुलिस ने शेख को 2020 में गिरफ्तार किया था, जिसके बाद कथित तौर पर उसे पास से पाकिस्तान से आए नकली नोट बरामद हुए थे। इसके बाद एनआईए ने मामले को अपने हाथ में ले लिया था। शीर्ष अदालत ने शेख की अपील पर विचार करने के दौरान पाया कि उसके दो सह-आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है, जिनमें से एक जमानत आदेश को वर्तमान में शीर्ष अदालत में चुनौती दी जा रही, लेकिन जमानत पर कोई रोक नहीं है।

चंपई का इस्तीफा, हेमंत सोरेन ने पेश किया सरकार बनाने का दावा

पायनियर संवाददाता ◄ रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बुधवार को इस्तीफा दे दिया है। उन्होने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से भेंट कर अपना इस्तीफा सौंपा। साथ ही हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा भी पेश कर दिया है। गठबंधन के विधायकों की सर्वसम्मति के बाद हेमंत तीसरी बार प्रदेश के सीएम पद की शपथ लेंगे। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन गठबंधन के विधायकों की सर्वसम्मति के बाद तीसरी बार प्रदेश के सीएम के रूप में वापसी करेंगे। गठबंधन के नेताओं और विधायकों की सीएम चंपई सोरेन के आवास पर बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से हेमंत को झामुमो विधायक दल का नेता चुनने का फैसला हुआ। बैठक में चंपई सोरेन की जगह हेमंत को सीएम बनाने का फैसला लिया गया है। इस दौरान झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ ही हेमंत सोरेन के भाई बसंत और पत्नी कल्पना भी मौजूद थीं। अब अगर हेमंत मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते हैं तो वो झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री होंगे। गौरतलब है कि कथित भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद हेमंत सोरेन को गिरफ्तारी के लगभग पांच महीने बाद 28 जून को जेल से रिहा किया गया। गिरफ्तारी से पहले 31 जनवरी को हेमंत ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। ईडी ने जब हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया, इसके बाद उनके करीबी सहयोगी चंपई सोरेन को राज्य की बागडोर सौंपी गई थी।

सीएम विष्णुदेव साय से जे. भागवत राव ने की सौजन्य मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में एशियन मेन्स इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीन कांस्य पदक विजेता भिलाई के जे. भागवत राव ने सौजन्य मुलाकात की। राव ने 5 से 11 मई को हांगकांग में आयोजित एशियन मेन्स इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता के 66 किलोग्राम वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त किया। वे इस प्रतियोगिता के तहत आयोजित स्कॉट प्रतियोगिता में कांस्य पदक, बेंच प्रेस में कांस्य पदक और डेडलिफ्ट स्पर्धा में भी कांस्य पदक हासिल किया है। मुख्यमंत्री साय ने इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी इस शानदार उपलब्धि ने प्रदेश को भी गौरवान्वित किया है। इससे उभरते हुए खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी और युवाओं में भी खेल को अपना कैरियर बनाने एक सकारात्मक संदेश जाएगा। पावरलिफ्टर खिलाड़ी भिलाई के जे. भागवत राव इंटरनेशनल और नेशनल प्रतियोगिताओं में लगातार शानदार प्रदर्शन करते आ रहे हैं। वे इससे पहले इंदौर में आयोजित फैडरेशन कप मेन्स पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक, आंध्र प्रदेश के संतपल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सीनियर मेन्स पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक, तमिलनाडु के कोयम्बतूर में आयोजित राष्ट्रिय जूनियर मेन्स पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक के आलावा कई प्रतियोगिताओं में भी पदक हासिल कर चुके हैं।

रिजिजू ने कहा, आपको विपक्ष में हमने नहीं, देश की जनता ने बिठाया है

संसद को बाधित करने की इजाज़त नहीं दी जायेगी

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

सरकार ने दो टूक शब्दों में कहा कि विपक्ष को विधिसम्मत ढंग से हर मुद्दे पर चर्चा करने का पूरा पूरा मौका दिया जायेगा लेकिन उसे किसी भी बहाने से संसद को ठप करने की इजाज़त नहीं दी जा सकती। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं एल. मुरुगन के साथ यहां संसद भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र में सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच टकराव के बारे में एक सवाल के जवाब में रिजिजू ने कहा कि हमने पहले भी कहा है कि हम संविधान, नियमों एवं परंपराओं से बंधे हैं और इन्हीं के आधार पर संसद के दोनों सदन और देश चलायेंगे। उन्होंने कहा, विपक्ष अगर सकारात्मक भूमिका निभाता है, तो अच्छी बात है। एक दूसरे की बात की आलोचना होती है, तो अच्छी बात है। पर सदन नहीं चलने देंगे, यह नहीं हो सकता। क्योंकि देश की सेवा करनी है, तो संसद को बंद नहीं कर सकते हैं। जबरदस्ती रोकने की कोशिश हो नहीं सकती है। रिजिजू ने कहा, आपको विपक्ष में हमने नहीं, देश की जनता ने बिठाया है। यह हमारी मर्ज़ी से नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इसलिये आप हमारे साथ अपनी भावना के लिये जनता की मर्ज़ी के विरुद्ध नहीं जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वह नियमों एवं परंपराओं के मुताबिक काम करने के लिये किसी के साथ भी मिलने और बात करने के लिये तैयार हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि किसी भी को भी उसके परिवार के आधार पर विशेष तरजीह नहीं दी जा सकती है, संसद में हर सदस्य बराबर है। यह पूछे जाने पर कि संसद के शांतिपूर्ण संचालन के लिये क्या वह राहुल गांधी से भी मिलेंगे, रिजिजू ने कहा कि निजी तौर पर सत्तापक्ष में किसी को विपक्ष के किसी नेता से कोई समस्या या दिक्कत नहीं है, लेकिन जो परंपरा एवं प्रथा को तोड़ने का काम किया गया है, उसी की निंदा की गयी है। संसद के सुचारु रूप से संचालन के लिये जो भी लोग चुन कर आये हैं, उन सभी से मिलना और बात करना उनका कर्तव्य है। एक सवाल पर मेघवाल ने कहा कि विपक्ष में संसद को बाधित करने के मुद्दे पर मतभेद हैं, मंगलवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री के जवाब के दौरान कांग्रेस के सदस्य आसन के इर्दगिर्द आ गये थे, लेकिन तृणमूल कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी के सदस्य नहीं आये थे। सदन में गांधी के कथन के सत्यापन एवं कार्रवाई के नियम के बारे में पूछे जाने पर रिजीजू ने कहा कि नियम संख्या 115 के अनुसार गांधी को एक नोटिस देकर पूछा जायेगा कि किन परिस्थितियों में उन्होंने सदन को गुमराह किया है। यदि वह जवाब देने में विफल रहते हैं तो अध्यक्ष इस मामले को विशेषाधिकार समिति के पास विचारार्थ भेज देंगे। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) परीक्षा के बारे में विपक्ष की चर्चा की मांग के बारे में पूछे जाने पर रिजिजू ने कहा कि राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कांग्रेस को चार घंटे 45 मिनट का समय मिला था। जब समय दिया तब कांग्रेस के सदस्यों ने इस पर चर्चा नहीं की। प्रधानमंत्री ने दोनों सदनों में जोर देकर कहा है कि सरकार बहुत कठोर कदम उठा रही है और आगे भी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि जो लोग सुबह से लेकर रात तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गाली देते हैं, वही कहते हैं कि देश में बोलने की आज़ादी नहीं है। उन्होंने कहा कि नये सांसद आये हैं और वे सदन में चर्चा को सुनना और भाग लेना चाहते हैं। नये सांसद एक दो सत्रों में पुराने सदस्यों को देख कर सीखते हैं, लेकिन कांग्रेस उन्हें हंगामा करना सिखा रही है। इससे देश की संसदीय परंपरा को नुकसान पहुंच रहा है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि देश को नुकसान करने वाला आख्यान नहीं चलेगा।

जीका वायरस पर केंद्र की राज्यों को सलाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने महाराष्ट्र में जीका वायरस के मामलों को देखते हुए सभी राज्यों को सतर्कता बरतने को कहा है। मंत्रालय के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) डॉ. अतुल गोयल ने महाराष्ट्र में जीका वायरस के कुछ

दर्ज मामलों को देखते हुए राज्यों को एक परामर्श जारी किया । इसमें देश में जीका वायरस की स्थिति पर निरंतर सतर्कता बनाए रखने को कहा गया है। जीका संक्रमित गर्भवती महिला के भ्रूण में माइक्रोसेफली और न्यूरोलॉजिकल प्रभाव आ जाता है, इसलिए राज्यों को सलाह दी गई है कि वे चिकित्सकों को कड़ी निगरानी के लिए सचेत करें। राज्यों से आग्रह किया गया है कि वे संक्रमित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं या प्रभावित क्षेत्रों से आने वाले मामलों की देखभाल करने वाले लोगों को निर्देश दें कि वे गर्भवती महिलाओं की जीका वायरस संक्रमण के लिए जांच करें, जीका से संक्रमित पाई गई गर्भवती माताओं के भ्रुण के विकास की निगरानी करें और केंद्र सरकार के दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करें। राज्यों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे स्वास्थ्य सुविधाओं और अस्पतालों को एक नोडल अधिकारी को नियुक्त किया जाना चाहिए। वह अस्पताल परिसर को एडीज मच्छर से मुक्त रखने के लिए निगरानी और कार्य करने के लिए जिम्मेदार होगा।

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन एवं चौड़ीकरण के 18 कार्यों के लिए भारत सरकार द्वारा 3289 करोड़ रुपए का प्रावधान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर के सिविल लाइन स्थित अपने निवास कार्यालय में पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने पत्रकार-वार्ता में बताया कि भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों के 253 किलोमीटर लंबाई के उन्नयन एवं चौड़ीकरण के 18 कार्यों के लिए 3289 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। साथ ही भविष्य में प्रस्तावित 1006 किलोमीटर लंबाई के आठ कार्यों के सर्वेक्षण एवं डीपीआर के लिए 35 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लिए इतनी बड़ी राशि का प्रावधान करने के लिए भारत सरकार तथा केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

विकसित भारत-विकसित मध्यप्रदेश पर केंद्रित बजट : मुख्यमंत्री यादव

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा में प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ये 'विकसित भारत- विकसित मध्यप्रदेश' पर केंद्रित बजट है और इसमें कोई कर नहीं बढ़ाया गया है। डॉ. यादव ने विधानसभा परिसर में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि प्रदेश में विभिन्न वर्गों के कल्याण के प्रावधान बजट में किए गए हैं। चाहे युवा हों, महिलाएं हों या किसान हों या समाज का गरीब तबका, सभी क्षेत्र में राशि रखी गई है। आईटी और नई तकनीक का भरपूर उपयोग किया जाएगा। युवाओं को भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन के लिए आवश्यक प्रोत्साहन दिया जाएगा। उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। जो बच्चे छात्रावास सुविधा चाहते हैं उसके लिए भी बजट में राशि रखी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पशुपालन पर फोकस किया जाएगा। कृषि के साथ पशुपालन हो, दुग्ध उत्पादन बढ़े, जिस तरह फसलों के लिए विभिन्न योजनाएं हैं, ऐसी पशुपालन क्षेत्र की बड़ी संभावनाओं को साकार किया जाएगा। डॉ यादव ने कहा कि गौशालाओं के संचालन के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ाया जाएगा। तीनों तरह के उद्योग बड़े उद्योग, लघु मध्यम और सूक्ष्म उद्योग एवं ग्रामीण कुटीर उद्योग के विकास की योजनाएं क्रियान्वित होंगी। स्व सहायता समूहों के लिए भी बजट में राशि का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि मालवा एक्सप्रेस वे, चंबल एक्सप्रेस वे और विंध्य एक्सप्रेस वे के लिए बजट में राशि का प्रावधान है। साथ ही रेलवे एवं भारत सरकार से मिलकर आवश्यक कनेक्टिविटी इंटरकनेक्टिविटी बढ़ाई जाएगी । वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ के संदर्भ में उन्होंने कहा कि इसके लिए मालवा के 13 जिलों में धार्मिक विकास कार्यों के लिए राशि रहेगी। सिंहस्थ के लिए 500 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश के अनेक बच्चे बाहर नौकरियों के लिए या अन्य व्यवसाय रोजगार के लिए जाते हैं तो उनके माता-पिता अकेले रह जाते हैं। ऐसे बुजुर्गों के लिए नगरों में आवश्यक केंद्र बनाकर निजी क्षेत्र का सहयोग लिया जाएगा। प्रदेश में शैक्षणिक और स्वास्थ्य के क्षेत्र में पर्यटन के लिए बड़ी राशि खर्च होगी। चिकित्सा, शिक्षा, पर्यटन सहित प्रत्येक क्षेत्र में इस बजट के माध्यम से पर्याप्त धनराशि देने का प्रयास किया। युवाओं के लिए प्रशिक्षण के भी कार्यक्रम सरकार द्वारा प्रारंभ किए जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुसार मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए अन्न अनुसंधान केंद्र डिंडोरी में खोल रहे है, इसी प्रकार से दलहन में चना अनुसंधान केंद्र मालवा में, सरसों का अनुसंधान केंद्र चंबल में खोला जाएगा। इसके माध्यम से सभी प्रकार की जींस खासकर दलहन के मामले में प्रोत्साहन देने के लिए हम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि गोवंश के मामले में सरकार बहुत गंभीर है। गोवंश अपराध को बढ़ावा नहीं मिले इसके लिए कठोर कार्रवाई के साथ-साथ सरकार ने गौशालाओं को प्रोत्साहन देने के लिए इस वर्ष को 'गोवंश रक्षा वर्ष' घोषित किया है।

शहरों के मास्टर ड्रेनेज प्लान में तेजी लाई जाय : धामी

एजेंसी ◄ देहरादून
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहरों के मास्टर ड्रेनेज प्लान तथा फ्लड प्लैन जोनिंग के कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि जल स्तर बढ़ाने के लिए बांधों से सिल्ट निकालने और ड्रेजिंग सिस्टम के लिए दो माह के अन्दर ठोस प्लान बनाकर प्रस्तुत किये जाने के साथ पिंडर और कोसी नदी को आपस में जोड़ने के लिए राज्य स्तर पर की जाने वाली सभी कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा और उसकी सहायक नदियों में शुद्ध पानी जाए, इसके लिए ऐसे नाले भी चिन्हित किये जाय, जहां एसटीपी नहीं लगे हैं। घाटों के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने कहा कि बाढ़ सुरक्षा के कार्यों में तेजी लाई जाए। पर्वतीय क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा बढाने तथा नहरों के अनुरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाय। धामी ने बैठक में निर्देश दिये कि जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना और सौंग बांध पेयजल परियोजना पर कार्य जल्द शुरू हो, इसके लिए सितम्बर तक सभी कार्यवाही पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि जमरानी बांध परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 710 करोड़ रूपये के बजट का प्राविधान किया गया है। इस परियोजना से हल्द्वानी शहर एवं उसके समीपवर्ती क्षेत्रों में 117 एम.एल.डी पैयजल की उपलब्धता, लगभग 57 हजार हैक्टैयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता का सृजन किया जायेगा। जबकि सौंग बांध परियोजना से देहरादून शहर एवं उपनगरीय क्षेत्रों के लिए 2053 तक की अनुमानित आबादी के लिए 150 एम.एल.डी. ग्रविटी से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में सौंग बांध के लिए 300 करोड़ के बजट का प्राविधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि नैनीताल जनपद के बलियानाला भूस्खलन क्षेत्र का उपचार कार्य, चमोली जनपद के हल्दापानी लॉ कॉलेज के निकट भूधसांव और भूस्खलन की रोकथाम के लिए सुरक्षात्मक कार्य और पिथौरागढ़ के धारचूला विकासखण्ड में ग्वालगांव भूस्खलन उपचार के कार्य जल्द पूर्ण किये जाय। बैठक में जानकारी दी गई कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, पर्यटन विकास मत्स्य पालन एवं भू जल संवर्द्धन लिए पिथौरागढ़ में थरकोट झील, चम्पावत में कोलीढ़ेक झाल अल्मोड़ा में गगास नदी पर जलाशय का निर्माण किया गया है। धारचूला में काली नदी पर स्थित घटगाढ़ नाले से भारत-नेपाल पुल तक तटबन्ध सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया है। राज्य के 14 महत्वपूर्ण शहरों में ड्रेनेज प्लान पर कार्य किया जा रहा है, देहरादून का सर्वे पूरा कर लिया गया है। इस दौरान, उपाध्यक्ष, अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, डॉ. आर. राजेश कुमार, विशेष सचिव डा. पराग मधुकर धकाते एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

गरीबी, महंगाई और बेरोज़गारी से त्रस्त जनता के लिए निराशाजनक बजट : भाकपा

एजेंसी ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश सरकार के बजट को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने गरीबी, महंगाई और बेरोज़गारी से त्रस्त जनता के लिए निराशाजनक बताते हुए जनता के हित में प्रभावकारी नीतियां बनाने की मांग की है। भाकपा के मध्यप्रदेश राज्य सचिव अरविन्द श्रीवास्तव और राज्य सह सचिव शैलेन्द्र शैली ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि मध्यप्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा आज विधानसभा में प्रस्तुत बजट में गरीबी और महंगाई को कम करने के लिए कोई प्रभावकारी प्रावधान नहीं है। पेट्रोलियम पदार्थों पर भारी भरकम टैक्स कम नहीं किया गया। चतुर्थ श्रेणी में बंद की गई सरकारी नौकरियों को पुनः शुरू करने की कोई घोषणा नहीं की गई।

मध्यप्रदेश में लाखों नौजवान बेरोजगारी से त्रस्त हैं, लेकिन सिर्फ़ 18 हजार नई नौकरियां देने की घोषणा की गई है। भाकपा की विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्य परिवहन निगम पुनः शुरू करने के लिए भी मध्यप्रदेश सरकार गंभीर नहीं है। लड़की लक्ष्मी योजना में नए पंजीयन शुरू नहीं किए गए हैं और 3000 रुपए तक राशि बढ़ाने के वादे से सरकार पीछे हट रही है। समान काम का समान वेतन देने के लिए भी सरकार गंभीर नहीं है। भाकपा ने समाज के कमज़ोर,दलित और वंचित तबकों के हितों को प्राथमिकता देने की नीतियों को बजट में शामिल करने की मांग की है।

स्माईल योजना के तहत खर्च होंगे 17 लाख 60 हजार : अनुपम

शिमला। सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग की ओर से स्माईल (स्पोर्ट फॉर मार्जन्लाईज्ड इंडिविज्यूल फॉर लाइवलीहुड एंटरप्राइज) आजीविका और उद्यम के लिए हाशिए पर पड़े व्यक्तियों की सहायता के लिए योजना के क्रिन्यावन में हो रही देरी पर उपायुक्त अनुपम कश्यप ने संबधित विभागों की कार्यप्रणाली पर चिंता जाहिर की है। दरअसल केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से 17 लाख 60 हजार रुपये इस योजना के तहत शिमला शहर में भिखारियों के पुनर्वास पर व्यय किए जाएंगे। ये राशि नगर निगम शिमला को स्थानांतरित कर दी गई है। जिलाधीश ने विभागों को आदेश दिए हैं कि आगामी 15 दिनों के भीतर योजना को अमलीजामा पहनाने की सारी प्रक्रिया को पूरा किया जाए। अन्यथा देरी करने वाले विभागों के विरूद्ध सख्त कारवाई अमल में लाई जाएगी। इस योजना का क्रियान्वयन नगर निगम शिमला के माध्यम से किया जा रहा है। जिलाधीश ने कहा कि शहर के भिखारियों को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में विकल्प ढूंढे जाएंगे। इसके अलावा संबंधित विभाग स्थायी आजीविका के बारे में व्यापक रणनीति तैयार करें। हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम की सहायता से पुनर्वास किए जाने वाले भिखारियों को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण देने का प्रावधान भी है। वहीं कॉरपोरेट सोशल रिस्पोंसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत भी रोजगार मुहैया करवाया जाएगा। भिक्षा मुक्त भारत बनाने की दिशा में चयनित हुए शिमला शहर में स्माईल योजना के तहत भिखारियों का पुनर्वास किया जाएगा। इस योजना में नाबालिग बच्चें, जो भिक्षावृति करते है।

हिमाचल में पर्यटकों को लुभाने लिए होटलों में 50 फीसदी तक की छूट

एजेंसी ◄ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश में मानसून में उमस भरी गर्मी से निजात दिलवाने के लिए सैलानियों की आवभगत की तैयारियां शुरू हो गई हैं। समर सीजन के बाद जुलाई माह में ठप पड़े रहे होटल कारोबार को पटरी पर लाने के लिए राज्य पर्यटन विकास निगम ने अपने होटलों में 20 से 40 फीसदी छूट देने का फैसला लिया है। दूसरी तरफ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राजधानी के निजी होटलों में भी पर्यटकों को ठहरने के लिए 50 फीसदी छूट तक का ऑफर दे रहे है। इसके साथ में टूर पैकेज पर 20 फीसदी का डिस्काउंट मिलेगा। उल्लेखनीय है कि जुलाई महीने में निगम के होटलों में ऑक्यूपेंसी 69 से घटकर 35 फीसदी रह गई है। इसके अलावा निजी होटलों में भी 35 से 40 फीसदी ऑक्यूपेंसी चल रही है। पर्यटन निगम ने प्रदेश के करीब 45 होटलों में छूट देने का फैसला लिया है। शिमला, मनाली, धर्मशाला, डलहौजी, कसौली और चंबा सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में स्थित निगम के होटलों में छूट की सुविधा मिलेगी। कमरों की बुकिंग करवाने के लिए सैलानियों को पर्यटन निगम की वेबसाइट पर सभी होटलों की रेट लिस्ट के साथ जानकारी मिलेगी। निगम ने इस बाबत वेबसाइट को अपडेट कर दिया है। पर्यटन कारोबारियों ने भी एक अक्टूबर तक होटल के कमरों की बुकिंग पर छूट देते हुए सैलानियों को रिझाने का प्रयास किया है। ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन शिमला के महासचिव मनु सूद ने बताया कि प्री-मानसून सीजन के बाद सैलानियों को रिझाने के लिए पर्यटकों को होटलों में छूट दी जा रही है। आने वाले दिनों में सैलानियों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है। पर्यटन निगम के महाप्रबंधक अनिल तनेजा ने बताया कि 13 सितंबर तक कमरों की बुकिंग पर 20 से 40 फीसदी छूट दी जा रही है। आगामी 28 जुलाई से चार अगस्त तक मिंजर मेले के दौरान चंबा और भरमौर में होटलों में कोई छूट नहीं मिलेगी। पर्यटन निगम के रिवालसर स्थित पर्यटन सराय, सराहन में होटल श्रीखंड, जवालामुखी, रोहड़ू के चांशल, कुल्लू के होटल सरवरी और सिल्वरमून, मनाली के होटल मनालसू, चंबा के होटल चंपक और इरावती, स्वारघाट के हिल टॉप, चामुंडा के यात्री निवास, चिंतपूर्णी हाइटस, पालमपुर के द न्यूगल होटल में 20 फीसदी की छूट दी गई है। पालमपुर में होटल टी-बड, बडोग में होटल पाइनवुड, शिमला में होलीडे होम और पीटरहॉफ, जोगिंदरनगर में होटल उहल, राजगढ़ में टूरिस्ट इन, मनाली में होटल कुंजम, शिमला में होटल पीटरहॉफ, मैक्डोलगंज में होटल हाउस, नगर के महल, कसौली के रोस कॉमन, क्यारीघाट के मेघदूत, चायल के होटल पैलेस, धर्मशाला के कश्मीर हॉउस, मनाली के होटल हडिंबा कॉटेज और लॉग हट्स, भरमौर के होटल गौरीकुंड में 30 फीसदी की छूट दी जा रही है।

सेना प्रमुख ने जम्मू क्षेत्र का किया दौरा

श्रीनगर। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने बुधवार को जम्मू क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम इलाकों का दौरा किया। देश के 30वें सेना प्रमुख का पदभार संभालने के बाद जनरल द्विवेदी पहली बार जम्मू-कश्मीर आए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया, सेना प्रमुख आज सुबह जम्मू के एक दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे। सूत्रों के अनुसार उन्होंने नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम इलाकों का दौरा किया, सैनिकों से बातचीत और ऑपरेशनल तैयारियों तथा सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा ढांचे की समीक्षा की। जनरल द्विवेदी राष्ट्रीय राजधानी लौटने से पहले चल रही अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा की भी समीक्षा करेंगे।

कुलदीप धालीवाल ने अजनाला की सड़कों पर पौधे लगाने की शुरुआत की

अजनाला/अमृतसर। पंजाब के कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने पर्यावरण के संरक्षण के लिये बुधवार को अजनाला को फ्तेहगढ़ चूड़ीआ से जोड़ने वाली सड़क पर पौधे लगाने की शुरुआत की। इस मौके पर श्री धालीवाल ने कहा कि आने वाले दिनों में भल्ला गांव से एयरपोर्ट रोड पर रामदास तक सड़क पर और इसी तरह अजनाला शहर में नगर परिषद अजनाला की मदद से पांच हजार पौधे लगाये जायेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर पेड़ों को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ वन विभाग द्वारा कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने अजनाला में पौधारोपण की शुरुआत करते हुये कहा कि पर्यावरण संरक्षण का मुद्दा इस समय दुनिया का सबसे गंभीर मुद्दा है और अगर हमने आज इसे नहीं संभाला तो बहुत देर हो जायेगी।

पटवारी रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब सर्तकता ब्यूरो ने बुधवार को माल हलका दौलतपुर, (पठानकोट) में तैनात पटवारी को चार हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी अकशदीप सिंह के खिलाफ जगजीत सिंह ने शिकायत दर्ज करायी थी। आरोपी ने शिकायकर्ता से उसकी जद्दी ज़मीन का इंतकाल करने बदले चार हजार रुपये रिश्वत मांगी थी। इस मामले पर कार्रवाई करते हुये आरोपी को रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ सर्तकता ब्यूरो के थाना अमृतसर रेंज में भृष्टाचार रोक थाम कानून के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को गुरुवार को अदालत में पेश किया जायेगा।

विकास के लिए मिली विधायक निधि कहां लगाई : कुमार

देहरा। हिमाचल प्रदेश के कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने पूर्व निर्दलीय विधायक होशियार सिंह पर तीखे सवाल दागे हैं। उन्होंने पूर्व विधायक से पूछा है कि देहरा के विकास के लिए मिली विधायक निधि कहां खर्च की। जनता जानना चाह रही है कि कहीं होटल और रिजॉर्ट के निर्माण में तो नहीं राशि लगा दी क्योंकि देहरा विधानसभा क्षेत्र में विकास न होने से अनेक सवाल उठ रहे हैं। चारों तरफस्थिति बदहाल है, जिसे देखकर जनता भी तरह-तरह के कयास लगा रही है। साढ़े छह साल में छह करोड़ रुपये से अधिक राशि विधायक निधि के रूप में पूर्व निर्दलीय विधायक को मिली है, होशियार सिंह बताएं कि वह राशि कहां खर्च हुई। कृषि मंत्री ने कहा कि देहरा विधानसभा क्षेत्र में हर तरफ अव्यवस्था का आलम है। विधायक साढ़े छह साल अपने ही काम करवाते रहे, होटल-रिजॉर्ट व अन्य कार्यों को ही सिरे चढ़ाया।

पेयजल प्रदूषण के खिलाफ़ महिला कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

वार्ता ◄ जालंधर
www.dailypioneer.com

महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय समन्वयक डॉ. जसलीन कौर सेठी और पंजाब इकाई की अध्यक्ष गुरशरण कौर रंधावा के नेतृत्व में पंजाब प्रदेश महिला कांग्रेस ने जालंधर पश्चिम क्षेत्र में पेयजल के गंभीर प्रदूषण की समस्या को लेकर जालंधर प्रशासन और राज्य सरकार के खिलाफ़विशाल विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। गुरशरण कौर रंधावा ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में पहली मानसून की बारिश के बाद सीवेज के पानी के मिल जाने के कारण पीने का पानी प्रदूषित हो गया है। इस क्षेत्र में मौसम की शुरुआती बारिश के बाद भी गंभीर जलभराव का सामना करना पड़ा है, जिसमें जल निकासी व्यवस्था ठीक न होने के कारण जालंधर पश्चिम के अधिकांश इलाके घुटनों तक पानी में डूबे हुये हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति काफी चिंताजनक है, क्योंकि इससे मच्छरों का प्रजनन और टाइफाइड जैसी अन्य स्वास्थ्य समस्यायें होती हैं, जो मानसून के मौसम में आम हैं। नगर निगम जोनल कार्यालय तक मार्च करने से पहले बस्ती गुजान पार्क और बस्ती शेख में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी एकत्र हुये। प्रदर्शनकारियों ने तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुये नगर निगम कार्यालय के बाहर प्रतीकात्मक रूप से दूषित पानी के बर्तन फोड़े। रंधावा ने कहा कि स्वच्छ पेयजल एक बुनियादी अधिकार है और जालंधर पश्चिम के निवासियों को इसे उपलब्ध कराने में विफल रहने के लिये प्रशासन की आलोचना की। उन्होंने प्रशासन और आप सरकार की अक्षमता को उजागर किया और कहा कि पंजाब के निवासी अपने बुनियादी मानवाधिकारों के लिये संघर्ष कर रहे हैं।

हाथरस हादसे के लिये सरकार जिम्मेदार : अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि हाथरस में हुए हादसे की घटना में पूरी सरकार और प्रशासन की लापरवाही है। यादव ने जारी बयान में कहा कि सरकार और प्रशासन को पता है कि जब कभी इस तरह के कार्यक्रम होते है, बड़ी संख्या में लोग आते है। सरकार के पास जानकारी थी उसके बावजूद जरूरी इंतजाम नहीं किए गये। लापरवाही की वजह से जो जानें गयी है उसकी जिम्मेदार सरकार है।

जानें बच सकती थी लेकिन सरकार एम्बूलेंस और गाड़ियों की व्यवस्था नहीं कर पायी। जो घायल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे, उन्हें पर्याप्त इलाज नहीं मिला। न दवाएं मिली न ऑक्सीजन मिली। लोगों को बचाने का कोई इंतजाम नहीं था। इस सबके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार दुनिया में विश्व गुरू बन जाने की बात करती है। बड़े-बड़े दावे करती है कि दुनिया में भारत पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गयी, तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं लेकिन सच्चाई यह है कि यह सरकार आपात स्थिति में लोगों को ठीक से इलाज नहीं दे सकती। लोगों को कोई सुविधा नहीं दे सकती। भाजपा सरकार ने पूरा सिस्टम बर्बाद कर दिया है। यह कैसी अर्थव्यवस्था है जहां न अस्पताल है न दवाई है न इलाज और न ऑक्सीजन है। भाजपा सरकार के सभी दावे झूठे है। इस सरकार में झूठ और लूट के अलावा कुछ नहीं है।

कभी इटावा में खुफिया पुलिस आरक्षी पद पर था कथावाचक

एजेंसी ◄ इटावा
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के हाथरस में हादसे के बाद सुर्खियों में आये कथावाचक भोले बाबा उर्फ सूरज पाल जाटव इटावा में स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआईयू) में तैनात रहे है।

पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बुधवार को बताया कि पुलिस दस्तावेजों की जांच से इस बात की पुष्टि हुई है कि आरक्षी 462 सूरज पाल जाटव पुत्र नन्हे राम निवासी बहादुर नगर पोस्ट गंजडुंडवारा थाना पटियाली जिला एटा वर्तमान नाम (काशीराम नगर) का मूल रूप से रहने वाला है। 15 जुलाई 1952 को जन्मे सूरज पाल जाटव की शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल है,जो 14 दिसंबर 1970 को यूपी पुलिस आरक्षी के पद पर भर्ती हुआ है। सूरज पाल का ट्रांसफ र इटावा में एक मई 1994 को हुआ और 12 जुलाई 1997 को वह एलआईयू में स्थानांतरित हो गया। इटावा में अपनी तैनाती के दौरान सूरजपाल के खिलाफकोई आपराधिक मामला दर्ज होना नहीं पाया गया है । हादसे के बाद अब भोले बाबा नारायण साकार हरि उर्फ सूरज पाल जाटव सुर्खियों में आ गया है। बाबा नारायण साकार हरी अभिवाजित एटा जिले से सृजित हुए कांशीरामनगर जिले के पटियाली के गांव बहादुर का मूल रूप से रहने वाला है। साकार विश्व हरि के बारे एक बात सामने आ रही है कि पुलिस सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के बाद नारायण साकार हरि ऊर्फ विश्व हरी बन लोगो की सेवाएं शुरू कर दी पहले बाबा ने छोटे-छोटे आयोजनों में लोगों को अपनी ओर खींचना शुरू किया और जब बाबा ने अपने आप को स्थापित कर लिया तो बड़े आयोजन शुरू कर दिए जिनमें लाखों लोगों ने हिस्सेदारी करना शुरू कर दी।

सरकार कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध : सुक्खू

एजेंसी ◄ शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के कृषि विभाग को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष-2023 के दौरान मिलेट्स के प्रचार-प्रसार में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसापत्र से सम्मानित होने के लिए बधाई दी। प्रदेश के कृषि विभाग को केंद्र सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रशंसापत्र से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और कृषि विभाग ने मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए अनेक नवोन्मेषी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मिलेट्स के पोषक तत्वों और स्वास्थ्य को होने वाले लाभों के बारे में लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ राज्य में बड़े स्तर पर मिलेट्स की पैदावार करने को प्रोत्साहन प्रदान किया। कृषि विभाग के एक प्रवक्ता ने बुधवार को यहां बताया कि वर्ष-2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में नामित किया गया था ताकि मिलेट्स से मिलने वाले पोषण, स्वास्थ्य, पर्यावरणीय स्थिरता और आर्थिक विकास इत्यादि लाभों से लोगों को अवगत करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि वैश्विक खाद्य प्रणाली भूख, कुपोषण, बढ़ती जनसंख्या, सीमित प्राकृतिक संसाधन और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है। इन चुनौतियों का समाधान मिलेट्स के रूप में हो सकता है जो विविध पोषक तत्वों से भरपूर है और न्यूनतम संसाधनों के साथ विभिन्न प्रतिकूल जलवायु में उगाई जा सकती है।उन्होंने कहा कि इस पहल के महत्व को समझते हुए, हिमाचल प्रदेश के कृषि विभाग ने राज्य भर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया ताकि किसानों में मिलेट्स की खेती के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके और उन्हें प्रोत्साहित किया जा सके।

इन गतिविधियों में मिलेट्स आधारित शिविर, मेले, त्योहार और प्रदर्शनियां शामिल थीं, जिनका उद्देश्य किसानों को जागरूक और प्रोत्साहित करना था।

उन्होंने कहा कि विभाग ने आवश्यक तकनीकी इनपुट और बाजार से जोड़कर किसानों को बाजार अधिशेष उत्पादन के लिए प्रेरित किया ताकि वे मिलेट्स की खेती को अपनाएं रखें।

सड़क हादसे में दो मजदूर की मौत

गिरिडीह। झारखंड के गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक सड़क हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई। स्थानीय निवासी सह पूर्व मुखिया संतोष रजक ने घटना के संबंध में बताया कि करम महतो एवं कोकील महतो मजदूर है। मकान ढ़लाई का कार्य कर दोनों स्कूटी पर सवार होकर गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पुरानी जीटी रोड के माहुरी बायपास के पास अज्ञात वाहन ने स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में करम महतो की घटनास्थल पर मौत हो गई। घायल कोकील महतो को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

तेलंगाना में बीआरएस विधायक के खिलाफ नये आपराधिक कानून के तहत मामला दर्ज

वार्ता ◄ हैदराबाद
www.dailypioneer.com

तेलंगाना के हुजूराबाद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधायक पडी कौशिक रेड्डी के खिलाफ नये आपराधिक कानूनों में से भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) अधिनियम के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। विधायक रेड्डी के खिलाफ इस कानून के तहत पहला मामला दर्ज किया गया हैं। जिला परिषद की बैठक के दौरान मंगलवार को रेड्डी के व्यवहार के संबंध में जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी द्वारा शिकायत के बाद मामला दर्ज किया गया। शिकायत में कहा गया है कि जब कलेक्टर पामेला सत्पथी बैठक के बाद बाहर जा रही थीं तो विधायक ने उन्हें रोका और उनका विरोध किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर विधायक के खिलाफ बीएनएस अधिनियम की धारा 221 और 126 (2) के तहत मामला दर्ज किया है। यह घटना बीएनएस अधिनियम लागू होने के ठीक एक दिन बाद हुयी। गौरतलब है कि तीन नए आपराधिक कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारत साक्ष्य अधिनियम सोमवार से लागू किये गये हैं। पूर्व मंत्री और सिद्दीपेट विधायक टी हरीश राव ने सोशल मीडिया एक्स पर रेड्डी के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने पर कड़ी निंदा की। उन्होंने सवाल किया कि क्या रेड्डी का जिला परिषद की बैठक के दौरान सार्वजनिक मुद्दों को उठाना गलत था और उन्होंने असहमति की आवाजों को दबाने के लिए अवैध मामलों के इस्तेमाल की आलोचना की। राव ने कहा कि बीआरएस पार्टी इस तरह की कार्रवाइयों से नहीं डरेगी और लोगों के लिए इस लड़ाई को जारी रखने की शपथ ली।

बस्तर जिला एनएसयूआई ने लोहंडीगुड़ा के छात्र की हत्या के विरोध में किया मुख्यमंत्री व गृहमंत्री का पुतला दहन

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य की उपस्थिति व बस्तर जिला एनएसयूआई शहरी/ग्रामीण के अध्यक्ष विशाल खम्बारी व नीलम कश्यप के नेतृत्व में राजधानी रायपुर में लोहंडीगुड़ा के 21 वर्षिय छात्र मंगल मुरिया की आपराधिक तत्वों द्वारा पीट पीटकर हुए हत्या के विरोध व प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव सांय व गृहमंत्री विजय शर्मा का शहर के एसबीआई चौंक पर पुतला दहन किया गया। शहर कॉंग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा, बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा क्षेत्र के निवासी मंगल मुरिया रायपुर के निजी विश्वविद्यालय में पड़ रहा था और आदिवासी समुदाय से आता है वही प्रदेश के मुख्यमंत्री भी आदिवासी समाज से है एक आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में खुद आदिवासी सुरक्षित नहीं है,अपने माँ बाप का नाम रौशन करने गए मंगल मुरिया का शव भाजपा के राज में घर वापस आएगा तो उसके परिजनों पर क्या बीतेगी इसका भाजपा के मुख्यमंत्री व गृहमंत्री को देना चाहिए, साथ ही प्रदेश के बाकी लोगों की क्या सुरक्षा रहेगी, यह घटना बेहद निंदनीय है जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है। इसी घटना के विरोध में कॉंग्रेस पार्टी व एनएसयूआई छात्र संगठन द्वारा पुतला दहन किया गया है। एनएसयूआई के शहर अध्यक्ष विशाल खम्बारी ने बताया, जब से भाजपा की सरकार बनी है छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन चुका है, अपने भविष्य को रायपुर के एक निजी कॉलेज में पड़ रहे आदिवासी छात्र को लिफ्ट मांगना भारी पड़ गया, सरेआम गाड़ी पर बैठाकर ले जाना और छीना झपटी कर पीट-पीट कर मार दिया गया इससे स्पष्ट है। भाजपा राज में पुलिस निष्क्रिय और निकम्मी बन गई है, प्रदेश की भाजपा सरकार में कानून का नही जंगल राज चल रहा है।जो कि सरकार की नाकामी को दर्शाता है ग्रामीण जिलाध्यक्ष एनएसयूआई नीलम कश्यप ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा,भाजपा सरकार में लगातार बढ़ रही हत्याए, लूटमार, चोरी, अपहरण व मोब्लिंचिंग जैसी घटनाओं का पनपना इस सरकार की लचर कानून व्यवस्था का स्पष्ट परिचायक है, मंगल मुरिया ने सिर्फ अपना पिन नंबर नहीं बताया तो उसे अपराधी क तत्वो ने उसे मार डाला। क्या यही है कानून का राज। जहां पर रास्ता पूछने पर एक कॉलेज के छात्र को मार दिया जाता है क्या यही विष्णु का सुशासन है कुल मिलाकर भाजपा की सरकार अपराधियों को सरंक्षण देने का कार्य कर रही है..सांय की सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद हो चुके है, आदिवासी समाज में इस घटना को लेकर रोष व्याप्त है यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है इस घटना प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था को देखते हुए गृहमंत्री को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए।

भाजयुमो ने राहुल गांधी का पुतला फूंका भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस सांसद राहुल गाँधी द्वारा संसद में हिन्दुओं की आस्था पर चोट पहुंचाने वाले विवादित बयान के विरोध में भाजयुमो ने मंगलवार को स्थानीय गोल बाजार चौराहे में पुतला दहन किया। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव भी शामिल हुये। हिन्दुओ को हिंसक कहे जाने से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और राहुल गाँधी का पुतला फूंक कर विरोध दर्ज कराया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि संसद के पटल में राहुल गाँधी के द्वारा दिये गये बयान की जितनी भी निंदा की जाये, उतनी कम है। उन्होंने जानबूझकर हिन्दू समाज की भावनाओं को आहत किया है। हिन्दू हिंसक है, यह बयान भारत की आत्मा पर वार है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि करोड़ों करोड़ हिन्दुओ की भावनाओं का अनादर कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस और कांग्रेस के शीर्ष नेता हमेशा हिन्दू धर्म और हिन्दुओं का विरोध करते आये है, यह किसी से छिपा नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गाँधी के विवादित बयान का पुरजोर विरोध भारतीय जनता पार्टी करती है। कांग्रेस को अपने ऐसे कृत्य के लिये क्षमा मांगनी चाहिये। भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी ने कहा कि राहुल गाँधी का पुतला दहन कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध जताया है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने भी कड़े शब्दों में निंदा की। पुतला दहन के दौरान पूर्व विधायक सुभाऊ राम कश्यप, संतोष बाफना, पूर्व जिला अध्यक्ष विद्याशरण तिवारी, महापौर सफीरा साहू, श्रीनिवास मिश्रा, श्रीधर ओझा, संजय पाण्डेय, वेदप्रकाश पांड, रजनीश पानीग्राही,नरसिंह राव, आलोक अवस्थी, नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, यशवर्धन राव, दिगंबर राव, संग्राम सिंह राणा, मनीष पारेख, राजपाल कसेर, अतुल कौशल, प्रकाश रावल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुधा मिश्रा, भारती श्रीवास्तव, ममता पोटाई अनिल अग्रवाल, विक्रांत यादव, नरेश पानीग्राही, योगेश शुक्ला, शशिनाथ पाठक, अभय दीक्षित, योगेश ठाकुर, शशि रथ, अनिल लुंक्क ड़, रूपेश जैन, संतोह्यष त्रिपाठी, गणेश काल, विक्रम सिंह यादव, कृष्णा ठाकुर, किरण सेन, रेखा सिंह, रंजीता जोशी, रितेश सोनी, लक्ष्मण झा, पिंटू साव, आशु आचार्य, बलराम बेसरा, कमल पटवा, विनीत शुक्ला, सूर्यभूषण सिंह, विकास पात्रो, मनोज ठाकुर, अभिषेक तिवारी, अविनाश गौतम, अमित कपूर, कृष्णा निषाद, सत्यम झा, विवेक साहू, आलेख राज तिवारी, प्रतीक राव, मनी विक्रम नायडू, अनिमेष चौहान, पृथ्वी सिंह, परेश ताटी, हरीश पारेख, प्रेम यादव, सुभेंद्र भदौरिया, पवन गुप्ता, योगेश पानीग्राही, आशीष मिश्रा, रूपेश समरथ, सुप्रियो मुखर्जी, जितेंद्र गुप्ता, सूरज मिश्रा आदि शामिल रहे।

नगर पालिका चुनाव से पूर्व वार्डों का परिसीमन अंतिम चरण में

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल स्थानीय नगर पालिका चुनाव जो कि इस वर्ष 2024 के अंत तक होगा।जिसकी तैयारी का प्रारंभिक चरण में वार्डों का परिसीमन किया जा रहा है। किरंदुल नगर पालिका की वर्ष 2011 की जनगणना अनुसार 18887 जनसंख्या है और कुल 18 वार्ड हैं जिसके आधार पर प्रत्येक वार्डो का परिसीमन किया जा रहा है जिससे वार्डो की सीमा तय होंगी। दिनांक 8 जुलाई को सीमा निर्धारण का अंतिम दिवस साथ ही दिनांक 9 जुलाई से 15 जुलाई तक आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किया जायेगा जिसकी जानकरी नगर पालिका अधिकारी ने प्रदान किया उप अभियंता टी आर सिन्हा, राजस्व निरीक्षक डी एस साहू, सहायक राजस्व निरीक्षक गौरीशंकर तिवारी, नरेश साहू, मनराखन ठाकुर, सुमंत पटेल आदि कर्मचारी मौजूद रहें।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया गया। पूर्व सैनिकों और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों ने मिलकर विकास नगर स्टेडियम में प्लास्टिक की थैलियां और प्लास्टिक की बोतल इत्यादि वस्तुओं को उठाकर साफ-सफाई किया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के जिलाध्यक्ष सुरज यादव ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि डिस्पोजेबल प्लास्टिक बैग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 3 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया जाता है। प्लास्टिक बैग, जो अपने छोटे जीवनकाल और विघटित होने में कठिनाई के लिए कुख्यात हैं, एक गंभीर पर्यावरणीय चिंता का विषय हैं। वे हमारी भूमि को प्रदूषित करते हैं, हमारे जलमार्गों को अवरुद्ध करते हैं, और समुद्री जीवन के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। प्लास्टिक बैग अपशिष्ट न केवल वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पारिस्थितिक तंत्र को भी बाधित करता है। अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस का प्राथमिक उद्देश्य लोगों को जागरूक कर प्लास्टिक बैग पर अपनी निर्भरता को कम करने के लिए प्रेरित करना है। कदम-कदम से प्लास्टिक हटाये, आओ धरती को स्वर्ग बनाये। प्लास्टिक को धरती से दूर भगाएं, धरती को बंजर होने से बचाए। प्लास्टिक को जड से मिटाना है, पर्यावरण को बचाना है नारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के जिलाध्यक्ष सुरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, पूर्व सैनिक ढालेश साहू और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण लेने वाले 200 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

कलेक्टर और सीईओ ने किया पौधरोपण

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

'एक पेड़ माँ के नाम' थीम पर कलेक्टर विजय दयाराम के. परिवार के साथ अपने शासकीय निवास के परिसर में पौधरोपण किया। इसी प्रकार जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे ने भी अपने निवास में पौधरोपण किया। इस अवसर पर वन विभाग का अमला भी मौजूद रहा। ज्ञात हो कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान का शुभारंम्भ किया है, और देशवासियों के साथ दुनियाभर के लोंगो से आग्रह किया है कि वे अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाये। बस्तर में वन विभाग के सौजन्य से एक पेड़ माँ के नाम थीम पर निःशुल्क पौधों का वितरण किया जा रहा है।बस्तर वनमंडल द्वारा 01 जुलाई से हरियाली प्रसार योजना के तहत भी पौधो का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।

सामाजिक व भावनात्मक शिक्षा पर शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला कार्यालय में जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में यूनिसेफ और छत्तीसगढ़ एग्रीकान समिति के सहयोग से प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों के लिए बच्चों के सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा की समझ बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण दानिश खातून विशेषज्ञ मानसिक स्वास्थ्य के द्वारा दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को सही लक्ष्य चुनने, उसे हासिल करने, दूसरों के प्रति सहानुभूति रखने, समझदारी से स्थिति का उपयोग करने, सकारात्मक संबंध बनाए रखने और जिम्मेदारी से फैसले लेने की महत्वपूर्ण क्षमता विकसित करना था। प्रशिक्षण में बताया गया कि, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा में सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा बच्चों को उनके जीवन में उपयोगी क्षमताओं से अवगत कराती है। इसके पांच मुख्य घटक है आत्म जागरूकता, स्वयं को व्यवस्थित रखना, सामाजिकता, संबंधों की समझ, और सही फैसले लेना। कार्यक्रम में जिले के सभी ब्लॉक के कोर शिक्षकों ने भाग लिया और अपनी समझ को विस्तार दिया। ज्ञात हो कि, जिले के चयनित स्कूलों में पंथक भाग 1 के आधार पर शिक्षकों, पालकों, और बच्चों के स्वस्थ मानसिकता एवं स्वास्थ्य पर जागरूकता अभियान भी चलाया गया है। इस सत्र में बच्चों की भावना की समझ को बढ़ाने और सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों की शिक्षा में समग्र विकास को सुनिश्चित करते हैं, जिससे वे न केवल शैक्षणिक बल्कि सामाजिक और भावनात्मक रूप से भी मजबूत बना सकें।

स्कूल खुलते ही कलेक्टर पहुंचे व्यवस्थाओं का जायजा लेने

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

नये शिक्षा सत्र शुरू होते ही कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने बीजापुर ब्लॉक के आधा दर्जन स्कूलों का औचक निरीक्षण किया और अनुपस्थित शिक्षकों के वेतन कटौती एवं लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आश्रम, छात्रावास तथा स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति, स्कूलों की साफ-सफाई, मध्यान्ह भोजन मीनू चार्ट, टाईम टेबल तथा कक्षाओं के नामकरण का जायजा लिया। शिक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने की दिशा में शिक्षकों की भूमिका प्रभावी हो इसके लिए कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने बीजापुर ब्लॉक के अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास, प्री मेट्रिक बालक छात्रावास, कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय, प्राथमिक शाला दुगोली, माध्यमिक शाला दुगोली, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला तुरनार, जनपद प्राथमिक शाला तुरनार पहुंचकर शैक्षणिक गतिविधियों के साथ भोजन एवं आवासीय व्यवस्था का निरीक्षण किया।

केशकाल में तीन दिवसीय मेडिकल शिविर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव आगमन से आयोजकों में उत्साह

पायनियर संवाददाता ◄ केशकाल
www.dailypioneer.com

केसकाल का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा शासाकीय कन्या हाई स्कूल प्रांगण में 29 .06.2024 से लेकर 01.07.2024 तक चली स्वास्थ्य शिविर में केसकाल विधानसभा क्षेत्र के साथ बाहर के लोगों ने पहुंच कर स्वास्थ्य लाभ लिए। शिविर का समापन में नीलकंठ टेकाम, विधायक केसकाल के उपस्थिति में सफ़लता के साथ शिविर समाप्त हुआ है शिविर के दूसरा दिन 31 जून को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वा जगदलपुर विद्यायक किरण देव का प्रथम बार केसकाल में आगमन हुआ था पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा वा विधायक नीलकंठ टेकाम वा पार्टी कार्यकर्ताओं ने किरण देव जी का जोशिला स्वागत किया गया। मेडिकल शिविर में पहुंचे किरण देव व अन्य अतिथियों का स्वगत डी के बिसेन, बीएमओ सहित जिला के सीएमएचओ आर के सिंह वा अन्य अयोजन समिती द्वारा किया गया है कार्यक्रम का मुख्य अतिथि किरण देव जी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में जन सेवा करने का महत्व पूर्ण काम स्वास्थ्य सेवा है जो देश के अधिकांश लोग विभिन्न रोगों से पीड़ित हैं केसकाल मै आयोजित स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने वाले आयोजको को किरण देव ने मुक्त खंड से प्रशंसा करते हुए केसकाल विधायक नीलकंठ टेकाम वा क्षेत्र वासियों को धन्यवाद वा आभार व्यक्त किया है कार्यक्रम को नीलकंठ टेकाम विधायक केसकाल ने किरण देव जी को केसकाल आगमन पर धन्यवाद ज्ञापित किया है वा कहा कि केसकाल में तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्र से सैकड़ों संखया में लोग पहुंच कर निशुल्क स्वास्थ्य सेवा ले रहे हैं जो मानव सेवा का सबसे महत्व पूर्ण सेवा स्वास्थ्य सेवा बताते हुए शिविर आयोजित किया बीएमओ डॉक्टर वा पुरा स्टाफ को उनके निस्वार्थ सेवा के लिए धन्यवाद व अभार व्यक्त किया है साथ ही शिविर को सफल बनाने के लिए मेरे सभी सहयोगी कार्यकर्त्ता 1 केसकाल नागर के सभी मीडिया कर्मियों के साथ नगरवासियों को भी धयावाद वा आभार व्यक्त किया है।

AMITY UNIVERSITY
CHHATTISGARH

MANTH (KHARORA), State Highway 9, Raipur
Baloda-Bazaar Road, Chhattisgarh – 493225 (Raipur)

Notice Inviting Tenders for Hostel Mess Service

Amity University Chhattisgarh, Raipur invites tenders from reputed and experienced contractors for running the mess service for its hostels. Tender forms can be collected from Accounts office Amity University Kharora, Raipur on payment of Rs 1500/- + GST 18%. The last date for the collection of tender forms is 05/7/2024. For further details & tender documents visit our website www.amity.edu/raipur & Email id: rgupta@rpr.amity.edu

तुरमा में डायरिया के मिले 82 मरीज

लापरवाही बरतने के चलते पटवारी, पीएचई सब इंजीनियर को नोटिस एवं सचिव को किया गया निलंबित

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत तुरमा में डायरिया के 82 मरीज मिले है। डायरिया के बढ़ते मामले को देखते हुए आज कलेक्टर दीपक सोनी ने तुरमा पहुंचकर गांव के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। साथ ही मरीजों से मुलाकात कर स्वास्थ्य शिविर का भी जायजा लिया। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 1 जुलाई को 76 मरीज एवं 2 जुलाई 41 मरीजों का चिन्हांकन किया गया। जिसमें से वर्तमान में 82 एक्टिव मरीज है। उक्त मरीजों में 17 को जिला अस्पताल एवं 16 को सामुदायिक केन्द्र लवन में भर्ती किया गया है। जबकि अन्य मरीज गांव के हाट बाजार क्लीनिक भवन में स्वास्थ्य शिविर में इलाज कराने आ रहे हैं। ग्रामीणों का प्राथमिक इलाज करने के बाद उन्हें वापस घर भेज दिया गया है। इस पूरे मामले में कलेक्टर दीपक सोनी ने गंभीर नाराजगी जताते हुए ग्राम पटवारी तुलसीराम बर्मन, पीएचई सब इंजीनियर के.आर.पैकरा को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही ग्राम के सचिव राजपाल कोसले के अनुपस्थित रहने के चलते उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही विकासखंड चिकित्सा अधिकारी के प्रति भी नाराजगी जताते हुए उनके छुट्टी को निरस्त करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। तुरमा में जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर ने सबसे पहले हाट बाजार क्लीनिक में संचालित स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे। भर्ती मरीजों और स्वास्थ्य कर्मचारियों से बातचीत कर उचित दिशा-निर्देश दिया गया। इसके साथ ही कलेक्टर ने मरीजों एवं उनके परिजनों से भी मुलाकात की। स्वास्थ्य विभाग के स्टाफको स्वास्थ्य व्यवस्था के संबंध में जागरुकता के लिए काम करने को कहा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों को डोर टू डोर जाकर जानकारी लेने के निर्देश दिए गए है। इस दौरान कलेक्टर स्वयं गांव के पानी टंकी पर चढ़कर सफाई संबंधित जायजा लिया। कलेक्टर सोनी ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को पानी की गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट जल्द देने एवं स्वच्छ पानी आमजनों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने गांव में डायरिया के एकाएक अधिक संख्या में मरीज मिलने के कारण को जांच कराने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए है। गांव में सर्वे कर जो व्यक्ति डायरिया बीमारी से प्रभावित हो रहे है, उन्हें तत्काल सुविधा देने कहा गया है। जागरूकता शिविर के माध्यम से आमजनों को मौसमी बीमारियों से बचाव एवं उपचार देने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए है। सोनी ने पीएचई विभाग अधिकारियों को पूरे गांव में ब्लीचिंग पावडर के छिड़काव सहित सभी पेयजल स्त्रोंतों के जांच करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर एसडीएम अमित गुप्ता, सीएचएमओ डॉ.एम.पी.महिश्वर,जनपद सीईओ एम.एल.मंडावी ,डॉ शशि जायसवाल प्रभारी बी एमओ सी एच सी लवन सहित स्वास्थ्य विभाग के पूरी टीम मौजूद रही।

कसडोल भाजपा युवा मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

मंगलवार 2 जुलाई भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नागेश्वर साहू के नेतृत्व में युवाओं ने संसद सत्र के दौरान राहुल गांधी के द्वारा हिन्दुओं को हिंसा करने, झूठ बोलने, नफरत फैलाने के कथित बयान के विरोध में युवा मोर्चा के द्वारा नगर के मुख्य स्थल पुराना नगर पंचायत के पास पुलिस आरक्षको के साथ झुमाझटकी में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया तत्पश्चात नागेश्वर साहू भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष साहू सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के एक सांसद के द्वारा इस तरह की बयान शोभा नहीं देती उसको इस पर माफी मांगनी चाहिए शर्म आनी चाहिए और अंत में पुनेश्वर नाथ मिश्रा ने आज के कार्यक्रम के लिए सभी युवाओं का आभार ज्ञापित किया। उक्त कार्यक्रम में मण्डल मण्डल अध्यक्ष नागेश्वर साहू, पुनेश्वर नाथ मिश्रा अधिवक्ता एवं आरएसएस नगर प्रमुख,भाजयुमो मण्डल उपाध्यक्ष रेशम वर्मा व तेजनाथ पटेल, सोसल मीडिया प्रभारी सुंदर साहू, कमल श्रीवास, राजेंद्र साहू, धर्मेंद्र पैकरा सरपंच बोरसी,भजन यादव, लोमश पाठक, रामा धीवर, लालू साहू, शिव साहू, देवेंद्र यादव, दिलहरण साहू, नंदू धीवर, चंदन वर्मा, अजय श्रीवास, ओमप्रकाश यादव, संजय साहू, खिलेश वैष्णव, प्रदीप पाठक, रवि सेन,गौरीशंकर सेन, हरिशंकर यादव, राजा पाठक, सूर्या धीवर और दिगेश्वर सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन,वन है तो जीवन : कुमारी भास्कर

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शास. उच्च प्राथ. व प्राथ. शाला सिरपुर के प्रागण में आज एक पेड़ मां के नाम कार्य क्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुमारीधनेश्वर भास्कर जनपद पंचायत के नेतुत्व में एक पौधा मां के नाम मां के साथ या मां के स्मरण मे पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद पंचायत के अध्यक्ष कुमारी भास्कर ने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा कि वृक्ष हैं तो कल है वृक्ष हैं तो जल हैं। जल ही जीवन हैं, वन हैं तो जीवन हैं। भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री विश्व के महानायक नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर देश व्यापी व विश्व व्यापी आव्हान कर भारत सहित सारे संसार, समूचे दुनिया को मां के नाम पर एक पौधा रोपण का आग्रह किया। जिसके परिपालन में शास.प्राथमिक शाला सिरपुर तथा उच्च प्राथमिक शाला सिरपुर के प्रांगण में जामुन, करौंदा, कटहल, आंवला, बेल, निंबू, आम आदि फलदार एवं छायादार पौधों का पौधा रोपण किया गया, वृक्षा रोपण किया गया।शाला परिसर में अतिथियों के आगमन पर विद्यार्थियों एवं शाला परिवार के द्वारा आकाश भर सादर अभिनन्दन किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी एवम विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक सतीश स्वरूप पटेल का सारगर्भित कथन पौधा रोपण पश्चात वृक्ष बनते तक पौधों की देखभाल एवम सुरक्षा की विषेश जरुरत है। सुरक्षा व देख भाल से ही पौधे पेड़ बनेंगे,वृक्ष बनेंगे।वृक्ष छाव व हवा देते हैं, फल मूल जड़ी बूटी कंद मूल और जलाऊ लकड़ी व इमारती लकड़ी वृक्ष से प्राप्त होते हैं।वृक्ष मिट्टी व जल को शुद्ध करते हैं। कार्यक्रम में धनेश्वर भास्कर, शारदा नरेश तिवारी, उपेन्द्र साहू, सिमरन सलूजा, केशव साहू, प्रमोद भोई, सूरज नायक, पिंटू साहू, दयानिधि जाल, पवित्र कुमार सिदार, धरणी धर पटेल, देवानंद पटेल, राजाराम पटेल, गिरिजा नन्द पटेल, सुन्दर सिंह कश्यप, पंचानन साहू, हेमलता निराला, अजीत भोई एवं तोषराम यादव का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश प्रवक्ता एवम शास.प्राथमिक शाला सिरपुर के प्रधान पाठक राजा राम पटेल ने किया।

नए कानून से लोगों को जल्दी न्याय मिलने में आसानी होगी : चंदूलाल साहू

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

1 जुलाई से तीन नया कानून लागू होने पर पूर्व सांसद चंदूलाल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा बनाया गया नया कानून दंड के बजाय न्याय पर केंद्रित है। जो 1 जुलाई से लागू हो रही है। तीनो पुराने कानून भारतीय दंड संहिता, भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, गुलामी की दास्तां कह रही थी, इसके स्थान पर अब नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो रही है जिसका हम स्वागत करते है। ये सब नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में ही संभव हो पाया है। इसके लिए मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूं। श्री साहू ने आगे कहा कि नए कानून में पहली बार आतंकवाद को परिभाषित किया गया और राज द्रोह की जगह देश द्रोह अपराध बना है, मॉब लिंचिंग मामले में कठोर सजा का प्रवधान किया गया है तथा आपराधिक कानूनों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए एफआईआर से लेकर फैसले तक को समयसीमा में बांधा गया है। साथ ही आधुनिक तकनीक का भरपूर इस्तेमाल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को कानून का हिस्सा बनाने से मुकदमों का जल्दी निपटारे का रास्ता आसान होगा और अब मुकदमें में तारीख पे तारीख की शिकायत नही रहेगी। आपराधिक मुकदमे की शुरुवात एफआईआर से होती है और उसे अदालत तक पहुचाना सुनिश्चित किया गया है। आजादी के अमृतकाल में प्रधानमंत्री मोदी जी के पंचप्रण में से एक प्रण गुलामी के हर अंश से मुक्ति का था जिसे नए कानून लागू होने से चरितार्थ हो रहा है।

शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश साहू

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत टोनाटार शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्रीय जनपद सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर जनपद सदस्य चन्द्र प्रकाश साहू ने बच्चो को अपने उद्बोधन में कहा, हम सबके लिए आज यह अनमोल संवाद का समय है जब हम नयी यात्रा की शुरुआत कर रहे हैं - एक नई शिक्षा की दिशा में, नए सपनों की उचाइयों की ओर अग्रसर होने की. आज हमारा यह प्रवेश उत्सव एक ऐसी मार्गदर्शक यात्रा की शुरुआत है, जो हमें नये ज्ञान के संसार में प्रवेश करवा रही है. देवकुमार ध्रुव, घनश्याम ध्रुव,धनीराम ध्रुव,प्रधान पाठक गायत्री कुर्रे जी, एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

कृषक विद्यालय में मनाया शाला प्रवेश उत्सव , मीठा खिलाकर किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

फुलझर सेवा समिति द्वारा संचालित कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया , सर्वप्रथम मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर एवम छात्रो द्वारा वंदना कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। विद्यालय प्रांगण में स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा फुलझर सेवा समिति के संस्थापक पंडित जयदेव सतपथी की प्रतिमा में शाला विकास समिति के अध्यक्ष कृपा सिंधु पटेल ,सदस्य परीक्षित पटेल, शिवचरण चौधरी पालक विजय कुमार साहू ,प्राचार्य साखीराम पटेल ,शिक्षक गण पुष्पा नायक, सोमेश्वर प्रसाद नायक, सुशील सतपथी, सुनीता नायक, सी के पटेल, एल एम पटेल जे जे पटेल, जी एस पटेल , रितेश पटेल, सहायक ग्रेड 3 सेत कुमार यादव, कर्मचारी अनंत राम पटेल, किशन बाघ , वेद प्रकाश नायक एवं छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्पअर्पित कर तथा सतपथी के नाम का जय घोष कर किया गया। इस अवसर पर नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को , तिलक लगाकर एवम मीठा खिलाकर स्वागत किया तथा पुस्तक, कलम भेट किया गया।

जिले की प्राथमिक शालाओं में आयोजित किया गया अंगना मे शिक्षा कार्यक्रम

कलेक्टर, सीईओ, पुलिस अधीक्षक, डीएफओ सहित अन्य अधिकारी हुई शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

बच्चों में शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिए सुघ्घर पढ़वईया कार्यक्रम के तहत अंगना में शिक्षा का आयोजन जिले की170 प्राथमिक स्कूलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव प्राथमिक शाला मुजगहन, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय प्राथमिक शाला शंकरदाह, डीएफओ जाधव कृष्ण प्राथमिक शाला रूद्री पहुंचे। इसके अलावा जिले की अन्य प्राथमिक शालाओं में अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपनी सहभागिता निभायी।इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चे नीले रंग के गणवेश में काफी उत्साहित दिखे।इसका जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय प्राथमिक शाला क्रमांक-1 में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर नम्रता गांधी ने माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को खेल-खेल में सीखने का यह प्रयास सराहनीय है और यह प्रयास और भी विशेष हो जाता है जब मातायें इसमें शामिल होती है। मां बच्चें की पहली गुरू होती है, माताओं के छोटे-छोटे प्रयासों से बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। हर माता चाहती है कि उनका बच्चा आगे बढ़े, पढ़ाने का तनाव न ले। खेलकूद, कला भी शिक्षा का अंश है। अगर परिवार के सदस्य मिलकर बच्चों को छोटी-छोटी चीजें सीखाये तो घर में पढ़ाई का माहौल बनता है, जिससे बच्चे का बौद्धिक विकास होता है। इस दौरान कलेक्टर गांधी ने बच्चों को रोचक तरीकों से ज्ञानवर्धक गतिविधियों से रूबरू कराने बनाये गये स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों को शारीरिक विकास अंतर्गत संतुलन बनाकर चलना, कूदना, पेपर फोल्डिंग, बौद्धिक विकास अंतर्गत रंग पहचानना, वर्गीकरण, क्रम से लगाना, भाषा विकास के तहत् चित्र वाचन, पढ़ना, गणित पूर्व तैयारी के लिए आकार पहचानना, गिनना, अंक पहचानना और जोड़-घटना के बारे में खेल-खेल में सीखया गया। साथ ही बच्चों के शारीरिक विकास अंतर्गत रंग भरना, लिखना, और भाव पहचानने के बारे में बताया गया। इस अवसर पर पार्षद राजेश ठाकुर ने भी कार्यक्रम को भी संबोधित किया। अंगना में शिक्षा कार्यक्रम की एसआरजी प्रीति शांडिल्य, डीआरजी अनुसुईया सिन्हा, माया खत्री को कलेक्टर ने प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली शिक्षिका रूपल चंदेल, अनुराधा सोरी और प्रिया कामड़े को को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित वहीं स्मार्ट माता के रूप में मिथला रजक, महेश्वरी जोशी और शीलू बंजारे को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर माताओं ने अंगना में पढ़ाई कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों को सीखायी जाने वाली बातों से बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास पर पड़ने वाले प्रभावों को भी साझा किया। गौरतलब है कि प्रदेश में माताओं को जोड़कर बच्चों को घर पर ही सीखने में सहयोग देने के लिए अंगना में शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम में बीईओ अमित तिवारी, प्राचार्य बीना मैथ्यू, एपीसी एनके साहू, के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक एवं शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित थे।

स्कूल जतन योजना से जिले के स्कूल भवनों का हो रहा कायाकल्प

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार बच्चों को पढ़ाई का बेहतर माहौल प्रदान करने एवं सर्वसुविधायुक्त अधोसंरचना विकसित करने के उद्देय से स्कूल जतन योजना के तहत जिले के स्कूलों का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य लगातार जारी है। योजना अंतर्गत जिले में 536 कार्य पूर्ण हो चुके है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार स्कूल भवनों के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के कार्य तेजी से जारी है। उन्होंने बचे हुए कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये है। स्कूल जतन योजना अंतर्गत स्कूल भवनों के मरम्मत, जीर्णोद्धार एवं रंगाई-पुताई से बच्चों को पढ़ाई का बेहतर माहौल मिल रहा है। नए शिक्षा सत्र में बिल्कुल नए कलेवर में अपना पुराना स्कूल देखकर बच्चे खुश हैं। अच्छा वातावरण निश्चित रूप से विद्यार्थियों के मानसिक दबाव को कम करते हुए अच्छी शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करता है। स्कूल जतन योजना अंतर्गत आवश्यकतानुसार स्कूलों में छतों को सुधारने का काम, पॉलिश, दीवारों में रंगरोगन, शौचालयों की मरम्मत, कक्षाओं में टाइल्स के साथ-साथ आकर्षक साज-सज्जा एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इससे स्कूल भवन देखने में काफी आकर्षक लग रहे है। जिले के जिन स्कूलों में मरम्मत का कार्य पूरा हो गया है। वे बिल्कुल नये स्वरूप में नजर आ रहे है। इन स्कूल के बच्चों को बेहतर परिवेश में पढ़ने की सुविधा मिल रही है। ग्रामीण एवं बच्चों के माता-पिता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहते हैं कि इस योजना से बच्चों को बेहतर स्कूल भवन मिलेगा और वे अच्छे से पढ़ाई कर पाएंगे।

भारी से अति भारी बारिश का संकेत

जानिए येलो, ऑरेंज और रेड अलर्ट का मतलब

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

सक्रिय है मानसून। सतर्क है भारतीय मौसम विज्ञान विभाग। पल-पल बदलते रूप को देखते हुए वह अलर्ट भी जारी कर रहा है। ऐसे में यह जानना जरूरी होगा कि येलो, ऑरेंज और रेड अलर्ट का मतलब क्या होता है? ऐसा इसलिए क्योंकि जानकारी के बाद जरूरी सुरक्षागत उपायों का किया जाना आसान होगा।

शुरू हो चुके जुलाई माह के लिए भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब और महाराष्ट्र के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है जबकि शेष राज्यों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान विभाग कुछ जगहों के लिए येलो, तो कुछ जगह के लिए ऑरेंज के साथ-साथ रेड अलर्ट भी जारी करता है। क्या आपको मालूम है कि मौसम विभाग किस परिस्थिति में, कौन सा अलर्ट जारी करता है ? आईए जानते हैं कि यह अलर्ट कब और क्यों जारी किए जाते हैं ?

इसलिए येलो अलर्ट

खराब है मौसम। यह बताने के लिए भारतीय मौसम विज्ञान विभाग येलो अलर्ट जारी करता है। येलो अलर्ट का मतलब होता है कि मौजूदा स्थिति में खतरा तो नहीं है लेकिन कभी भी मौसम की प्रतिकूल स्थिति सामने आ सकती है। इसलिए तैयार और सतर्क रहें। सतर्कता वांछनीय है। यह अलर्ट 24 घंटे में 64.5 मिमी से 115.5 मिमी की बारिश की संभावना व्यक्त करता है। जो अगले एक या दो घंटे तक बना रह सकता है।

ऑरेंज अलर्ट मतलब भारी बारिश

मौसम खराब हो चुका है। बाहर जाने से बचें क्योंकि वायु वेग चक्रवात में बदल चुका है। इसकी गति 65 से 75 किलोमीटर प्रति घंटा होती है। अधिकतम बारिश 24 घंटे में 115.6 से 204.4 मिलीमीटर होने की संभावना है। यह अलर्ट प्रभावित क्षेत्र में बाढ़ की भी आशंका को स्पष्ट करता है। आवश्यक होने पर अतिरिक्त सावधानी और सुरक्षा उपाय के साथ निकलें।

रेड अलर्ट यानी अति भारी बारिश

बेहद गंभीर और मौसम बहुत ज्यादा खराब होने की आशंका पर रेड अलर्ट जारी किया जाता है। 24 घंटे में 204.5 मिमी से ज्यादा बारिश प्रभावित क्षेत्र की नदियों में भीषण बाढ़ ला सकती है। खतरनाक स्थिति का सूचक रेड अलर्ट, धन-जन के लिए बेतरह नुकसान का संकेत देता है। इसलिए सतर्क और सावधान रहें। जारी नियमों का परिपालन करने की सलाह भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने जारी की है।

यह सावधानी आवश्यक

अलर्ट जारी होने की स्थिति में सबसे पहले अपने घर पहुंचें। आगे की स्थितियों के लिए विभिन्न संचार माध्यम के जरिए जानकारी लेते रहें। बिजली उपकरण और गैस कनेक्शन का उपयोग कम से कम करें। दरवाजे खिड़कियां बंद रखें और फर्स्ट एड बॉक्स नजदीक रखें। यह उपाय मानव और मवेशियों, दोनों के लिए करना होगा।

येलो अलर्ट का प्रभाव सीमित दायरे में होता है जबकि ऑरेंज और रेड अलर्ट भारी और अति भारी बारिश जैसी स्थिति को परिभाषित करते हैं। अलर्ट की तीनों स्थितियों में सावधानी आवश्यक है।

- डॉ एस आर पटेल, रिटायर्ड साइंटिस्ट, एग्रोनॉमी, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर

सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग के प्रति सरकार की उदासीनता छत्तीसगढ़ अर्थवयवस्था की बदहाली का सबसे बड़ा कारण : आम आदमी पार्टी

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

आप जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर ने छ ग सरकार एवं सीएसआईडीसी को उद्योग विरोधी बताया उन्होंने सरकार को आड़े हाथों लेते कहा सुक्ष्म, लघु, और मध्यम उद्योग यानी (एम एस एम ई) को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है समय समय पर दुनियाभर मे विपरीत स्तिथि के दौर मे भी भारत मे स्थितियां नियंत्रण मे रही देश गंभीर आर्थिक संकट मे नहीं घिरा इसका कारण हमारे सुक्ष्म, लघु, और मध्यम उद्योग रहे है। देश को हमेशा गंभीर आर्थिक संकट से बचाने वाला सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग आज खुद संकट मे है और सरकार उचित कदम उठाने के बजाय उनकी बदहाली का कारण बन रही है। सरकार ने 2023 मे संसद मे यह जानकारी दीं की बीते तीन सालो के दौरान करीब बीस हज़ार सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग या तो बंद हो गए है या उनका काम बंद हो गया है अकेले अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक तेरह हज़ार दो सौ नब्बे एमएसएमई बंद हो गए एक साल मे इतने बड़े पैमाने पर छोटी औद्योगिक इकाइयों का बंद होना बहुत बड़ी चिंता का विषय है। छत्तीसगढ़ ऐसे गिने चुने राज्य मे आता है जहाँ उद्योग की अपार संभावना है खनिज सम्पदा से भरा, पावर हब एवं उद्योग के लिए अवश्य सभी मानक पर खरा उतरता है हमारा छत्तीसगढ़ इसके बावजूद आवश्यक कदम उठाने की बजाय इस विपरीत स्तिथि मे छत्तीसगढ़ मे जोउद्यमी उद्योग उत्तपादान चालू करने के लिए संघर्ष कर रहे है उन्हें छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अंतर्गत आने वाली छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमि. के अधिकारी भू-निरस्तीकरण का आदेश भेज रहे है उनकी मदद करना तो दूर उनको मानसिक प्रताड़ना दे रहे है नोट बंदी, कोरोना महामारी की आर्थिक और मानसिक मार के बावजूद अपनी हिम्मत जुटकर आवंटित भूखंड मे अपनी खून पसीने की कमाई का पैसा लगाकर अपने उद्योग का लगभग 30-90त्न तक का काम पूरा कर उत्पादन चालू करने या जल्द चालू करने की स्तिथि मे पहुंच चुके अनुभवहिन् उधमी का भविष्य एवं निवेश अंधकार मे पहुंच गया है रोज़गार देनेवाले खुद बहुत ज्यादा आर्थिक और मानसिक पीड़ा से गुजर रहे है और यह भी प्रमाणित करता है की सरकार की अवहेलना इतने भारी संख्या मे औद्योगिक इकाई के बंद होने का बड़ा कारण है।

पेंशन प्रकरण पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें अधिकारी : कलेक्टर चौधरी

आपदा प्रबंधन की विभागीय प्रशिक्षण के साथ मुस्तैद रहे अधिकारी

- **स्वच्छता सर्वेक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए, आयुष्मान कार्ड बनाने डोर-टू-डोर अभियान चलाये, राजीव युवा मितान क्लब के लिए उपलब्ध राशि का यु.सी./सी.सी. उपलब्ध करायें, कलेक्टर ने की समय-सीमा लंबित प्रकरणों की समीक्ष**

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि जिले में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का पेंशन प्रकरण सेवानिवृत्ति तिथि के पूर्व निराकृत कर लिया जाए ताकि अधिकारी-कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के पश्चात् पेंशन का लाभ मिल सकें। उन्होंने अपडेशन हेतु लंबित प्रकरण व कोषालय द्वारा ली गई आपत्ति संबंधी प्रकरणों की जानकारी ली। साथ ही आहरण संवितरण अधिकारियों को कार्यालयीन संबंधित दस्तावेज सेवा पुस्तिका आदि अपडेट कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर सुचौधरी ने अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि पी.जी.एन./ सारथी एप/ कलेक्टर जनचौपाल एवं जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने फाइट द बाइट के तहत मच्छर उन्मूलन हेतु नगरीय निकायों में स्वच्छता अभियान पर जोर देते हुए प्रत्येक रविवार को निकायों में सफाई अभियान चलाने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अभियान में जनप्रतिनिधियों और आमजनता की सहभागिता सुनिश्चित करने कहा। वहीं जल संचयन के लिए शासकीय भवन, शासकीय सामुदायिक भवन के साथ ही निजी भवनों में भी रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने के साथ तालाब, कुओं एवं नहर-नालियों की सफाई के निर्देश दिये। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए नगरीय निकायों के साथ गांवों पर भी फोकस करने कहा। उन्होंने आयुष्मान कार्ड की अद्यतन जानकारी ली। साथ ही नगरीय निकायों में डोर-टू-डोर अभियान चलाकर परिवार के प्रत्येक सदस्य का आयुष्मान कार्ड बनाने तथा वितरण में प्रगति लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर सुचौधरी ने कहा कि राजीव युवा मितान क्लब के अंतर्गत उपलब्ध कराये गये राशि के यू.सी./सी.सी. उपलब्ध कराने के साथ ही खाते में जमा राशि तत्काल वापस करने संबंधित नगरीय निकाय, अनुभाग एवं जनपद के अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण आदि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसी आपदा से होने वाले संभावित क्षति को कम करने के लिए आपदा से पूर्व, आपदा के समय एवं आपदा के बाद किये जाने वाले सुरक्षात्मक प्रयास, आर्थिक सहायता, पुनर्वास व्यवस्था, चिकित्सकीय सहायता हेतु नगरीय निकाय के अधिकारी, जनपद सीईओ एवं अनुविभाग अधिकारी राजस्व सहित टेक्निकल विभाग से संबंधित अधिकारी तत्पर रहें। उन्होंने अवगत कराया कि आने दिनों में जिले के प्रभारी सचिव समीक्षा बैठक लेंगे। अधिकारी विभाग द्वारा संचालित केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में अपडेट जानकारी रखना सुनिश्चित करें। बैठक में अवगत कराया गया कि आगामी 13 जुलाई को आयोजित लोक अदालत में सभी विभाग निराकृत प्रकरणों की जानकारी देना सुनिश्चित करेंगे।

भिलाई निगम क्षेत्र में वन महोत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र को हरा-भरा रखने के लिए 1 से 7 जुलाई तक विशेष वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पर्यावरण प्रेमियों, सामाजिक एवं अध्यात्मिकसंगठनों, जनप्रतिनिधियों, औद्योगिक चेम्बर ऑफ कार्मस के सदस्यो के सहयोग से विभिन्न क्षेत्रो में वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत संजय नगर तालाब, नेहरू नगर समता उद्यान के समीप, कोहका भेलवा तालाब, स्मृति नगर नहर किनारे, शांति नगर, प्रियदर्शिनी परिसर पूर्व व पश्चिम के उद्यानों, कुरूद ढॉचा भवन तालाब के किनारे, कुरूद शीतला तालाब एवं शहर के अन्य विभिन्न स्थलों पर वृक्षोरापण किया जा रहा है। बीएसपी क्षेत्र में खुर्सीपार बी.एस.पी. कन्या शाला, सेक्टर 1 अम्बेडकर उद्यान, सेक्टर 4, सेक्टर 10 सड़क 33 आदि क्षेत्रो में भी पेड़ लगाए जा रहे है। इस अभियान में विभिन्न शासकीय संस्थाओ, स्कूलो, आंगनबाड़ी केन्द्रो, कालोनियों, अस्पताल परिसर, विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों, गौठानो, तालाबों, रोड़ किनारे, उद्यानों, नहर किनारे एवं व्यवसायिक क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई का प्रयास है कि देशी वृक्ष मुख्य रूप से नीम, करंज, अमलताश, पुत्रजीवा, गुलमोहर, पेल्ट्राफार्म, बादाम, कचनार, जामुन, मौलश्री जैसे महत्वूपर्ण पौधे ही रोपित किये जा रहे है। ये पौधे भौगोलिक वातावरण के रूप से हमारे शहर, प्रदेश एवं मानव जीवन के अनुकुल हैं। ये सब वृक्ष आसानी से बढ़ जाते है। निगम भिलाई के साथ वृक्षारोपण करने वाली सहयोगी संस्थाएं परमार्थी संस्था, आर्टकॉम, पर्यावरण मित्र मण्डल, सर्व धर्म सेवा संस्था, ऑक्सीजोन, नई पहल, शपथ फाउन्डेशन आदि का मिल के काम कर रही है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर क्षेत्र को हरा भरा रखने एवं जल संरक्षण हेतु पुराने कुंओ को पुनः जीवित करने एवं नये कुओ का निर्माण करने पर विशेष बल दिया है। महापौर नीरज पाल ने कहां है कि कि अभी समय है, सही समय है वन महोत्सव में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का। इन पेड़ो से जीवन खुशहालमय होगा।

पेड़ पौधो से रोटी, कपड़ा और मकान सभी की आपूर्ति होती है, जो हमारे एवं आने वाली पीढ़ि के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू को निर्देशित किये है कि सभी संगठनो से समन्वय बनारक वृक्षो को लगाना है और बचाना है। लगाये गये पेड़ जीवित है कि नहीं इसका भी हिसाब होगा।

शाला प्रवेश उत्सव में दुर्ग ग्रामीण विधायक ने दी भवन की सौगात, महापौर की निधि से बनेगा स्कूल में स्टैंड

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com

शिवपारा स्टेशन मरोदा में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने 7 लाख 63 हजार से शा. उच्चतर मा. विद्यालय में बने अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया। वही महापौर शशि सिन्हा ने अपने निधि से परिसर में साइकिल स्टैंड बनाने की घोषणा की। वे स्कूल के शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में पहुंचे थे। स्कूली बच्चों व पालाकों को संबोधित करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि जो अभाव में रहता है वह सीखता है। प्रदेश की सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर करने का प्रयास कर रही है। प्रदेश के मुख्या विष्णु देव साय ने कलेक्टर को अच्छी शिक्षा के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने कहा है। उन्होंने नगर पालिक निगम के अधिकारियों को आवश्यकता अनुसार स्कूल के विकास के लिए स्टीमेंट तैयार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा ने नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत किया। साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सभापति केशव बंछोर, एमआईसी सनीर साहू, सीमा साहू, पार्षद गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, धर्मेन्द्र भगत, मनीष यादव, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, जमुना ठाकुर, विलास बोरकर, टिकम साहू, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, महामंत्री राजू जंघेल, दशरथ साहू, रंजन सिन्हा आदि उपस्थित थे।

महापौर निधि से बनेगा स्टैण्ड- शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में महापौर शशि सिन्हा ने अपने निधि से परिसर में स्टैण्ड बनाने की घोषणा की। इसके लिए 10 लाख रूपए आरक्षित की है। दरअसल स्कूल प्रबंधन ने मांग की थी स्कूल पुराना है। स्टैण्ड में स्टाप और छात्र-छात्राएं वाहन साइकिल रखते है। वर्तमान में साइकिल स्टैण्ड क्षतिग्रस्त हो चुका है।

आजीविका गतिविधि से जुड़े महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की प्रशासनिक पहल

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले में आजीविका गतिविधि करने वाले परिवार एवं ऐसे परिवार जिसे पहले से ही कृषि/गैर कृषि गतिविधि के अंतर्गत कवर किया गया हो तथा एसएचजी की सभी आर्थिक एवं सामाजिक श्रेणियों को समान अवसर देते हुए लखपति दीदी बनाने प्रशासनिक पहल की जाएगी। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में लखपति दीदियों की पहचान एवं कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर सुचौधरी ने कहा कि जिले में आजीविका गतिविधि से जुड़े हितग्राही महिलाओं को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाना है। इन महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में विभागों को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी जनपद सी.ई.ओ. को जनपद की विभागीय बैठक में कार्ययोजना से अवगत कराने के निर्देश दिये। जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन ने प्रस्तावित कार्ययोजना से अवगत कराया कि संभावित लखपति दीदियों के लिए प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और एक्सपोजर विजिट के अवसरों की पहचान करना। एसएचजी परिवारों द्वारा नियोजित आजीविका गतिविधियों के प्रकार को एकत्रित करना और समर्थन के लिए वस्तु/उत्पाद/सेवा कलस्टर तैयार करने के लिए ब्लॉक का समर्थन करना। संपत्ति, कौशल, प्रशिक्षण, वित्त और बाजार पहुंच से संबंधित मांगों को प्रदाय करना। आजीविका गतिविधियों के चयन में एसएचजी दीदियों को सहायता प्रदान करना। उन्होंने बताया कि कार्ययोजना के तहत पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग की विभागीय योजनाओं से हितग्राही महिलाओं को जोड़कर एवं फाइनेंशियल विभाग की गतिविधियों से हितग्राहियों महिलाओं को लाभान्वित किया जाएगा।

आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम क्षेत्र सीमा अंतर्गत शासन की मंशानुरूप शहर की शहर व्यवस्था सुचारू रूप से और भी बेहतर ढंग से चले एवं बारिश में पानी भरान व अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो यह सुनिश्चित करने नगर निगम द्वारा बरसात के पूर्व शहर के बड़ो एवं प्रमुख नालों एवं पानी भरान स्थल की सफाई युद्ध स्तर पर कराई गयी है और वर्तमान में लगातार सफाई जारी है। नाला सफाई कार्य जायजा के तहत सुबह आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने वार्ड क्रमांक 41 केलाबाड़ी में भ्रमण कर चल रहे सुराना कालेज के करीब नाला सफाई कार्य का जायजा लिया और पानी भरान क्षेत्रों में साफ - सफाई कर पानी निस्तारी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये, ताकि बारिश का पानी वार्डो में न भरे।निकासी का साधन बनाया जाये। आयुक्त चंद्रकार ने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली व कुणाल, राहुल एवं अमला के संग सफाई व्यवस्था को लेकर बारिश में सफाई कार्य दुरूस्त करने के निर्देश दिये उन्होंने कहा कि पूर्व में शहर के प्रमुख नालाओं की सफाई की गयी और वर्तमान में भी नाली नालों की सफाई की जा रही है किन्तु बारिश प्रारंभ हो गयी है, जिसे ध्यान में रखते हुये निगम सीमाक्षेत्र के सम्पूर्ण नाला एवं नालियों की सफाई किया जाये, ताकि पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि गढ्डों में पानी भरान वाले जगह 7 से कच्ची नाली खोदकर पानी निकासी का साधन बनाया जाये।

भिलाई-चरौदा निगम द्वारा लगाया जाएगा जन समस्या निवारण शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई-3
www.dailypioneer.com

दुर्ग कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी से प्राप्त निर्देशानुसार नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा प्रशासन द्वारा जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में निगम कमिश्नर डी.एस. राजपूत के द्वारा आदेश जारी कर अधिकारी-कर्मचारियों को दायित्व प्रदान किये गये है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन एवं जन शिकायत निवारण विभाग से प्राप्त आदेशानुसार यह कार्यवाही की जा रही है। जिसका उदेश्य नागरिको के बीच पहुंच कर उनकी समस्याओं का नियमानुसार निराकरण किया जाना है। इसी क्रम में निगम क्षेत्र में आगामी 10-7-2024 से प्रारंभ कर दिनांक 27-12-2024 तक कुल 12 जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में शासन की लोक कल्याण की योजनाओं, राजस्व, महिला बाल विकास, खाद्य, विद्युत, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। प्रथम शिविर दिनांक 10-07-2024 को सामुदायिक भवन सोमनी, द्वितीय शिविर दिनांक 24-07-2024 को सामुदायिक भवन चरौदा काली मंदिर के पास, तृतीय शिविर दिनांक 07-08-2024 को बाजार चौक भिलाई-03 में मंच के पास आयोजित किया जायेगा। दिनांक 28-08-2024 को चौथे शिविर का आयोजन सांस्कृतिक भवन उमदा, पांचवा शिविर दिनांक 04-09-2024 को डबरापारा मंच, छटवां शिविर दिनांक 25-09-2024 को सांस्कृतिक भवन मंच बाजार चौक देवबलोदा में आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार मंगल भवन भिलाई-03 में सातवां शिविर 04-10-2024 को, दुर्गा मंच आजाद चौक भिलाई-03 में 24-10-2024 को आठवां शिविर, सांस्कृतिक मंच गांधी चौक हथखोज में दिनांक 06-11-2024 को नौवा शिविर का आयोजन निर्धारित किया गया है।

महापौर आयुक्त ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उज्जवल व सुखद भविष्य की कामना की

- सेवानिवृत्त होने पर 06 कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम में पदस्थ 06 कर्मचारी आज अपनी आधिवर्षिक आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। आयुक्त के कक्ष मे आयोजित बिदाई समारोह कार्यक्रम में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने सेवानिर्वित्त कर्मचारी व्याख्याता निशात अहमद, सहायक अधीक्षक राजेन्द्र साहू,सहायक ग्रेड 2 गणेशी यादव, स्वच्छता निरीक्षक राजू सिंह राजपूत, भृत्य मरियम बी, सफाई कामगार माथाबाई को पुष्पगुच्छ, शाल श्रीफल,मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।नगर निगम महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने सभी 06 सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उज्वल व सुखद भविष्य की कामना के साथ बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस समय कार्यपालन अभियंता दिनेश कुमार नेताम, सहायक अभियंता जितेंद्र समैया, आरके बोरकर,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,उपअभियंता पंकज साहू,नगर निगम स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री अनिल सिंह,सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर, बाजार अधिकारी ईश्वर वर्मा, हेमलता वर्मा सहित अधिकारी/कर्मचारी की मौजूदगी में प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट करते हुए उनके द्वारा किए गये कार्यो की सराहना की। वहीं नगर निगम के अधिकारियों/कर्मचारियो ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पुष्प भेंट की।सेवा निवृत्त होने पर कर्मचारियों ने अपने अनुभवों को साझा किए।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि अपने जीवन का आधा समय आपने निगम प्रशासन को दिया है,आने वाला समय आपका और भी बेहतर हो,निगम परिवार ऐसी कामना करता है,सेवानिवृत्त के बाद कभी भी कोई परेशानी होने पर निगम परिवार सदैव साथ होने का भरोसा उन्हें दिलाया गया, महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है जिसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किए।

आई.एच.एस.डी.पी. आवास जवाहर नगर 3/31 का आबंटन किया गया निरस्त

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत आई. एच.एस. डी.पी. आवास योजनांतर्गत जवाहर नगर में आवास क्रं. 3/31 आबंटन किया गया है। जो कि आबंटित आवास स्वयं के उपयोग के लिए आबंटन किया जाता है। किन्तु दुर्गेश चैहान/रमेश चैहान द्वारा आवास पर स्वयं निवास न कर अन्य व्यक्ति संगीता साव को किरायेदारी के रूप में दिया गया था। आवास के संरचना में परिवर्तन कर दिवार को तोड़कर दरवाजा खोला गया है। जोकि आवास आबंटन का ईकरारनामा/पटटा विलेख कि कंडिका क्रमांक 3 एवं 7 अनुसार आबंटिती हर समय पर अपना आवास अच्छी हालत में बनाये रखेगें। भवन में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जावेगा। आबंटित आवास स्वयं के आवासीय उपयोगार्थ ही होगा। उन्हें किसी अन्य को देने अथवा आवास किराए में देने, विक्रय , दान में देने अथवा किसी भी रीति से अन्य परिवर्तन करने का अधिकारी नहीं नहीं रहता है। सभी नियमों का स्पष्ट उल्लेख उल्लेख करके लिखित में दिया गया है । इसका उल्लंघन किसी भी आवंटिती को नहीं करना है। इस प्रकार के नियमों का उल्लंघन कर गलत उपयोग करने वालों मकान धारी का मकान का आवंटन कलेक्टर द्वारा जिला चयन समिति की बैठक 20.02.2024 को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। उक्त बैठक में आवास आबंटन निरस्त कर दिया गया है। आबंटनकर्ता 7 दिवस के भीतर अपना कब्जा रिक्त करें। इस प्रकार के मकान को निगम द्वारा आवास रिक्त कराकर सील करने की कार्यवाही की जावेगी। इसी तारतम में बुधवार को आम्रपाली में भी अवैध कब्जाधारियों पर निगम प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जावेगी। अवैध कब्जाधारी स्वयं खाली कर दें, अन्यथा कोई भी टूट परेशानी होने पर संपूर्ण जिम्मेदारी अवैध की स्वयं की होगी। निगम द्वारा पूर्व में सूचना दिया जा चुका है।

डीएलसीसी की मीटिंग में बैंको के जरिए संचालित शासकीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा

प्रधानमंत्री किसान सम्मान पाने वाले सभी किसानों का केसीसी कार्ड बनाने चलेगा विशेष अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पाने वाले सभी किसानों का केसीसी कार्ड बनाया जायेगा। अगले तीन महीने के भीतर अभियान छेड़कर उन्हें कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा। लगभग 51 हजार की संख्या में सम्मान निधि का लाभ ले रहे किसानों का अब तक केसीसी नहीं बन पाया है। कलेक्टर अवनीश शरण ने जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) की बैठक में इस आशय के निर्देश दिए। उन्होंने बैंकर्स एवं अधिकारियों को इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने को कहा है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ रामप्रसाद चौहान सहित आरबीआई, नाबार्ड सहित स्थानीय बैंक एवं लाईन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बैंक विहीन गांवों में बैंक खोलने संबंधी पूर्व के निर्णय का पालन नहीं किये जाने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने इस माह के अंत तक शाखा खोलने की प्रक्रिया पूर्ण कर सूचित करने को कहा है। गौरतलब है कि पिछले साल जिले के चिन्हांकित 13 गांवों में बैंक शाखा खोलने विभिन्न बैंकों को लक्ष्य आवंटित किया गया था। इनमें केवल दगोरी एवं सेन्द्री में ही शाखा खुला है। शेष ग्रामों-पौंसरा, सेमरताल, निरतु (मस्तुरी) भरनी, तेन्दुआ, नवागांव, करमा, बुटेना मझगवा, सोनपुरी एवं करवा में नहीं खुला है। कलेक्टर ने बैठक में बैकों के सहयोग से संचालित सरकारी योजनाओं में स्वीकृति एवं ऋण वितरण की समीक्षा की। उन्होंने स्वीकृति प्रदान करने में अनावश्यक विलंब नहीं करने के निर्देश दिए। प्रकरणों को महीनों तक बैंक में नहीं लटकाया जाए। कलेक्टर ने सभी बैंकों को आरबीआई द्वारा निर्धारित सीडी रेशियों का पालन करने को कहा है। बैंकों में स्थानीय लोगों द्वारा जमा कराये गये रकम का 60 प्रतिशत लोन स्थानीय लोगों में ही बांटने का प्रावधान आरबीआई ने किया है। उन्होंने अजा, जजा, महिला एवं किसान लोगों को ऋण वितरण में प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में आरसेटी की गतिविधियों की समीक्षा की गई। जिले की वार्षिक ट्रेड प्लान का अनुमोदन किया गया। जिला पंचायत सीईओ रामप्रसाद चौहान ने सभी बैंकर्स से आवंटित लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में नाबार्ड की ओर से एफपीओ की गतिविधियों पर आधारित प्रस्तुतिकरण दिया गया। उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण के निर्देश भी बैंकर्स को दिए गए। बैठक में आरबीआई के एलडीओ पी.गोपीनाथ, नाबार्ड के डीडीएम अशोक साहू, लीड बैंक अधिकारी उरांव सहित बैंक एवं लाईन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

पूर्व में बने 50 हजार आयुष्मान कार्ड मितानीन घर-घर जाकर बांटेगी

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

शासन की अति महत्वकांक्षी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सभी नागरिको के स्वास्थ्य से जुड़ा है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत पूर्व में बनाये गये 50 हजार आयुष्मान कार्ड बन कर आ गया है। आयुष्मान कार्ड मितानीन घर-घर जाकर वितरण करेगीं। बीपीएल आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का एवं सामान्य आयुष्मान कार्ड से 50 हजार तक का ईलाज निःशुल्क करा सकते है। पहले का बना स्मार्ट कार्ड अब नहीं चलेगा, नया आयुष्मान कार्ड बनवाना ही पड़ेगा। 2018 के बाद का बना आयुष्मान कार्ड पर ईलाज होगा, उन्हे दुबारा बनवाने की आवश्यकता नहीं है। विशेष प्रकार के ईलाज हेतु मुख्य मंत्री जी के पास आवेदन देने से स्वीकृति के अनुसार इलाज हो सकता है । जिसमे 25 लाख तक का ईलाज निःशुल्क कराया जा सकता है। आयुष्मान कार्ड से 3 हजार प्रकार के बिमारियो का ईलाज अब हो सकता है।

संपादकीय

नए कानून महत्वपूर्ण परिवर्तन

नए आपराधिक कानूनों को लागू कर भारत ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस प्रकार भारत ने अंततः न्याय क्षेत्र में औपनिवेशिक विरासत से मुक्ति पा कर 'स्वदेशी आपराधिक कानूनों' के माध्यम से नए युग की शुरुआत की है। आदिम कालीन भारतीय दंड संहिता-आईपीसी, भारतीय साक्ष्य कानून तथा अपराध प्रक्रिया संहिता-सीआरपीसी के स्थान पर क्रमशः 'भारतीय न्याय संहिता', 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम' तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता को लाया गया है। 1 जुलाई, 2024 से प्रभावी हो चुके इस ऐतिहासिक परिवर्तन की विधि विशेषज्ञों, वकीलों तथा आम जनता में काफी चर्चा हो रही है। हालांकि, कुछ प्राविधान अतीत से एकदम अलग हैं, पर अन्य को थोड़े परिवर्तन के साथ बनाए रखा गया है। 1860 में बनी आईपीसी तथा 1872 में लागू इविडेंस एक्ट ने लंबे समय तक भारत की अपराध न्याय प्रणाली की सेवा की है। ये दोनों ब्रिटिश औपनिवेशिक प्रशासन के उत्पाद थे और अक्सर इनको आदिकालीन व औपनिवेशिक युग के दृष्टिकोण वाले बता कर इनकी आलोचना की जाती थी। 1973 में लागू सीआरपीसी ने भी भारत में दंड प्रक्रिया के विधिक ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

आईपीसी का स्थान लेने वाले नए कानून 'भारतीय न्याय संहिता' का उद्देश्य अपराध न्याय व्यवस्था का उच्चीकरण और भारतीयकरण है। इसमें कुछ प्राविधान निश्चित रूप से नए हैं, जबकि अनेक पुराने प्राविधानों की नकल मालूम होते हैं। एक उल्लेखनीय परिवर्तन 'अनलाफुल एक्टिविटीज़ प्रिवेंशन एक्ट'-यूएपीए से आतंकवाद की परिभाषा स्वीकार करना है। इस नई परिभाषा में अनेक प्रकार की गतिविधियां शामिल हैं जिनका उद्देश्य भारत की एकता, अखंडता और सुरक्षा को चुनौती देना हो। लेकिन कुछ आलोचकों का तर्क है कि यह व्यापक परिभाषा कानून के दुरुपयोग तथा 'वैध प्रतिरोध के आपराधीकरण' का कारण बन सकती है। इंडियन इविडेंस एक्ट का स्थान लेने वाले 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम' में एक विशेष परिवर्तन समकालीन तकनीकी प्रगति को देखते हुए साक्ष्य-संबंधी नियमों का आधुनिकीकरण है। नए दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण परिवर्तन इलेक्ट्रानिक प्रमाण स्वीकार करना है। इसी प्रकार सीआरपीसी का स्थान लेने वाली 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' में आपराधिक न्याय प्रक्रिया को सहज बनाने के लिए अनेक परिवर्तन किए गए हैं। नए कानून में हथकड़ियों के उपयोग को पुनः परिभाषित कर पुलिस हिरासत का दायरा बढ़ा कर शुरुआती 15 दिन से अधिक किया गया है। आलोचकों की नजर में इसके संभावित दुरुपयोग तथा हिरासत में हिंसा बढ़ने की आशंका है। हालांकि, केन्द्रीय गृह मंत्री ने कानून लागू होने के बाद इस आशंका का खंडन किया है। कानूनी पेशे में लगे कुछ लोगों को नए कानूनों से असुविधा हो सकती है, पर सरकार ने नए कानूनों को लागू करने के लिए विभिन्न राज्यों की पुलिस के स्तर पर व्यापक तैयारी की है और अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए हैं। नए कानून लागू करने के साथ ही पुलिस, अभियोजन तथा अन्य संबंधित एजेंसियों की क्षमता वृद्धि जरूरी हो गई है। भारत के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा है कि नए कानूनों का पूरा सकारात्मक लाभ प्राप्त करने के लिए फारेंसिक विशेषज्ञों व जांच अधिकारियों के क्षमता निर्माण तथा ढांचागत संरचना में निवेश बढ़ाना आवश्यक है। नए कानूनों से इच्छित प्रभाव प्राप्त करने के लिए उनका समुचित जमीनी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके साथ ही उनके क्रियान्वयन पर लगातार निगरानी रखते हुए यह देखना जरूरी होगा कि कहीं 'निहित स्वार्थी' तत्व उनका दुरुपयोग न करने लगें।

सार्वजनिक संपत्ति का उचित प्रबंधन

नई सरकार भारत की विनिवेश नीति बदल रही है। वह घाटे वाले उद्यमों की सहायता कर रणनीतिक क्षेत्रों में राज्य-संचालित फर्मों को मजबूत कर रही है।

उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग की नई सरकार वर्तमान विनिवेश नीति की समीक्षा कर रही है। वह केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-सीपीएसयू को बचेने के बजाय 'व्यावहारिक सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन-पीडब्लूएम के रास्ते पर चलते हुए घाटे वाले उद्यमों की सहायता कर यह सुनिश्चित कर रही है कि रणनीतिक क्षेत्रों में राज्य-संचालित फर्मों की स्थिति मजबूत हो।' सीपीएसयू का अर्थ केन्द्र सरकार का ऐसा उद्यम है जिसमें उसके शेयर 50 प्रतिशत से अधिक हों। 'विनिवेश' इन उद्यमों के शेयर निजी निवेशकों को बेचने का नाम है। जब सीपीएसयू में सरकारी शेयरधारिता 50 प्रतिशत से कम हो तथा इसके साथ ही उसका स्वामित्व और प्रबंधन नियंत्रण निजी उद्यम को दे दिया जाए तो इसे 'रणनीतिक' विनिवेश या निजीकरण कहते हैं।

विनिवेश की पुरानी नीति की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2021-22 के अपने बजट भाषण में की थी। इसके अंतर्गत सीपीएसयू का वर्गीकरण दो श्रेणियों-रणनीतिक व गैर-रणनीतिक के रूप में किया गया था। रणनीतिक समूह में आणविक ऊर्जा, अंतरिक्ष व रक्षा, परिवहन व दूरसंचार, बिजली, पेट्रोलियम, कोयला व अन्य खनिज तथा बैंकिंग, बीमा व वित्तीय सेवायें शामिल हैं। गैर-रणनीतिक क्षेत्रों में अन्य सभी क्षेत्र, जैसे औद्योगिक व उपभोक्ता उत्पाद, होटल एवं पर्यटन सेवायें, व्यापार तथा मार्केटिंग, आदि आते हैं। सरकार का इरादा रणनीति क्षेत्र के सभी उद्यमों को इस शर्त के साथ बेचने का था कि कम से कम एक और अधिकतम चार उद्यमों को सार्वजनिक क्षेत्र में बनाए रखा जाए।

जहां तक गैर-रणनीतिक क्षेत्रों का सवाल है, सरकार उनमें से 'सभी' में अपनी शेयरधारिता 50 प्रतिशत से नीचे लाना चाहती थी। सरल भाषा में कहें तो उन सबका निजीकरण होना था। इस श्रेणी के सभी घाटे वाले उद्यमों को बंद करना था। इस नीति के साथ सरकार का यह इरादा भी जुड़ा था कि विनिवेश से प्राप्त धनराशि का प्रयोग राजकोषीय घाटे या एफडी लक्ष्य पूरा करने में हो। यह हिस्सा अतीत की निरंतरता थी, जब मोदी सरकार ने 2015-16 में सीपीएसयू में अपने शेयरों की बिक्री पर खासकर 'रणनीतिक' विनिवेश पर जोर दिया था। कोविड-19 वैश्विक महामारी की पृष्ठभूमि में 2020-21 में वित्तीय स्थिति पर पड़ने वाले विनाशकारी परिणामों के कारण एफडी जीडीपी के 9.2 प्रतिशत तक पहुंच गया था।

इसे देखते हुए 2021-22 के बजट में सीतारमण ने विनिवेश से प्राप्त पूंजी पर ध्यान देते हुए इसका महत्वाकांक्षी लक्ष्य 175,000 करोड़ रखा। उस वर्ष सरकार ने बड़े विनिवेशों की योजना बनाई थी जिनमें भारत पेट्रोलियम लिमिटेड-बीपीसीएल, आईडीआई बैंक, एनएमडीसी स्टील तथा शिपिंग कार्पोरेशन आफ इंडिया-एससीआई, आदि शामिल थे। लेकिन यह प्रक्रिया बहुत धीमी गति का शिकार हो गई जिसके चलते साल दर साल बिक्री से प्राप्त होने वाली धनराशि के लक्ष्य तक घटाए गए। केवल दो वर्ष, यानी 2017-18 तथा 2018-19 में उसने एक सीपीएसयू से दूसरे को बिक्री कर दो बड़े लक्ष्य प्राप्त किए। 2017-18 में सरकार ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-एचपीसीएल के 51.11 प्रतिशत शेयर तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम-ओएनजीसी को बचे कर 37,000 करोड़ रुपये प्राप्त किए। इसके अगले साल उसने ग्रामीण विद्युतीकरण निगम-आरईसी के 52.63 प्रतिशत शेयर ऊर्जा वित्त निगम-पीएफसी को बेच कर 13,000 करोड़ रुपये प्राप्त किए। लेकिन इन बिक्रियों को रणनीतिक नहं कहा जा सकता है क्योंकि इनका खरीदार दूसरा सीपीएसयू था। इस प्रकार सरकार का विनिवेश वाले उद्यमों एचपीसीएल व आरईसी पर प्रभावी नियंत्रण बना रहा।

2021-22 तथा 2022-23 में परिणाम खासकर निराशाजनक रहे। 2021-22 में 175,000 करोड़ के लक्ष्य के उलट विनिवेश से मामूली 15,440 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। इसी प्रकार 2022-23 में 65,000 करोड़ के लक्ष्य के विपरीत वास्तव में केवल 31,059 करोड़ प्राप्त हुए। 2023-24 में वित्त मंत्री ने लक्ष्य को और घटा कर 51,000 करोड़ कर दिया, जबकि इस साल के दौरान इसे और घटा कर केवल 30,000 करोड़ किया गया। इसके बावजूद वास्तविक प्राप्ति केवल 14,564 करोड़ रही। इसके बाद 1 फरवरी, 2024 को सीतारमण द्वारा बजट पेश करने के बाद वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने कहा कि अब 'सरकार बजट संतुलित करने के लिए विनिवेश पर नजर नहीं रखती है।' क्या इस कथन का यह अर्थ था कि सरकार विनिवेश से प्राप्त धनराशि से एफडी घटाने का काम लेने के पुराने रास्ते से अलग हट रही थी। इसका जवाब 'नहीं' है क्योंकि सरकार ने 2024-25 के बजट में 'अन्य पूंजीगत प्राप्तियों' से 50,000 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित कर चुकी थी। इसमें परिपत्तियों के मौद्रीकरण के अलावा विनिवेश से प्राप्त धनराशि शामिल है।

इस प्रकार सीपीएसयू में सरकारी शेयरों की बिक्री से संसाधन जुटाने का विचार मूलतः गलत सिद्ध हुआ। इसका कारण यह है कि जहां वर्तमान कर की दर तथा जीडीपी वृद्धि का तार्किक अनुमान लगा कर कर राजस्व का निश्चित अनुमान लगाया जा सकता है, वहीं यह बात विनिवेश के बारे में नहीं कही जा सकती है। इस मामले में काफी कुछ बाजार की स्थिति पर निर्भर करता है जिसमें शेयरों की बिक्री वाली कंपनी के बारे में निवेशकों का दृष्टिकोण खासतौर से महत्वपूर्ण है। रणनीतिक बिक्री वाले मामलों में सरकार के समक्ष बड़ी चुनौती होती है। उसे बाजार के समर्थन के साथ ऐसे बोलीकर्ता तलाशने होते हैं जो बहुत अमीर हों। इसके साथ ही लाल-फीताशाही की लंबी और जटिल अनुमति प्रक्रिया भी सही समय पर बिक्री को लगभग असंभव बना देती है जिसके कारण रणनीतिक निवेशक नहीं मिल पाते हैं। नीति आयोग विनिवेश के लिए कंपनियों की पहचान करता है। इसके बाद इन पर विनिवेश सचिवों का प्रमुख समूह-सीजीडी विचार करता है। यह अपने आप में बहुत लंबी प्रक्रिया है जिसमें वैकल्पिक व्यवस्था-एएम जरूरी होती है। इसमें वित्त, सड़क व राजमार्ग परिवहन मंत्री, प्रशासनिक सुधार, आदि के मंत्री शामिल होते हैं। एएम की सहमति के बाद विनिवेश एवं सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग-दीपम एक प्रस्ताव तैयार करता है जिसे सिद्धान्त रूप में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति-सीसीईए की सहमति जरूरी होती है।

इन स्थितियों को देखते हुए सरकार को बजट तैयार करते समय इस साल शेयरों की बिक्री से किसी धनराशि के आंकड़े नहीं देने चाहिए क्योंकि साल के अंत में इनमें कमी अपरिहार्य है। इसके साथ ही सरकार को भारी मात्रा में कर राजस्व प्राप्त हो रहा है। 2020-21 से लगातार तीन साल तक यह लक्ष्य से अधिक रहा है। इसके साथ ही उसे सीपीएसयू से भारी डिविडेंट मिल रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 में केन्द्र को 210,000 करोड़ का भारी डिविडेंट दिया है। इसके साथ ही दूसरे बैंकों ने भी सरकार को भारी डिविडेंट दिया है।

इन सकारात्मक प्रवृत्तियों को देखते हुए सरकार राजकोषीय घाटे का प्रबंधन बहुत आराम से कर सकती है। इसलिए 'अन्य पूंजीगत प्राप्तियों' पर निर्भर होने की कोई जरूरत नहीं है। सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन-पीडब्लूएम पर जोर देने तथा रणनीतिक क्षेत्र में राज्य-संचालित उद्यमों की मजबूत स्थिति को देखते हुए ऐसा लगता है कि सरकार ने इन क्षेत्रों में सीपीएसयू के निजीकरण का विचार पूरी तरह छोड़ दिया है। सरकार ने बीपीसीएल की बिक्री का विचार छोड़ दिया है जो उसके एजेंडे पर 2019-20 से था। यह आने वाले परिवर्तन का संकेत है। आवश्यकता पर रास्ता बदलना देश के सर्वोत्तम हित में है। मूलतः राज्य को उद्यम चलाने का काम नहीं करना चाहिए। इसमें हमेशा राजनीतिक हस्तक्षेप तथा नौकरशाही लाल-फीताशाही का खतरा बना रहता है जिससे सीपीएसयू के कामकाज में गंभीर बाधा आती है। सरकार को शेयरों की बिक्री जारी रखनी चाहिए और इसे नौकरशाही के नियंत्रण से मुक्त करने पर ध्यान देना चाहिए।

भारत में बढ़ती तपिश के प्रबंधन की रणनीतियां

> 2024 की गर्मियों में रिकॉर्ड तोड़ तापमान देखने को मिला है। नीति निर्माताओं के लिए यह ज़रूरी है कि वे अंतर्निहित कारणों को समझें और प्रभावी उपाय लागू करें।

वी के बहुगुणा
(लेखक, आईसीएफआर के पूर्व महानिदेशक हैं)

देश में भीषण गर्मी की लहरें चल रही हैं, जिससे पूरे उत्तर, मध्य और पश्चिमी भारत में एक महीने से भी ज़्यादा समय से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भारत में 2024 में अब तक का सबसे गर्म तापमान दर्ज किया जा सकता है। 29 मई 2024 को दिल्ली के उपनगर मुंगेशपुर में एक मौसम केंद्र पर 52.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, हालांकि बाद में यह साबित हुआ कि यह थोड़ा ज़्यादा था। देहरादून जैसी ठंडी जगहों पर भी इस साल पिछले 53 सालों का सबसे ज़्यादा तापमान दर्ज किया गया है। भारत में 30 करोड़ से ज़्यादा लोग गर्मी की लहरों से बचने के साधनों की कमी के कारण उच्च जोखिम में हैं। लोगों को बिजली और पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है और कई ग्रिड ओवरलोड के कारण लंबे समय तक बिजली गुल रहने के कारण ध्वस्त हो रहे हैं। देश भर में गर्मी की लहरों के कारण कई लोगों की मौत हो चुकी है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, मार्च से मध्य जून 2024 तक 150 लोगों की मौत लू के कारण हुई है और करीब 30,000 लोग हीट स्ट्रोक से पीड़ित हुए हैं। दिल्ली और आसपास के इलाकों से लोग गर्मी से बचने के लिए उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और अन्य पहाड़ी इलाकों की ओर भाग रहे हैं और इस प्रक्रिया में भारी ट्रैफिक जाम लग रहा है और कई शहरों और कस्बों में नागरिक सुविधाएं अस्त-व्यस्त हो रही हैं। वाराणसी में गंगा नदी की चौड़ाई 35त्न कम हो गई है और अन्य नदियों और नालों के संकरे होने की भी ऐसी ही खबरें आ रही हैं।

देश के बदलते मौसम के रुझान के बारे में विशेषज्ञ सरकार और समाज को चेतावनी दे रहे हैं। अब नीति निर्माताओं, पेशेवरों और प्रशासकों के लिए सवाल यह है कि तापमान में इस तरह की अभूतपूर्व वृद्धि के कारणों का आकलन कैसे किया जाए और इससे निपटने के लिए संसाधनों को कैसे जुटाया जाए। अगर केंद्र और राज्य में सत्ता में बैठे लोग इससे कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से निपटने के तरीके नहीं बदलते हैं तो कई आपदाएं समाज में स्थिरता और सामंजस्य को बर्बाद कर देंगी। एक बात जो सभी को सीखनी चाहिए वह यह है कि उच्च तापमान ग्लोबल वार्मिंग, बढ़ते शहरीकरण, कंक्रीटीकरण के संयुक्त प्रभावों का परिणाम है, जिससे मौसम के पैटर्न में बदलाव आ रहा है। जहां तक दिल्ली और आस-पास के इलाकों का सवाल है, राजस्थान और हरियाणा से आने वाली शुष्क और गर्म पश्चिमी हवाएं गर्मी की लहर का कारण हैं। अब ये हवाएं रात के दौरान चलती रहती हैं और रात के तापमान को गिरने नहीं देती हैं और यह तब और बढ़ जाती है जब ये पश्चिमी हवाएं आसमान में बादल बनाती हैं जो तापमान को ठंडा होने से रोकती हैं। समाधान खोजने के लिए हमारे योजनाकारों और शहरों में नागरिक प्रशासकों को शहरी गर्मी द्वीप प्रभाव की चुनौतियों का सामना करना चाहिए।

प्रकृति में पेड़ और अन्य वनस्पतियाँ, हरे रंग की छतों के साथ, वाष्पोत्सर्जन के माध्यम से नमी को छोड़कर और सूर्य विकिरण को वापस वायुमंडल में परावर्तित करके शहरी गर्मी द्वीप प्रभावों को कम करने में मदद करती हैं। इसलिए, बड़े पैमाने पर घना शहरीकरण, इमारतें, सड़कें और फुटपाथ गर्मी को अवशोषित और बनाए रखते हैं और इसलिए विनाशकारी परिणामों के साथ शहरी गर्मी द्वीप प्रभाव होता है। दूसरी ओर, ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी की लहरों के प्रभाव अलग हैं; गर्मी का प्रभाव कम या न्यूनतम है, लेकिन गर्मी के प्रभाव ज्यादातर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं जैसे गंभीर निर्जलीकरण, हीट स्ट्रोक, हीट थकावट और गैस्ट्रो-आंत्र संबंधी बीमारियों से संबंधित हैं, जो लंबे समय तक बिजली कटौती और पानी की कमी से बढ़ जाती हैं।

भारत ही गर्मी की लहरों से प्रभावित होने वाला एकमात्र देश नहीं है। यूरोप भी अप्रैल 2024 से गर्मी की लहरों से पीड़ित है। दक्षिणी यूरोप में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर है, खासकर स्पेन में। इस साल यूरोप में सबसे अधिक तापमान 14 अप्रैल 2024 को ज़ेनेका और बोस्निया में 33.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यूरोपीय देश की संरचना ऐसी है कि वे लगातार गर्मी की लहरों का सामना नहीं कर सकते। इस लेख का उद्देश्य इस बात पर जोर देना है कि भारत में केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर गर्मी के मौसम से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक नीति बनानी चाहिए।

सबसे पहले जो किया जाना चाहिए वह है एक निश्चित सीमा से अधिक तापमान को प्राकृतिक आपदा/जलवायु आपातकाल घोषित करना और विभिन्न शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए इससे निपटने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं लागू करना। ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार को पीने योग्य पानी और बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए, साथ ही त्वरित स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ प्रदान करने के लिए मोबाइल डिस्पेंसरी भी होनी चाहिए। प्रत्येक गांव में झील और तालाब अनिवार्य रूप से बनाए जाने चाहिए ताकि किसानों और मवेशियों सहित लोगों को पानी मिल सके। इसके लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के आधार पर अल्पकालिक योजना जोखिम मूल्यांकन और प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली की आवश्यकता है।

मूलभूत आवश्यकताओं में से एक एकीकृत और समग्र दृष्टिकोण बनाकर जिला प्रशासन को फिर से तैयार करने की आवश्यकता है ताकि जलवायु-लचीला विकास सुनिश्चित किया जा सके और किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पहले से तैयारी की जा सके। हालांकि, शहरी क्षेत्रों में संपूर्ण नागरिक प्रशासन में वास्तविक परिवर्तन आवश्यक है। शहर और देश की योजना को पूरी तरह से बदलने की जरूरत है और साथ ही सत्ता-केंद्रित नागरिक निकायों की फिर से समीक्षा करने की भी जरूरत है। नालियाँ खस्ताहाल हैं और उन्हें संरक्षित किया जाना चाहिए ताकि अगली आपात स्थिति में भी समस्याएँ न हों।

आप की बात

कांग्रेस की बौखलाहट

सदन में विपक्ष ज़रूरी है, परन्तु संसद की गरिमा ताक पर रखकर अनर्गल बयानबाजी कांग्रेस की बौखलाहट उजागर करती है। भाजपा नेताओं और संघ को हिंदू नही मानने की मनोवृत्ति काग्रेस के पतन को आमंत्रित करती है। हिंदुस्तान में रहकर हिंदुस्तान की ही संसद में हिंदू नेताओं को हिंदू न मानने और ऐसी घोषणा करने से राहुल गांधी की विकृत सोच स्पष्ट होती है। ऐसी बयानबाजी से संसद की गरिमा धूमिल होती है। ऐसे में यह सवाल भी उठना स्वाभाविक है कि क्या राहुल गांधी ने अपने मुस्लिम वोटबैंक को संतुष्ट करने के लिए ऐसा कहा, अथवा वे स्वयं तथा कांग्रेस नीत विपक्ष को भाजपा से बेहतर हिंदू सिद्ध करने के लिए ऐसा कह रहे हैं। दोनों स्थितियां खतरनाक हैं। आखिर लगातार तीसरी बार देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी को हिंदू न मानने का क्या अर्थ है? क्या देश का जनमानस चुनावी मौसम में मंदिर-मंदिर दौड़ लगाने और भद्दे ढंग से भगवान शंकर का चित्र सदन में लहराने वाले राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा तथा संघ परिवार से बेहतर हिंदू मानेगा जिन्होंने सैकड़ों साल के संघर्ष के बाद अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बनवाया है तथा वे विरासत के साथ ही आर्थिक विकास को बढ़ावा देकर देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास कर रहे हैं?

- योगेश जोशी, बड़वाह

प्रशंसनीय पहल

उत्तर प्रदेश के नव नियुक्त मुख्य सचिव ने पदग्रहण करते ही एकीकृत शिकायत प्रबंधन प्रणाली-आईजीआरएस की समीक्षा की। उन्होंने दो निस्तारित शिकायतों की जांच की तो पता लगा कि शिकायतकर्ताओं की समस्यायें हल नहीं हुई थीं। इस पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने घोषणा की कि अब वे नियमित रूप से आईजीआरएस पर शिकायत निस्तारण की जांच करते रहेंगे। उनकी इस प्रशंसनीय पहल का स्वागत किया जाना चाहिए। लोगो की समस्याओं और शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिये सरकार ने आईजीआरएस प्रणाली बनाई थी, यह कुछ नौकरशाहों की लापरवाही के कारण बदनाम हो रही है। जनता की समस्याओं का ब्लाकों, तहसीलों, जिलों और आईजीआरएस के स्तर पर भी निस्तारण न होने पर लोग मुख्यमंत्री के दरबार मे दस्तक देते हैं। कई बार लोग सरकारी योजनाओं में जमीनी स्तर पर भ्रष्टाचार की शिकायत करते हैं, पर इनका त्वरित निस्तारण न होने से सरकार की छवि खराब होती है। उम्मीद करनी चाहिए कि मुख्य सचिव की यह पहल निचले स्तर पर अधिकारियों में संवेदना पैदा करेगी। जनता की शिकायतों पर फर्जी समाधान की रिपोर्टों पर कठोर कार्रवाई भी होनी चाहिए।

- कुलदीप मोहन त्रिवेदी, उन्नाव

बरसात का मौसम

बरसात के सीजन में लोग कई समस्याओं से जूझते हैं। प्रायः पहली बारिश में ही बिजली चली जाती है तथा सड़कें पानी से भर जाती हैं जिसके कारण वाहनों को चलाने में दिक्कत आती है। कहीं पर करंट लगने से दुर्घटनाएं होती हैं तो कहीं नदियों में लोग डूब जाते हैं। कहीं पेड़ गिर जाते हैं तथा नालियों में पानी जमा रहने से कई बीमारियां भी पैदा होती है। वर्षा के मौसम में तकरीबन हर साल लोगों को ऐसी अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जल संचय के प्रति भी हम लोग बहुत उदासीन हैं जिससे बारिश का 50 प्रतिशत से अधिक पानी बेकार बह जाता है, साथ ही बाढ़ के रूप में भारी तबाही मच जाती है। यदि हर गांव के नदी परनालों पर छोटे-छोटे स्टॉप डेम बनाकर पानी रोका जाए तथा शहरों से लेकर गांव तक वाटर रिचार्जिंग हर खेत, हर घर पर हों और नदियों को आपस में जोड़ा जाए तो बाढ़ की समस्या तो कम होगी ही गर्मी में पेय जल की समस्या भी खत्म हो जाएगी। वृक्षारोपण और जल-संचय के लिए जनता को ही आगे आना होगा। एक पेड़ मां के नाम अभियान में लोग बढ़-चढ़ कर उत्साह पूर्वक भाग ले रहे हैं। जन-जागरूकता से बरसात की समस्याओं से मुक्ति के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के महान काम में सहयोग मिलेगा।

सुभाष बुडावन वाला, रतलाम

अपरिपक्व राहुल

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कई मुद्दे उठाए। लेकिन उन्होंने शिवजी का चित्र लहराते तथा अन्य धर्मगुरुओं के संदर्भ से सभी हिंदुओं को हिंसक, झूठ बोलने वाला, आदि बता दिया। अपनी गलती का अहसास होने पर राहुल ने इसे सत्ता पक्ष तक केन्द्रित कर दिया। लेकिन तब तक प्रधानमंत्री तथा भाजपा के अन्य नेताओं ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त कर दी। साधु संतों और धर्म गुरुओं ने राहुल गांधी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया की है। इसके अलावा भी राहुल गांधी ने किसानों को मिलने वाली एमएसपी तथा शहीद अग्निवीरों को मिलने वाली धनराशि पर झूठ बोला। इसका कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तत्काल तथ्यों के साथ खंडन किया। गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया कि वे राहुल द्वारा बोले गए तथ्यों की जांच कराएं। विडंबना है कि राहुल गांधी नेता विपक्ष बनने के बाद भी चुनाव-प्रचार वाली मुद्रा से बाहर नहीं निकल पाए हैं। यह उनकी अपरिपक्वता प्रदर्शित करता है जो उनके साथ कांग्रेस पार्टी के लिए हानिकारक है।

- वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

पीएम जनमन योजना में शामिल बोड़ला और पंडरिया विकासखण्ड के सभी विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों को पीडीएस योजना से जोड़े : महोबे

कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में पीएमजनमन योजना के क्रियान्वयन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

केन्द्र तथा राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजना में शामिल प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत कबीरधाम जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहुल्य बोड़ला और पंडरिया विकासखण्ड में निवासरत प्रत्येक बैगा जनजाति के परिवारों को बुनियादी और मुलभूत सुविधाएं देने के लिए कबीरधाम जिले में जिला प्रशासन द्वारा विशेष जोर दिया जा रहा है। योजना की प्रगति की लगातार समीक्षा भी हो रही है।कलेक्टर महोबे ने आज समय-सीमा की बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन के लिए लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जिले के खाद्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि समय-सीमा के भीतर जिले के पंडरिया और बोड़ला विकासखण्ड में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के प्रत्येक परिवारों को राज्य शासन द्वारा संचालित प्रचलित पीडीएस योजना से जोड़ा जाए। कलेक्टर ने जिले के इन दोनों विकासखण्ड में एक अभियान चलाकर पीडीएस योजना से वंचित परिवारों को इस योजना से जोड़ने के निर्देश दिए है। बैठक में खाद्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिले में निवासरत प्रत्येक बैगा परिवार के सदस्यां को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है, लेकिन परिवार विभाजन के बाद नए आवेदन भी आ रहे है। सभी आवेदनों को निर्धारित समय में निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर ने आदिमजाति विकास विभाग और जिला खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दोनों विभागों के रिपोर्ट में अंतर आ रहा है, समन्वय से दोनों अंतर को समय करें और इस योजना से प्रत्येक परिवारों को जोड़े। कलेक्टर ने इसके अलाव श्रम विभाग को ई-श्रम पोर्टल के अंतर्गत पंजीकृत सभी प्रवासी, असंगठित श्रमिकों को प्रचलित राशन कार्ड जारी करने के निर्देश दिए है। बैठक में बताया गया कि जिले में इन दोनों विकासखण्ड में निवासरत शत प्रतिशत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों को पीडीएस योजना का लाभ दिया जा रहा हैं। जिले के दोंनो विकासखण्ड में 9 हजार 805 परिवारों का नाम विशेष पिछड़ी जनजाति की सूची में प्रदर्शित हो रही है। नए राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया चल रही है। बैठक में बताया गया कि पीएमजनमन योजना के तहत कबीरधाम जिले के इन दोनों विकासखण्ड के 256 विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा ग्राम शामिल है, जिसमें बोडला विकासखण्ड के 179 ग्राम और पंडरिया विकासखण्ड के 77 ग्राम शामिल है। पीएम जनमन योजना के तहत भारत सरकार द्वारा 9 केन्द्रीय मंत्रालयों के माध्यम से 11 अलग-अलग बुनियदी और मुलभूत सुविधाएं के लिए योजनाओं का क्रियान्यन किया जा रहा है। इस योजना में पक्का आवास, पक्की सडकें, पेयजल, शिक्षा, सामुदायिक पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएं, छात्रावास, विद्युतीकरण, सोलर पावर, वनधन केन्द्रों की स्थापना, इंटरनेट की सुविधाएं, अजीविका संवर्धन के लिए कौशल विकास, आंगनबाड़ी केन्द्र, सामुदायिक भवन जैसे सुविधाए शामिल है।

कलेक्टर ने बैठक में खरीफविपणन वर्ष के लिए मांग के अनुसार जिले में नए उपार्जन केन्द्र बैरख में खोलने के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए है। साथ ही वहां धान रखने की क्षमता, आवागमन की सुविधाएं सहित अन्य जरूरी आवश्यकताओं का अवलोकन करने के भी निर्देश दिए। कलेक्ट ने बैठक में प्रसूति सहायता योजना के तहत हितग्राहियों को श्रम विभाग द्वारा संचालित योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने आदिवासी समुदाय द्वारा अन्य प्रदेशों में रोजगार के लिए बहार जाने वाले सभी नागरिकों को ग्राम स्तर पर पलायन पंजी संधारित करने के निर्देश् दिए। कलेक्टर ने पांच वर्ष से लंबित श्रम विभाग से सिलाई प्रशिक्षण एवं राज मिस्त्री व श्रमिक मानदेय राशि भूगतान की लंबित प्रकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारी को आवश्यक दिश-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने धान उठाव, कस्टम मिलिंग के प्रगति की समीक्षा करते हुए खाद्य विभाग को सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने राज्य शासन की प्राथमिकता वाली महतारी वंदन योजना के लाभ से जुड़े लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए आवेदनों को शीघ्रता से निराकरण करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम सड़क योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में नवीनकरण अंतर्गत प्रगति कार्यों में सोशल आडिट कराने के लिए संबंध में अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर निर्भय साहू, सहित समस्त एडीएसम, डिप्टी कलेक्टर एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

वन भूमि में ट्रैक्टर द्वारा अवैध अतिक्रमण करने पर वन विभाग द्वारा की गई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के द्वारा कवर्धा वनमंडल अंतर्गत क्षेत्रों में अतिक्रमण, अवैध परिवहन एवं वन अपराध पर पूर्णतः नियंत्रण किये जाने के निर्देश दिये गये है। तदानुसार 02 जुलाई को वन मंडल अधिकारी कवर्धा के निर्देशन एवम उप वनमंडलाधिकारी सहसपुर लोहारा के मार्गदर्शन में कवर्धा वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र सहसपुर लोहारा के परिसर मोतिमपुर में बीट ऑफिसर युधिष्ठिर साहू, श्कन्हैया लाल यादव एवं सुरक्षा श्रमिक द्वारा दोपहर 3.00 बजे गश्त किया जा रहा था। इस दौरान पाया गया की ट्रैक्टर के द्वारा कक्ष क्रमांक 291 में जुताई कर रहा है, जिसे मौका स्थल में ही पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर रामुन्दा बाई पति स्व. गोकुल यादव उम्र 60 वर्ष ग्राम भादुटोला एवम अन्य 2 साथियों के द्वारा वन क्षेत्र में अवैध रूप से बलात प्रवेश कर अतिक्रमण के उद्देश्य से जोताई किया जा रहा था अपराधी द्वारा वन अपराध करना कुबूल किया। तत्पश्चात वन विभाग के अमला द्वारा आरोपी के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (1) ग एवं धारा 52 के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20042/12 दिनांक 02/07/24 पंजीबद्ध कर वाहन महिंद्रा ठ 275 कप् रंग लाल को अपने सुपुर्द में ले कर जप्त वाहन को राजसात की कार्यवाही की जा रही है।

वांकेश्वर साहू अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के युवा इकाई के जिला अध्यक्ष बने

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रितेश शर्मा ने बेमेतरा जिले के युवा इकाई के जिलाध्यक्ष के तौर पर वांकेश्वर साहू की नियुक्ति की है, वांकेश्वर की नियुक्ति महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी के अनुसंशा पर की गई है,विदित हो अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा ,छत्तीसगढ़ के संस्कृति खान पान रहन सहन और पहनावों ,छत्तीसगढ़ के साहित्य,महापुरुषों और छत्तीसगढ़ी भाषा के उन्नयन के लिए राज्य भर में काम करती है,यह एक गैर राजनैतिक संगठन है, वांकेश्वर साहू की युवा जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति का जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल,राहुल टिकरिहा,गुड्डा पटेल,राजेश दीवान,विष्णु साहू धर्मेंद्र साहू मनीष यादव खेलावन साहू शंकर गुप्ता सानू साहू अमित यादव प्रथम राजपूत योगेश दीवान दामेन साहू गजेंद्र वर्मा छोटू शर्मा नारायण साहू ने हर्ष व्यक्त किया है, नवनियुक्त युवा जिला अध्यक्ष वांकेश्वर साहू ने कहा है कि संगठन द्वारा सौपे गए जिम्मेदारी की पूर्ण निष्ठा से पालन करेंगे और छत्तीसगढ़ी महासभा के कार्य और उद्देश्य को जिले में संगठन के माध्यम से आगे बढ़ाएंगे, अपनी नियुक्ति पर उन्होंने महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी और प्रदेश अध्यक्ष रितेश शर्मा के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है।

लोकसभा चुनाव कार्य करने वाले अधिरियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य संपादन के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक सहित सहायक रिटर्निंग आफिसर एवं एसडीएम शीतल बंसल, शिवनाथ बघेल, सुरेश साहू सहित सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी सहित जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायकों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रवाल ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों की भूरी-भूरी सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समारोह में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे भी विशेष रूप से उपस्थित थे। चन्द्रवाल ने कहा कि हमारे सभी एआरओ, नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों तथा मास्टर ट्रेनर्स, गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायकों के अलावा निर्वाचन के राष्ट्रीय कार्य में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों का कार्य वास्तव में काबिले-तारीफ है। उन्होंने कहा कि हमारे सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, लगन एवं प्रतिबद्धता के साथ की है। इसके लिए वे सभी वास्तव में बधाई के पात्र हैं। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि आने वाले समय में भी शासकीय कार्यों के कुशल संपादन हेतु हमारे सभी अधिकारी-कर्मचारियों का सक्रिय सहयोग मिलता रहेगा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने जिले में लोकसभा आम निर्वाचन के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में जिले के अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सम्मान समारोह में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स विजय देवांगन, नंद किशोर यादव, सीडी मानिकपुरी, षडेन्द्र देशमुख सहित विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी, गणना सुपरवाईजर एवं गणना सहायकों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने ली राजपत्रित अधिकारियों की समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

रामकृष्ण साहू भापुसे पुलिस अधीक्षक द्वारा राजपत्रित अधिकारियों की समीक्षा मीटिंग लिया गया जिसमें लंबित अपराधों लंबित चालान लंबित मर्ग लंबित गुम इंसान लंबित शिकायतों का शीघ्र निकाल करने तथा अपने अपने अनुविभाग थाना एवं चैकी क्षेत्रांतर्गत ढाबो में आकस्मिक निरीक्षण कर अवैध रूप से शराब बिक्री या पिलाये जाने पर संबंधित ढाबा संचालको के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करने एवं अवैध मादक पदार्थ गांजा शराब जुआ सट्टा अन्य नषीली दवाओं एवं संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त से सख्त वैधानिक कार्यवाही करने तथा गुंडा एवं निगरानी बदमाष की प्रतिदिन चेक करने जिसमें अपराधों में अंकुष लगाया जा सके थाना एवं चैकी में शराब नष्टीकरण की कार्यवाही व वाहनों का नियमानुसार निराकरण करने रेंज स्तरीय त्रिनयन एप एवं साईबर प्रहरी ग्रुप में अधिक से अधिक लोगो को शामिल करने जिससे अपराधों की रोकथाम में अंकुष लगाया जा सके। किसी प्रकार की कोई कोताही नही बरतने तथा मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने हेतु निर्देषित किया गया 01 जुलाई से लागू नवीन कानून के नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया इस अवसर परतेजराम पटेल पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरलाराजेष कुमार झा प्रभारी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतराकमलनारायण शर्मा उप पुलिस अधीक्षक बालक विरूद्ध अपराध सउनि 'अ'अजय कुमार देवांगन स्टेनों प्रभारी सउनि विष्णु सप्रे रीडर 1 उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जिले के लिए प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज स्थापना के कार्ययोजना के लिए अधिकारियों की ली

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने जिला हास्पिटल के सभाकक्ष में कबीरधाम जिले के लिए ग्राम घोठिया में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज स्थापना एवं मॉडल हॉस्पिटल के कार्ययोजना के लिए अधिकारियों की बैठक ली। प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज स्थापना एवं मॉडल हॉस्पिटल के कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर जनमेजय महोबे, राज्य शासन के सीजीएमएससी के एमडी पदमनी भोई साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल एवं मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण के लिए तैयार की गई ड्राइंग-डिजाईनिंग नक्शा का अवलोकन किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि वर्तमान में जिला चिकित्सालय में 100 बिस्तरीय सेट-अप स्वीकृत है। उन्होंने कहा कि एम.सी.आई. के मापदण्ड अनुसार मेडिकल कॉलेज के लिए 220 बिस्तरीय सेट-अप की आवश्यकता है। उन्होंनें सीएमएचओं को जिला चिकित्सालय के 100 बिस्तरीय सेट-अप को बढ़ाकर 220 बिस्तर करने के लिए संचालक, स्वास्थ्य सेवायें छत्तीसगढ़ को प्रस्ताव प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया। उपमुख्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय कबीरधाम अंतर्गत पूर्व में संचालित कोविड केयर हास्पिटल बिल्डिंग, जो वर्तमान में आयुष पॉलिक्लिनिक के कार्यों में उपयोग किया जा रहा है। लेकिन 220 बिस्तरीय नवीन प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के अनुरूप चिकित्सा संबंधी सुविधा कार्यों एवं अन्य कार्यों की आवश्यकता होने पर उक्त बिल्डिंग एवं परिसर को उपयोग किया जाना प्रस्तावित है जिसके लिए शासन को पत्र प्रेषित करने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया।

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चन्द्रवाल ने अधिकारियों को जिले को दुर्घटना मुक्त बनाने हेतु सभी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान अधिकारियों ने बालोद जिले को दुर्घटना मुक्त बनाने के उपायों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, एडीशनल एसपी अशोक जोशी सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश रावटे एवं अन्य अधिकारियों के अलावा जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने कहा कि अतिवृष्टि एवं आंधी, तुफान के कारण मार्ग में पेड़ आदि गिरने से मार्ग बाधित होने पर संबंधित विभागों द्वारा आपसी समन्वय से तत्काल आवागमन बहाली हेतु समुचित कार्रवाई की जाए। चन्द्रवाल ने अधिकारियों को सड़क में विचरण करने वाले घुमन्तु मवेशियों की समस्या की रोकथाम हेतु प्रभावी कदम उठाने तथा मुख्य नगर पालिका एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को काऊ कैचर आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शराब पीकर तथा तेज गति से वाहन चलाना सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण है। उन्होंने शराब पीकर तथा तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को सघन अभियान चलाने को कहा। कलेक्टर ने जिले में 06 जुलाई से शुरू हो रहे जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले के स्कूल, कॉलेजों एवं हाट बाजार आदि स्थानों में यातायात सुरक्षा के संबंध में शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के पश्चात् जिले में घटित सड़क दुर्घटना एवं जन-धन की क्षति के संबंध में भी जानकारी ली। अधिकारियों ने जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप प्रकरणों में निरंतर कमी आने की जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने जिले के आम जनता को सड़क दुर्घटना की रोकथाम के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु यातायात रथ के माध्यम से समुचित प्रचार-प्रसार करने के भी जानकारी दी।

रेंगाखार में 4 जुलाई को होगा संपूर्णता अभियान का विधिवत शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

केन्द्र तथा राज्य शासन की प्राथमिकता वाली कार्यक्रमों में शामिल आकांविकासखण्ड के तहत 01 जुलाई से 03 सितम्बर 2024 तक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का विविधत शुभारंभ 04 जुलाई को बोडला विकाखण्ड के सुदूर वनांचल ग्राम रेंगाखार में किया जाएगा। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आकांविकासखण्ड संपूर्णता अभियान की तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कबीरधाम जिले आदिवासी एवं विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहूल्य बोडला विकासखण्ड को आकांविकासखण्ड के रूप में चयन किया गया है। इस आकांविकासखण्ड के तहत यह अभियान चलाया जाएगा। राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ के 20 विकाखण्ड को आकांविकासखण्ड के रूप में चयन किया गया है, जिसमें कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड भी शामिल है। कलेक्टर जनमजेजय महोबे ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आकांविकासखण्ड कार्यक्रम के तहत चल रहे कामकाज की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि आकांविकासखण्ड के तहत विकासखण्ड में स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग और एनआरएलएम के कार्यक्रमों और योजनों के क्रियान्वयनों को विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न विभागों मे सचालित 40 योजनाओं के क्रियान्यन को भी प्राथमिकता में रखा गया है। संपूर्णता अभियान के शुभारंभ में संपूर्णता अभियान में यात्रा, मशाल, ज्योति यात्रा, उत्सव और राज्य शासन की विभिन्न विभागों की स्टॉल लगाएं जाएंगे।

मानस दर्शन ने पेश किया नारी सशक्तिकरन का अनूठा मिशाल

बेमेतरा जिले से कल्याणी सेन चुनी गई मानस दर्शन संयोजक

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

मानस दर्शन जीवन अर्पण अपनी विशिष्टता व विविध आयोजनों के कारण छ ग ही नही अपितु पूरे भारत वर्ष में ख्याति प्राप्त कर चुका है जिनके माध्यम से सनातन धर्म एवम संस्कृति जुड़े विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा ह एवं रामचरित मानस व तुलसी साहित्य का प्रचार किया जा रहा है ।जिसमे राष्ट्रीय संत का सहज आगमन आयोजन की विशिष्टता को दर्शाता है ।संस्थापक दीपक गुह्य जी की परिकल्पना व नई सोच ने मानस जगत में एक क्रांति ला दी है सभी मानस प्रेमी प्रभावित व प्रसन्न है।इसी क्रम में मानस दर्शन नारी शक्ति संयोजक मंडल की जिसका चयन ऑनलाइन उपस्थिति व भेजे गए पूर्व प्रस्ताव के आधार पर किया गया। छ ग के विभिन्न जिलों से स्वेच्छा से नाम मंगवाये गए थे ।जिसका चयन छ ग के विभिन्न जिलों के मानस संघ के पदाधिकारियों व संयोजकमण्डल की उपस्थिति में किया गया जिसमे शामिल नाम इस प्रकार है है। बेमेतरा से कल्याणी सेन, धमतरी से सविता सोन, बालोद से वंदना साहू, राजनांदगांव सेपुष्पा सिन्हा रायपुर से कविता यादव, दुर्ग से दीदी मां नूतन साहू, कांकेर से प्रतिभा साहू को किया जिससे पूरे मानस जगत में हर्ष का माहौल है कार्यकम में आशीर्वादक राज मानस संघ छग के अध्यक्ष पंडित अर्जुन पूरी गोस्वामी, देवलाल सिन्हा बेमेतरा पिंटू पटेल कवर्धा गुप्तेश्वर बघेल कोंडागांव केके सिन्हा पुनेश्वर साहू दुर्ग मैसूल साहू रायपुर रामकुमार प्रजापति के अलावा मोतीलाल राठौर बस्तर चिमन साहू निशा साहू लोकेंद्र सेन विष्णु साहू माखन साहू देवी भूमिका साहू सुरेखा शर्मा मुस्कान साहू सुनीता साहू भारती साहू आस्टीया वर्मा पुष्पा सिन्हा सहित बड़े संख्या में मानस रसीक उपस्थित थे ।अब देखना ये है कि नारी शक्ति संयोजकमण्डल मानस दर्शन के उद्देश्यों को जन जन तक पहुचाने में कितना सफल होती है।

कलेक्टर ने किया साजा क्षेत्र के शराब दुकान का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अपने साजा वि.ख.दौरे के दौरान साजा क्षेत्र के शराब दुकान का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया । इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य शराब की बिक्री और लाइसेंस की शर्तों के अनुपालन की जांच करना था। निरीक्षण के दौरान, कलेक्टर ने शराब दुकान के रिकॉर्ड और दस्तावेजों की जांच की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी नियमों और विनियमों का पालन किया जा रहा है। उन्होंने शराब की गुणवत्ता और उसकी सही कीमत पर बिक्री की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने दुकान के कर्मचारियों से बातचीत की और उनसे लाइसेंस शर्तों और अन्य नियमों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि दुकान के आसपास कोई अवैध गतिविधि न हो और न ही किसी प्रकार की अव्यवस्था फैल रही हो। इसके अलावा, कलेक्टर ने स्थानीय लोगों से भी बात की और उनकी शिकायतों और सुझावों को सुना। उन्होंने शराब दुकान प्रबंधन को निर्देश दिए कि वे सभी नियमों का पालन करें और स्थानीय समुदाय के हितों का ध्यान रखें। साथ ही आसपास की अवैध गतिविधियों की जांच की गई, जैसे कि शराब की अवैध बिक्री या बिना लाइसेंस के शराब बेचना। स्थानीय निवासियों से बातचीत कर उनकी शिकायतों और सुझावों को सुना गया। कलेक्टर ने यह सुनिश्चित किया कि शराब दुकान के मालिक और कर्मचारी सभी नियमों और कानूनों का पालन कर रहे हैं। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस निरीक्षण का उद्देश्य शराब की अवैध बिक्री को रोकना और स्थानीय कानूनों के सख्त पालन को सुनिश्चित करना था। इस दौरान अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

डाक्टर वर्मा ने जन्म दिवस पर पौधारोपण किया

बेमेतरा । डॉक्टर डी.पी वर्मा ने अपनी जन्मदिन के अवसर पर ग्राम कठिया के मुक्तिधाम पर लगाए पौधे जैसे की पीपल, नीम और गुलमोहर लगाकर लगाकर अपना जन्मदिन मनाया साथी ही पर्यावरण प्रेमी संगठन को मिठाई खिलाया व संगठन को सहयोग राशि से सम्मानित किया गया साथी डॉक्टर साहब ने बताया कि संगठन के द्वारा निरंतर जागरूकता करने का कार्य किया जा रहा है जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू सचिव गणेश कुमार साहू सदस्यगण लक्ष्मी साहू , डीके साहू ,चम्मन निषाद, रामकृष्ण सेन, अक्षय साहू, खोमान चंद्राकर उपस्थित थे।

शहर के मध्य ओम ज्वेलर्स का मामला, एसपी पहुंचे मौके पर

फिल्मी अंदाज में बाईक सवार दो युवक लाखों का जेवर लेकर हुए फरार

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में मंगलवार की रात चक्रधर नगर चौक में स्थित ओम ज्वैलर्स संचालक के यहां काम करने वाली दो लडकियों के हाथों से फिल्मी अंदाज में बाईक सवार दो अज्ञात लोगों के द्वारा सोने चांदी के जेवरात लूटकर फरार होने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही चक्रधर नगर पुलिस टीम के अलावा स्वयं पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंच चुके हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शहर के चक्रधर नगर चौक में स्थित ओम ज्वेलर्स के संचालक के द्वारा रोजाना की भांति अपने दुकान बंद करने के दौरान दुकान में रखे सोनें चांदी के आभूषणों को अपने यहां कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा अपने घर में सुरक्षित रखवाया जाता था। बताया जा रहा है कि मंगलवार की देर शाम भी दुकान बंद करने से पहले संचालक के द्वारा अपने दुकान में रखे सोनें चांदी से भरे दो बैग तैयार करके अपने कर्मियों के माध्यम से भिजवाया गया। बताया जा रहा है कि ज्वेलर्स के दो लड़की कर्मचारी आभूषण से भरा बैग लेकर जब निकले और कुछ दूर ही पहुंच पाये थे कि इसी बीच मोटर सायकल में सवार दो अज्ञात शख्स फिल्मी अंदाज में उनसे बैग छीनकर बाईक में ही फरार हो गए हैं। अज्ञात आरोपियों का लूट का यह वीडियो वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

उठाईगिरी की सूचना ज्वेलर्स दुकान के संचालक द्वारा चक्रधर नगर थाने में दिये जाने पर तत्काल चक्रधर नगर पुलिस, व सायबर टीम के साथ पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल मौके पर पहुंचे और आरोपियों की पतासाजी के लिये तत्काल शहर के चारो तरफ नाकेबंदी कराने के बाद चार अलग-अलग टीमें बनाकर उठाईगिरी की धरपकड़ के लिये अभियान तेज कर दिया है। बताया जा रहा है कि आभूषण से भरे इस बैग में लाखों रूपये के सोनें चांदी के जेवरात थे, जिन्हें संदिग्ध अज्ञात उठाईगिरों ने बकायदा रेकी करने के बाद इस घटना को अंजाम दिया है।

ज्वेलर्स संचालक अपने घर भिजवा रहा था गहने–बताया जा रहा है कि ओम ज्वेलर्स का संचालक चक्रधर नगर चौक के पास ही स्थित सरला विला में रहता है और मंगलवार की रात दुकान बंद करने के बाद अपने दुकान में कार्यरत दो लड़कियों के हाथों दुकान के सोनें चांदी के जेवरात को अपने घर भिजवाया जा रहा था इसी बीच लूट की यह घटना घटित हो गई।

दोनों लड़कियों से पूछताछ जारी–मंगलवार की शाम ओम ज्वेलर्स में कार्यरत दो लड़कियों के हाथों से बाईक सवार दो अज्ञात लोगों के द्वारा सोनें चांदी के जेवरात से भरे बैग को फिल्मी अंदाज में लूटकर फरार हो गए हैं जिसके बाद पुलिस दोनों ही लड़कियों से अज्ञात आरोपियों के संबंध में पूछताछ कर रही है ताकि जल्द ही आरोपियों तक पहुंचा जा सके।

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस–रायगढ़ पुलिस के द्वारा बाईक सवार दोनों आरोपियों को पकड़ने के लिये आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और पुलिस के हाथ कुछ क्लू भी मिले है जिसके आधार बहुत जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। आरोपियों को पकड़ने के लिये पुलिस अलग-अलग टीम बनाकर जांच में जुट गई है।

लाल माटी पंचायत में कौन सरपंच है पहचानो

लाखों रुपए का गबन इनका दोषी कौन सरपंच होगा और उनके ऊपर अब क्या कार्रवाई होगी

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

यहां देखने वाली बात यह है कि एक ही घर से दो सरपंच इस पंचवर्षीय योजना में सरपंच का कार्य संभाले हैं जिसमें चार वर्षो तक सरपंच कैवरा बाई चौहान ने कार्य को संभाल उनके बाद अभी वर्तमान में जुरमानिया सिदार सरपंच है इस तरह से देखा जाए तो एक ही घर के देवरानी - जेठानी दोनों सरपंच को संभालै यहां पर यह कहना लाजमी होगा कि वास्तविक सरपंच जुरमानिया सिदार जो वास्तविक सरपंच है इसी की आड़ लेते हुए कैवरा बाई चौहान ने 4 वर्षो तक संभाला और उन्होंने ही 15 वें वित्त का काम कराया जिसमें पचरी निर्माण किया तालाब में 1,50,000 लाख रुपए गौठान में पाइप लाइन 49 लाख नाली निर्माण राम मंदिर से एक लाख नाली निर्माण भैनैतरा मोहन घर से 1,50,000 लाख सीसी रोड मोहन घर से आगे 1,34,000 लाख इस तरह से कैवरा बाई चौहान नै हीं सी सी रोड मोहन घर से आगे 1,34,000 लाख इस तरह से कैवरा बाई नै हीं कार्य कराया और शासन से राशि निकाला वहीं पर ग्राम पंचायत लालमाटी में जब हमारे प्रतिनिधि ने जाकर यह जानकारी प्राप्त किया की 15 वें वित्त राशि का 2023 में कितना काम कराया गया है तो ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे यहां कोई भी काम नहीं हुआ है और सारे राशि आहरण हो चुका है इस तरह से देखने वाली बात यह है कि एक घर के ही दो सरपंच होते हुए पूरा लाखों रुपया शासन का गबन कर गए और कोई भी कार्य नहीं कराया । अब देखनै वाली बात यह है कि गाज कैवरा बाई चौहान के ऊपर गिरती है या जुर्मानिया सिदार के खिलाफ क्योंकि वास्तविक सरपंच तो जुरमानिया सिदार ही है । यह जानकारी सूचना के अधिकार से प्राप्त हुआ कि लालमाटी पंचायत में लाखों रुपए का 15 वें वित्त का 2023 का गबन हो गया है लेकिन वहां पर कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया गया केवल पैसा लूटने का ही काम सरपंच एक ही घर के लोगों ने किया । ऐसा ही होता है कि अनपढ़ सरपंच रहने से उनके ही घर के लोग उन्हें ही धोखा दे जाते हैं यह कहानी आपके क्षेत्र के लाल माटी ग्राम पंचायत का है। जहां पर एक ही घर के दो सरपंच हैं लंबे समय के बाद ही इन दोनों सरपंचों का खुलासा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैजैपुर नै खुलासा किया। इस पंचायत में रहने वाले सचिव भी इतने गुनहगार हैं वह तो सामने आएगा कि कौन सचिव ने इस राशि का आहरण किया है इसमें सरपच - सचिव दोनों गुनहगार हैं। सरपंच का कार्यकाल समाप्ति की ओर है लेकिन सचिव तो हमेशा ही रहेगा।

हाथी ने ढहाया गर्ल्स हॉस्टल का अहाता उधर मकान और गार्डन को भी नुकसान

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान समय में पहले की अपेक्षा हाथियों की मौजूदगी कम संख्या में दर्ज की गई है। डिविजन क्षेत्र में फिलहाल कुल 62 हाथी अलग अलग क्षेत्रों में विचरण कर रहे हैं। इन सब के बीच वर्तमान समय में मकान क्षति के मामले अधिक सामने आ रहे हैं।

हाल ही में लैलूंगा इलाके में हाथियों से ग्रामीण के घरों को नुकसान पहुंचाए जाने के मामले विभागीय रिपोर्ट में दर्ज किए गए थे। अब फिर से लैलूंगा इलाके में एक ग्रामीण के मकान सहित बगीचा एवं फलदार वृक्षों को हाथियों से क्षति पहुंची है। लैलूंगा क्षेत्र के खुसरमुड़ा नामक इलाके में यह वाकया सामने आया है। उधर , वन मंडल क्षेत्र अंतर्गत आने वाले छाल रेंज में भी हाथियों ने गर्ल्स हॉस्टल के अहाता दीवाल को ढहा दिया है। गेरवानी की ओर से छाल रेंज में आए हाथियों के मूवमेंट के दौरान पुरुंगा एरिया में स्थानीय गर्ल्स हॉस्टल के बाउंड्री वॉल के हिस्से को क्षति पहुंची है।

फिलहाल, छाल वन परिक्षेत्र अंतर्गत कुड़ेकेला जंगल में 17, कापू रेंज के पुसाऊडेरा इलाके में 11 और लैलूंगा इलाके के तिलाईदरहा जंगल में 17 हाथियों का बड़ा समूह मौजूद है। वहीं, प्रभावित इलाकों में सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सभी विभागीय उपाय अपनाए जा रहे हैं।

रामपुर से गोवर्धनपुर मार्ग में गड्ढों का भराव कर आवागमन किया गया सुचारू

भारी वाहनों के कारण लग रहा था जाम

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रामपुर से गोवर्धनपुर मार्ग पिछले दिनों हुई बारिश के कारण मार्ग में कई जगह गड्ढे हो गए थे जिसकी वजह से इस मार्ग पर भारी वाहनों को आवागमन बाधित हो रहा था। जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। ऐसी स्थिति को देखते हुए कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने नगर निगम आयुक्त और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए मार्ग में गड्ढों को भरते हुए आवागमन को सुचारू करने के निर्देश दिए थे। जिसके पश्चात गड्ढों का भराव कर भारी वाहनों की आवाजाही शुरू करवाई गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीओ पीडब्ल्यूडी मुरारी सिंह नायक ने बताया कि सड़क में गड्ढों में स्लैग का भराव किया गया है। नीचे बड़े स्लैग डाले गए हैं और सड़क को समतल किया जा रहा है। गड्ढों से पानी निकासी की व्यवस्था भी की जा रही है। जिससे सड़क पर भारी वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से हो सके। गौरतलब है कि रामपुर से गोवर्धनपुर मार्ग में रोजाना सैकड़ों भारी वाहनों, ट्रकों की आवाजाही होती है। इससे इस मार्ग में बारिश के दौरान गड्ढे में वाहनों के फसने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग रही थी। गड्ढों का भराव कर यातायात सुचारू किया गया है। नगर निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि इस मार्ग के निर्माण के लिए नगर निगम के द्वारा प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया है। स्वीकृति प्राप्त होने के तत्काल पश्चात मार्ग का निर्माण प्रारंभ कर दिया जाएगा।

एनएसयूआई ने मुख्यमंत्री व गृह मंत्री का पुतला दहन किया

रायपुर के मुरिया में छात्र की हत्या को लेकर जताया विरोध

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

विगत कुछ दिन पहले बस्तर निवासी 21 वर्षीय छात्र मंगल मुरिया को राजधानी, रायपुर के कुछ आपराधिक तत्व के लोगों द्वारा सरेआम अपहरण कर पीट-पीट कर हत्या कर दिए इस गंभीर घटनाएं व भाजपा सरकार की लचर कानून-व्यवस्था व अनुभवहीन गृहमंत्री के कियाकलाप से आये दिन राजधानी रायपुर सहित प्रदेश में अपरहरण, हत्या व मॉब लिंचिंग जैसी गंभीर घटनाएं घट रही है। राजधानी रायपुर में हुयी लोहांडीगुड़ा के छात्र की हत्या के विरोध में मंगलवार को रायगढ़ में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आरिफ हुसैन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री का पुतला दहन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद संजय देवांगन, साकिब अनवर, मीनू गुप्ता,जग्गू ठाकुर, गौरव साव, विकास साव, सरीम सिद्दीकी, कौशल मैत्री, आखलख खान,दीपक इजादर, सिपतैन रजा, मोंटी, बलराम, अविनाश, विकास, अखिल, राजू, सजन, कारण, योगेश, तुषार व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एनटीपीसी लारा ने एक पेड़ माँ के नाम पौधा रोपण कार्य का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

अनिल कुमार, कार्यकारी निदेशक (एनटीपीसी लारा) एवं अनुराधा शर्मा, अध्यक्षा (प्रेरिता महिला समिति) द्वारा एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ 02 जुलाई को किया गया। विदित हो की इस पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण सुरक्षा के लिए एक पेड़ माँ के नाम लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को आह्वान किया था। इस पर अमल करते हुए एनटीपीसी लारा ने वर्षा ऋतु की पहली पुहार के बाद वृक्षा रोपण अभियान शुरू किया है। कार्यकारी निदशक अनिल कुमार एवं प्रेरिता महिला समिति की अध्यक्षा अनुराधा शर्मा द्वारा प्रशासनिक भवन परिसर में वृक्षा रोपण किया। इसके साथ साथ परियोजना के आस पास भी पौधा रोपण कार्य भी किया गया है। प्रधान मंत्री ने देश में सितम्बर तक 80 करोड़ एवं मार्च 2025 तक 140 करोड़ वृक्षा रोपण का लक्ष निर्धारित किया है। इस अवसर पर महाप्रबंधक राजीव रंजन, सभी विभागाध्यक्ष एवं प्रेरिता महिला समिति की सदस्याएं भी वृक्षा रोपण कर पर्यावरण सरंक्षण में अपनी सहभागिता दी। साथ ही लारा परियोजना से आस पास के ग्रामों मेन भी पौधरोपन का अभियान भी शुरू किया गया है।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनो की विभिन्न समस्याए

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूरदराज के गांवों से आये विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में आज कुल 38 आवेदन प्राप्त हुए है। जनदर्शन में आज सक्ती निवासी अनिल शर्मा ने जेठा रेलवे स्टेशन में इतवारी टाटानगर ट्रेन के ठहराव के लिए आवेदन लेके पहुंचे, तहसील बाराद्वार अंतगर्त ग्राम केसला, नवागाँव, बरपेल्हाडीह के समस्त ग्रामवासीयों द्वारा राजस्व ग्राम की मांग के संबंध में, ग्राम देवरघटा के फोहारा सतनामी द्वारा पेंशन दिलवाने के संबंध में, ग्राम देवरीमठ निवासी समारीन बाई द्वारा पीडब्लूडी के सड़क निर्माण में आये जमीन का मुआवजा राशि दिलाने, ग्राम भोथिया निवासी राकेश चंद्रा द्वारा ग्राम पंचायत भोथिया के जर्जर रोड को रिपेयर करने के संबंध में, ग्राम आडिल निवासी सोनाई बाई साहू द्वारा महतारी वंदन योजना का राशि नहीं मिलने के संबंध में, ग्राम जुड़गा निवासी खगेश्वर प्रसाद द्वारा पीएमयोजना का लाभ दिलाये जाने, ग्राम देवरीमठ निवासी बाबूलाल चौहान द्वारा ऋण पुस्तिका में खसरा नंबर दर्ज कराने, ग्राम नवापाराकला निवासी परमेश्वर पटेल, शिवचरण पटेल द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि दिलाये जाने, ग्राम चंदेलीडीह निवासी सुममता चंद्रा द्वारा दिव्यांग पेशन और शिक्षा के लिए सहयोग राशि दिलाये जाने सहित अन्य विभिन्न आवेदको द्वारा सप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया गया द्य जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा राजस्व, आवास, पेंशन भुगतान, भूमि विवाद, नामांतरण, बटवारा सहित अन्य आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे । उल्लेखनीय है कि आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन प्रत्येक मंगलवार को आयोजित किया जा रहा है। जनदर्शन में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, संयुक्त कलेक्टर दुष्यंत कुमार रायस्त, जिला कोषालय अधिकारी दशरथ सोनी, डभरा एसडीएम बालेश्वर राम, सक्ती एसडीएम अरुण सोम, मालखरौदा एसडएम रूपेंद्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

मारवाड़ी युवा मंच ने शहर के 92 साल पुराने सदर प्राथमिक स्कूल के बच्चों को बांटी अध्यापन सामग्री एवं करवाया जलपान

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर के सन 1932 में स्थापित 92 साल पुराने सदर प्राथमिक स्कूल में 3 जुलाई को मारवाड़ी युवा मंच की शक्ति शाखा ने पहुंचकर यहां के नव प्रवेशी बच्चों तथा विद्यालय के विद्यार्थियों को शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की बधाई देते हुए उनका स्वागत किया तो वहीं इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के संरक्षक महेंद्र जिंदल के सौजन्य से काफी, पेंसिल बॉक्स, रबर,कलर पेंसिल, ज्ञान वर्धक पुस्तक एवं अन्य जरूरी शैक्षणिक सामग्रियों का वितरण किया गया तथा इस अवसर पर सदर प्राथमिक स्कूल के लगभग 50 बच्चे मौजूद थे जिन्हें मारवाड़ी युवा मंच द्वारा अध्यापन सामग्री वितरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई,साथ ही इस अवसर पर मंच के संरक्षक हरिओम अग्रवाल एवं अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल साइ कंप्यूटर ने बताया कि नया शैक्षणिक सत्र हमारे नव प्रवेशी बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है, एवं बच्चे प्रारंभिक काल से ही शिक्षा के प्रति रुचि दिखाते हुए मन लगाकर पढ़ाई करें तथा नियमित रूप से स्कूल आए तो वे प्रदेश एवं राष्ट्र की तरक्की में अपना योगदान दे सकते हैं,वहीं इस अवसर पर मंच की शाखा द्वारा सदर प्राथमिक शाला के सभी शिक्षक परिवार का भी धन्यवाद व्यापित किया गया साथ ही मारवाड़ी युवा मंच की शक्ति शाखा द्वारा बच्चों को अध्यापन सामग्री वितरित करने के बाद बच्चों के चेहरे में भी मुस्कान दिखी तथा बच्चों ने भी भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के घोष के साथ मंच सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा इस अवसर पर विद्यालय की प्रधान पाठिका हेमलता साहू ने भी कहा कि आज मंच के सदस्यों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए जो रचनात्मक कार्य किया है, हम इसके लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं, साथ ही हमारे विद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ाने की दिशा में पहल की जा रही है।

कलेक्टर ने पीएम किसान सम्मान निधि, ई केवाईसी, लैंड सीडिंग, आधार सीडिंग की भी जानकारी ली

कलेक्टर टोपनों ने जिले में विभागों को दिया वृक्षारोपण का टारगेट

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्य और विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने बरसात के मौसम में जिले के विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों सहित अन्य उचित स्थल चिन्हांकित कर पौधरोपण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने वन विभाग से पौधो की उपलब्धता की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए सभी ब्लॉक में शिविर लगाए जाने की तैयारी करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने सभी जनपदों से जनपदवार शिविर के लिए उपयुक्त स्थलों की जानकारी उपलब्ध कराने तथा संबंधित अधिकारियो को शिविर आयोजन के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा बनाए जाने के निर्देश दिए है, समय सीमा की बैठक में जिला कोषालय अधिकारी दशरथ सोनी ने बताया की जुलाई माह से सारे विभागों के देयक ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने सभी आहरण और संवितरण अधिकारियो को ऑनलाइन तकनीक से देयक भेजे जाने के प्रक्रिया की जानकारी दी तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर जिला कोषालय कार्यालय से संपर्क करने कहा। कलेक्टर ने बरसात के मौसम में जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक उपाय करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। बैठक में कलेक्टर ने नगरीय निकाय के परिसीमन कार्य की जानकारी ली तथा उन्होंने कहा की आगामी समय में नगरीय निकाय और पंचायत के चुनाव होने है। कलेक्टर ने आगामी चुनाव के लिए संबंधित अधिकारियो को आवश्यक डिमांड जल्द भेजने के निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर ने जिले मे खाद-बीज की उपलब्धता और वितरण की जानकारी लेते हुए सभी सोसायटी में आवश्यकतानुसार खाद बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करते हुवे वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने पीएम किसान सम्मान निधि, ई केवाईसी, लैंड सीडिंग, आधार सीडिंग की भी जानकारी ली। इसके साथ ही कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के पूर्ण, अपूर्ण, प्रगतिरत कार्य सहित अद्यतन स्थिति की जनपदवार जानकारी ली। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के छात्रावासो के निरीक्षण के लिए निर्धारित नोडल अधिकारियों को छात्रावासो का निरीक्षण कर आवश्यक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

पुलिस ने की अवैध कबाड़ पर कार्यवाही

ट्रक में लोड़ 16 टन स्क्रैप के साथ आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन पर घरघोड़ा पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ-सट्टा, कबाड़ जैसी गतिविधियों पर मुखबीर लगाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में कल रात्रि थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी को मुखबीर से मिली सूचना पर गस्त दौरान थाना घरघोड़ा स्टाफ द्वारा घरघोडा बाईपास में ट्रक चालक को अवैध कबाड़ परिवहन करते पकड़ा गया है। वाहन चालक चन्द्रशेखर यादव पिता रामपलट यादव उम्र 55 वर्ष निवासी टैनी थाना पवईन जिला आजमगढ उत्तर प्रदेश के पास कबाड़ परिवहन के वैध दस्तावेज नहीं होने से विधिवत कार्यवाही करते हुये घरघोड़ा पुलिस द्वारा आरोपित ट्रक चालक चन्द्रशेखर यादव के कब्जे से ट्रक में लोड़ लोहा, एंगल एवं अन्य लोहा के सामान वजनी करीब 16 टन स्कैप कीमती 5,50,000 का मय वाहन जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 35(क) (ड) 303(2) के तहत कार्यवाही किया गया है।

युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने पेरिस ओलम्पिक्सव में टीम इंडिया के लिये तस्वा की सेरेमोनियल ड्रेस का अनावरण किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

तस्वा, आदित्य बिरला फैशन एण्डा रिटेल लि. और मशहूर डिजाइनर तरुण तहलियानी के मेन्सा इंडियन वियर ब्राण्ड , ने आगामी पेरिस ओलम्पिक्सद्ध 2024 के लिये टीम इंडिया की सेरेमोनियल ड्रेस बनाने का प्रतिष्ठित काम किया है। युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने इंडियन ओलम्पिक्सष एसोसिएशन की प्रेसिडेंट डॉ. पी.टी. ऊषा की मौजूदगी में टीम इंडिया के ऑफिशियल सेरेमोनियल ड्रेस का अनावरण किया। तस्वी अब दुनिया में फैशन की राजधानी, पेरिस में भारत के पारंपरिक परिधानों पर अपना नया नजरिया दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार है। सेरेमोनियल ड्रेस भारत के समृद्ध सांस्कृतिक चित्रपट से प्रेरित है और इसमें हमारे तिरंगे के केसरिया, हरे एवं सफेद रंगों से सराबोर देशभक्ति का उत्सातह भी साफ-साफझलकता है। तस्वा् के चीफ डिजाइन ऑफिसर तरुण तहलियानी ने किट के अनावरण समारोह में बताया, ''हम टीम इंडिया के लिए ड्रेस बनाकर बहुत सम्मा नित महसूस कर रहे हैं। हमने ऐसे परिधान बनाने के? लिये इंडियन ओलम्पिक एसोसिएशन के साथ मिलकर काम किया है, जो भारत की गाथा गाते हैं। यह परिधान न सिर्फदेखने में आकर्षक हैं, बल्कि कम्फर्ट और व्यावहारिकता को भी ध्योन रखकर बनाये गये हैं। ओपेनिंग सेरेमनी में सभी के साथ भव्यकता से प्रवेश करते हुए, हमारे खिलाड़ियों के हवादार और हल्के-फुलके परिधान जुलाई में पेरिस की गर्मियों के बिलकुल अनुकूल होंगे। तहलियानी ने आगे कहा, हम चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ी वैश्विक मंच पर इस अहसास के साथ अपने कदम आगे बढ़ाएं कि वे भारत की संस्कृति एवं धरोहर के दूत हैं। यह हमारा सपना है कि हमारी परंपराओं का दुनियाभर में सम्मारन किया जाए और उसकी प्रशंसा हो। ओपेनिंग सेरेमनी में टीम इंडिया के पुरुष खिलाड़ी कुर्ता बंडी सेट पहनेंगे, जबकि महिला खिलाड़ी खूबसूरती साड़ियों में नजर आयेंगी। इन परिधानों में इकट से प्रेरित और केसरिया और हरे रंग में डिजिटल तरीके से प्रिंटेड पैनल होंगे। नीले रंग के बटनहोल अशोक चक्र के प्रतीक होंगे, जबकि आइवरी बेस शांति और एकता दिखाएगा। यह लुक आधुनिक ट्रेनर्स से पूरा होता है, जो बनारस का पारंपरिक ब्रोकेड पहनेंगे जिसमें आधुनिक फैशन के साथ परंपरा का सहजता से संगम किया गया है। तरुण तहलियानी ने आगे कहा, यह सेरेमोनियल ड्रेस बड़ी खूबसूरती से पुराने भारतीय स्टा इल को आधुनिक खिलाड़ी जैसा एहसास देती है। कुर्ता बंडी सेट को हल्के-फुल्के मॉस कॉटन से बनाया गया है, यह हवादार हैं और पूरा कम्फर्ट प्रदान करते हैं। साड़ी चूंकि सुंदरता और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है, इसलिये उसे स्वाटभाविक तरीके से लपेटने और हवादार रखने के लिये विस्कोतस क्रेपे से नयापन दिया गया है। इस तरह हमारे खिलाड़ियों को कम्फर्ट के साथ-साथ खूबसूरती का भी अहसास होगा। ओलम्पिक मेन्सा टेबल टेनिस का नेतृत्वह कर रहे और पेरिस ओलम्पिक्से में टीम इंडिया के ध्ज्वाहक शरथ कमल ने कहा, ''इस सेरेमोनियल ड्रेस को पहनने का अनुभव दमदार था। जब मैंने खुद को शीशे में देखा, तब हमारी धरोहर पर गर्व और उससे जुड़ाव की तीव्र भावना जागी।

बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए 46 करोड़ की लागत से 132 केव्ही का नया सब-स्टेशन ऊर्जीकृत

कवर्धा के बैजलपुर में बना उपकेंद्र, 80 एमव्हीए होगी सब-स्टेशन की क्षमता

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी निरंतर और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिए प्रदेश में लगातार पारेषण क्षमता का विस्तार कर रही है। इसी कड़ी में 132/33 केवी सब-स्टेशन बैजलपुर (सिल्हाटी-कवर्धा) को सफलतापूर्वक उर्जीकृत किया गया। इस परियोजना की कुल लागत 46.13 करोड़ रूपए है। ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने आज दोपहर 2 बजे इसे ऊर्जीकृत कर सप्लाई आरंभ की। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पॉवर कंपनीज. के अध्यक्ष पी. दयानंद के निर्देशन में प्रदेश में पारेषण नेटवर्क को मजबूत बनाने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में बैजलपुर में 132/33 केवी का सब-स्टेशन स्थापित किया गया है, जिसकी क्षमता 80 एमव्हीए होगी, इसमें से 40 एमव्हीए क्षमता का एक ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया गया है। इसकी अनुमानित लागत 20.45 करोड़ रूपए है। इस उपकेंद्र में विद्युत सप्लाई गेंदपुर-बैजलपुर 220/132 केव्ही लाइन से होगी, जिसके लिए 32.5 किलोमीटर नई लाइन बिछाने पर 24 करोड़ रुपए एवं 220/132 केव्ही उपकेंद्र गेंदपुर में 132 केव्ही के दो फीडर-बे के निर्माण के लिए 1.68 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मानसून के सब-स्टेशन तैयार होने से क्षेत्र के हजारों किसानों को बेहतर बिजली मिल सकेगी। इस क्षेत्र में काफी संख्या में कृषि पंप हैं, साथ ही औद्योगिक इकाईयों और घरेलू उपभोक्ताओं को लगातार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक केएस मनोठिया, मुख्यअभियंतागण सर्व डीके तुली, जी. आनंद राव, टीके मेश्राम, अतिरिक्त मुख्य अभियंता चंद्रकला गिडवानी, अधीक्षण अभियंता पीपी सिंह, रंजीत घोष, कार्यपालन अभियंता एसके चौहान, सहायक अभियंता आरके हरमुख सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

बहुभाषी उत्कृष्टता का जश्न: एनआईएफ ट्रांसलेशन फेलोशिप 2024-25 के विजेताओं की घोषणा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

न्यू इंडिया फाउंडेशन (एनआईएफ) ने एनआईएफ ट्रांसलेशन फेलोशिप 2024-25 के राउंड 2 के विजेताओं की घोषणा की है। सभी 10 भारतीय भाषाओं (असमी, बांग्ला, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मराठी, मलयालम, ओडिया, तमिल, उर्दू) के महत्वपूर्ण नॉन-फक्शिन काम को अंग्रेजी में ट्रांसलेशन को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य के साथ, एनआईएफ ट्रांसलेशन फेलोशिप देश के विविध साहित्यिक परंपराओं में ज्ञान ग्रंथों के समृद्ध इतिहास को प्रदर्शित करती है। प्रत्येक विजेता को 6 महीने तक 6 लाख रुपए का स्टाइपेंड दिया जाएगा, ट्रांसलेशन फेलोशिप में 1850 के बाद प्रकाशित भारतीय भाषाओं के ग्रंथों का अंग्रेजी में अनुवाद किया जाएगा। विजेताओं को संपादकीय और वित्तीय सहायता प्रदान करने के साथ ही एनआईएफ के ट्रस्टी और प्रतिष्ठित द्विभाषी विद्वान और लेखकों वाली भाषा विशेषज्ञ समिति के साथ काम करने का अवसर भी मिलेगा। एनआईएफ का उद्देश्य अनुवादित पुस्तकों के माध्यम से समकालीन भारत के इतिहास के बारे में ज्ञान का समर्थन करने के अपने मिशन को आगे बढ़ाना है। पिछले दो दशकों के दौरान एनआईएफ बुक फेलोशिप कार्यक्रम में 33 किताबों का प्रकाशन किया जा चुका है। एनआईएफ बुक और एनआईएफ ट्रांसलेशन फेलोशिप हर साल अल्टरनेट रूप से आयोजित की जाती है, इसके लिए हर साल अगस्त और दिसंबर के बीच आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

चंद्रकांत (शेखर) उपाध्याय का निधन, विप्र समाज ने दी विनम्र श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भिलाई निवासी चंद्रकांत (शेखर) उपाध्याय (करही - टेकारी वाले) का 68 वर्ष की आयु में बुधवार को रायपुर में आकस्मिक निधन हो गया। वे मनोरमा उपाध्याय के पति , राजीव व खुशबू के पिता, स्वर्गीय कंठुप्रसाद उपाध्याय के पुत्र, स्वर्गीय किशोरी लाल उपाध्याय (बालोद) और युगलकिशोर उपाध्याय भिलाई) के भ्राता थे। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार 4 जुलाई को भिलाई स्थित निवास (मकान नंबर 7 - डी , सडक़ नंबर 76 , सेक्टर - 6 से पूर्वाह्न 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम (भिलाई) के लिए निकलेगी।

विप्र समाज ने दी विनम्र श्रद्धांजलि

चंद्रकांत (शेखर) उपाध्याय के निधन पर युगल किशोर उपाध्याय (बबला), धीरज उपाध्याय, भूपेन्द्र शर्मा, प्रशांत शर्मा, कल्पना पांडे, नेहा उपाध्याय, किशोर उपाध्याय, राहुल उपाध्याय, असीम पांडे, सीमा-अनिल शर्मा, प्रतिमा शर्मा, ज्योति पांडे, कुबेर नंदन तिवारी, वीणा शर्मा, नीरज-सीमा उपाध्याय, प्रकाश त्रिपाठी, सरोज शर्मा, लता उपाध्याय, पद्मा दीवान, प्रवीण शर्मा, शचि शर्मा, अरुण शर्मा, खुशबू, कैलाश मिश्रा, जितेन्द्र उपाध्याय, डॉ. अन्नू शर्मा, भारती तिवारी, ममता चौबे, किरण उपाध्याय, अनिता शुक्ला, संतोष उपाध्याय, सूरज उपाध्याय,सुमन उपाध्याय, रवि शर्मा, सुशील उपाध्याय, ईशान शर्मा, इत्यादि विप्र परिजनों ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

ज़िंदगी की कड़वाहट में रिश्तों की मिठास घोलने आ रही है 'मिश्री'

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

'रिश्ते वक्त से नहीं दिल से बनते हैं।' वो पुराने दिन कितने अच्छे थे जब रिश्तों को दिल से निभाया जाता था और खून के रिश्तों से परे खुशी मिलती थी। आज के दौर में जहां रिश्ते कमज़ोर हो गए हैं, कलर्स 'मिश्री' को लॉन्च करने के लिए तैयार है, ऐसी कहानी जो 'रिश्तों की मिठास' को वापस लाती है। जब हालात खलनायक की भूमिका निभाते हैं, तब मिश्री, वाणी और राघव की ज़िंदगी आपस में जुड़ जाती है क्योंकि वे एक-दूसरे का चुना गया परिवार और भावनात्मक सहारा बन जाते हैं। अपने सपनों से प्रेरित होकर, वे ज़िंदगी की मुश्किलों का सामना करते हैं, क्योंकि उन्होंने सबसे बड़ा जैकपॉट जीता है: एक-दूसरे का साथ। अक्सर स्वार्थ से भरी दुनिया में, एक-दूसरे का निस्वार्थ सम्मान करना बिना किसी संदेह के साबित करता है कि रिश्ते हालातों से बड़े होते हैं। मथुरा के पास गंगापुर में रहने वाली, मिश्री को ज़िंदा तालिस्मान माना जाता है, जो जिस भी अवसर पर जाती है, वह सौभाग्यशाली हो जाता है। हालांकि, उसकी खुद की ज़िंदगी चुनौतियों से भरी हुई है क्योंकि वह अपनी 'किस्मत की लकीरों' से लड़ती है। मिश्री की षडयंत्रकारी आंटी उसे उसके अधेड़ उम्र के अंकल से शादी करने के लिए मजबूर करती है, लेकिन राघव अप्रत्याशित रूप से उसे बचा लेता है, और बिना मर्ज़ी के उससे शादी कर लेता है, लेकिन राघव वाणी से प्यार करता है। राघव के प्रति कृतज्ञता और ऐसा परिवार पाने की चाहत से प्रेरित जिसे वह अपना कह सके, मिश्री राघव से अपनी शादी का रहस्य बरकरार रखती है, और वह वाणी को अपनी सौतन के रूप में नहीं, बल्कि ऐसी बहन के रूप में अपनाती है, जो उसकी किस्मत में नहीं लिखी थी।

राघव को दोनों महिलाओं के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों का सम्मान करते हुए मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, जबकि वाणी की शादीशुदा ज़िंदगी जीने की सरल इच्छा अधर में लटक जाती है क्योंकि मिश्री उसकी पक्की सहेली बन जाती है। मिश्री, राघव और वाणी की इस अपरंपरागत तिकड़ी एक-दूसरे से ताकत मिलती है, और वे एक-दूसरे की सुकून की जगह बन जाते हैं। अपने अटूट रिश्ते की मिठास के साथ, क्या मिश्री, राघव और वाणी एक साथ अपने हालातों की कड़वाहट को मिठास में बदल पाएंगे? मिश्री की भूमिका में श्रुति भिष्ट, राघव के रूप में नमिश तनेजा और वाणी की भूमिका में मेघा चक्रवर्ती अभिनीत, और स्क्वायर प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, 'मिश्री' का प्रीमियर 3 जुलाई को होगा और उसके बाद इसे हर दिन रात 8:30 बजे केवल कलर्स पर प्रसारित किया जाएगा।

समस्याओं का त्वरित निराकरण कर विश्वास कायम करें और विभाग की बेहतर छवि बनाएं -राजस्व मंत्री वर्मा

सयंत्रों में स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने बनेगी रणनीति

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की विभागीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने राजस्व विभाग के कार्यो को संवेदनशील एवं गंभीर बताते हुए त्वरित निराकरण कर लोगों में विभाग के प्रति विश्वास जगाने तथा अपने कार्यो से विभाग की छवि बेहतर बनाने कहा। उन्होंने कलेक्टर दीपक सोनी की पहल पर जिले में चल रहे राजस्व पखवाड़े की सराहना करते हुए इसे पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बताया और पूरे प्रदेश में 5 से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा शुरू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अच्छा काम करके जिले का नाम रोशन करें। राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा की राजस्व विभाग में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे बहुत ही छोटे -छोटे कार्य होते है जो हर किसी से जुड़ा होता है। इन कामों का निपटारा समय पर कर दिया जाए तो लोगों में राजस्व विभाग के प्रति जो नज़रिया है वह सकारात्मक हो सकता है। पहले एक गांव को चिन्हांकित कर राजस्व विवादमुक्त ग्राम बनाएं। ऐसे ग्राम के पटवारी आरआई को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बरसात में जिले के नदी- नालों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो सकती है। इससे निपटने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को खाद -बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो। खेत में पानी भरने से धान खराब होने पर किसानों को निःशुल्क बीज प्रदाय करें। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों की संख्या जिले में अधिक है सभी वंचित किसानों को सम्मान निधि में पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही करें। मंत्री वर्मा ने जिले में रोजगार की स्थिति की समीक्षा करते हुए बड़े सीमेंट सयंत्रों एवं खदानों में स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलबध कराने के लिए जिला रोजगार अधिकारी, उद्योग अधिकारी एवं खनिज अधिकारी को सयंत्रो के अधिकारियों से समन्वय कर रणनीति बनाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि नया सयन्त्र शुरू हो रहा है उसमें अधिक से अधिक स्थानीय युवाओं को रोजगार दिलवाएं। संयंत्र में प्रशिक्षण की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसी प्रकार सयंत्रो के द्वारा संचालित खनन इकाईयों में भी युवाओं को नियोजित कराएं। उन्होने अग्निवीर भर्ती में अधिक से अधिक युवाओं को शामिल होने के लिए प्रेरित करने तथा कैरियर मार्गदर्शन एवं कोचिंग की व्यवस्था करने कहा। राजस्व मंत्री ने सड़क एवं अन्य निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि पीएमजीएसवाय अंतर्गत निर्मित कुछ सड़कें बहुत जल्द ख़राब होने की बात सामने आ रही है, ऐसे सड़को के निर्माणकर्ता ठेकेदारों पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि निर्माण में गुणवत्ता पर कोई समझौता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य कौशल विकास द्वारा स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना: प्रो. समीर भार्गव

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

विप्र कला ,वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय मे छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सुगम क्रियान्वयन और संवेदीकरण विषय के अंतर्गत कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता प्रो. समीर भार्गव (विभाग अध्यक्ष महाराजा मानसिंह महाविद्यालय ग्वालियर) ने मध्य प्रदेश में लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पूरी प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक समझाते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य मैकाले की क्लर्क बनाने वाली शिक्षा पद्धति को पूर्णता समाप्त करना है । राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विद्यार्थियों को पूर्णता स्वावलंबी बनाने के लिए कौशल विकास पर जोर दिया गया है। यह भारत सरकार का बहुउद्देशीय प्रोजेक्ट है। उन्होंने बताया कोरोना काल में भी हिम्मत करके राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने वाला मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है। इस वर्ष 3 वर्ष की डिग्री पूरा करके पहले बैच का परिणाम आ चुका है ।प्रो. समीर भार्गव ने कहा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए प्राध्यापकों को परिवर्तन के लिए तैयार होना होगा और इसके हिसाब से अपनी तैयारी करनी होगी। उसके बाद ही विद्यार्थियों का मार्गदर्शन संभव हो सकता है। इस अवसर पर डॉ. गिरीशकांत पांडेय (पूर्व कुल सचिव पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2050 तक के लिए लागू किया गया है तथा इसका विश्लेषण 2040 के बाद ही किया जा सकता है। इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों को तैयार करने की पूर्णता जिम्मेदारी शिक्षकों की है। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि वर्तमान सत्र से छत्तीसगढ़ के महाविद्यालय में लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर महाविद्यालय के शिक्षकों से चर्चा करके शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुसार विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को अनुकूल बनाना उपरोक्त व्याख्यान माला का उद्देश्य है। क्योंकि मध्य प्रदेश भारत का पहला राज्य है जहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सर्वप्रथम लागू किया गया। अतः वहां के वरिष्ठ प्रोफेसर समीर भार्गव का अनुभव निश्चित ही हमारे लिए लाभदायक होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में आने वाले व्यावहारिक समस्याओं को ज्यादा अच्छे से हम उनके द्वारा समझ सकते हैं ।इस अवसर पर विप्र कॉलेज समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहें।

कलिंगा विश्वविद्यालय ने डॉक्टर दिवस पर डॉक्टरों को किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत में एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान है। यह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरा करने में विश्वास रखता है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, भारत के महान चिकित्सक डॉ. बिधान चंद्र रॉय के जन्म और निर्वाण के अवसर पर कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा हर साल 1 जुलाई को डॉक्टर दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष कलिंगा विश्वविद्यालय ने 01 जुलाई, 2024 को डॉक्टर दिवस के अवसर पर 23 डॉक्टरों को उनके समाज के कल्याण और स्वास्थ्य के प्रति योगदान और समर्पण के लिए सम्मानित किया जिनमें लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. अशोक जिंदल, निदेशक, एम्स, डॉ. मिथिलेश चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ), रायपुर जिला, डॉ. संदीप दवे, रामकृष्ण केयर अस्पताल के निदेशक, डॉ. सुनील गौनियाल, एनएचएमएमआई नारायण हृदयालय के हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. निखिल मोतीराममनी, हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. सतीश सूर्यवंशी, हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. रवि गोयल, दंत चिकित्सक, डॉ. विजयलक्ष्मी अनंत, बीएमओ आरंग, डॉ. धर राव, निदेशक, वी वाई अस्पताल, डॉ. भावना सिरोही, निदेशक, बाल्को अस्पताल, डॉ. किरण दसारी, निदेशक, सप्तगिरी अस्पताल, डॉ. के.एस. राय, हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. अक्षय किलेदार, उप निदेशक, एनएचएमएमआई नारायण हृदयालय अस्पताल, डॉ. वीरेंद्र कुमार मतवले, दंत चिकित्सक, डॉ. निवास राव, आयुर्वेदिक चिकित्सक, डॉ. विकास वास्तव, पतंजलि, डॉ. धनंजय प्रसाद, पैथोलॉजिस्ट, डॉ. नीता शर्मा, होम्योपैथी, डॉ. अमृता वर्मा, सिटी आई हॉस्पिटल, डॉ. मनीष वास्तव, सिटी आई हॉस्पिटल, डॉ. संज्ञा वास्तव, सीईओ, उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल, डॉ. अंकुर गुप्ता, सद्भावना हॉस्पिटल, डॉ. ज्योत्सना गुप्ता, सद्भावना हॉस्पिटल को स्मृति चिन्ह और शॉल देकर सम्मानित किया। कलिंगा विश्वविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ए. विजयानंद, सहायक प्रोफेसर और उप डीन छात्र कल्याण शेख अब्दुल कादिर ने डॉक्टरों को सम्मानित किया। कलिंगा टीम के अन्य सदस्यों में मुख्य कुलानुशासक कार्यालय के सहायक लिलेश्वर साहू भी शामिल थे। सभी डॉक्टरों ने कलिंगा विश्वविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया और विश्वविद्यालय के लिए शुभकामनाएं दीं।

इफको के नैनो उर्वरक संवर्धन महाअभियान की शुरुआत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नैनो उर्वरकों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए नैनो उर्वरक उपयोग संवर्धन महाअभियान की शुरुआत इफको द्वारा की गई है। इसके अंतर्गत इफको द्वारा 200 मॉडल नैनो ग्राम समूह (क्लस्टर) चयनित किए गए हैं। इसके माध्यम से 800 गाँवों के किसानों को इफको द्वारा नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी एवं सागरिका के मूल्य पर 25 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है ताकि किसान अपने खेतों में नैनो उर्वरकों का अधिक से अधिक प्रयोग कर सकें। इसके साथ ही इफको द्वारा ड्रोन उद्यमी को 100 रुपए प्रति एकड़ की दर से अनुदान दिया जाएगा जिससे किसानों को कम दरों पर छिड़काव की सुविधा प्राप्त हो सके। इन मॉडल नैनो गाँवों में जो फसल होगी उसकी गुणवत्ता एवं उत्पादन की वृद्धि का आंकलन कर किसानों को अवगत कराया जाएगा। नैनो उर्वरकों का खेती में प्रयोग बढ़ाने के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी ने भी 100 दिवसीय कार्य योजना की शुरुआत की है, जिसके अंतर्गत 413 जिलों में नैनो डीएपी (तरल) के 1270 प्रदर्शन एवं 100 जिलो में नैनो यूरिया प्लस (तरल) के 200 परीक्षण किये जाएंगे। इन परीक्षणों में कृषि विज्ञान केंद्र, राज्य कृषि विश्वविद्यालय एवं अन्य शोध संस्थानों की मदद ली जाएगी और भारत सरकार द्वारा भी इसकी निगरानी की जाएगी। इफको द्वारा नैनो उर्वरकों को सहकारी समिति एवं अन्य बिक्री केंद्र तक उपलब्ध कराया जाएगा। नैनो उर्वरकों के लाभ के बारे में किसानों को बताया जाएगा। नैनो उर्वरकों के छिड़काव हेतु इफको द्वारा 2500 कृषि ड्रोन किसानों के लिए उपलब्ध कराये जा रहे हैं जिसके लिए 300 'नमो ड्रोन दीदी' तथा ड्रोन उद्यमी तैयार किए गए हैं। इसके अतिरिक्त अन्य प्रकार के स्प्रेयर भी उपलब्ध कराये गये हैं जिनके माध्यम से किसान आसानी से अपने खेतों में नैनो उर्वरकों का छिड़काव कर सकेंगे। 245 लाख एकड़ क्षेत्र पर ड्रोन द्वारा स्प्रे करने के लिए 15 संस्थाओं से अनुबंध किया गया है जो किसानों के खेतों में छिड़काव करेंगे। प्रत्येक स्प्रे पर 100 रुपए प्रति एकड़ का इंसेंटिव भी प्रदान किया जाएगा। अगस्त 2021 से 26 जून 2024 तक इफको द्वारा उत्पादित कुल 7.55 करोड़ नैनो यूरिया एवं 0.69 करोड़ नैनो डीएपी की बोतलों का उपयोग किसानों द्वारा किया जा चुका है। किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने हेतु इफको द्वारा वर्ष 2024-25 में 4 करोड़ नैनो यूरिया प्लस एवं 2 करोड़ नैनो डीएपी बोतलों के उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में अप्रैल 2024 से इफको द्वारा किसानों को अधिक सांद्रता वाला नैनो यूरिया प्लस (तरल) 20 प्रतिशत 2/1 N उपलब्ध कराया गया है, जिससे गुणवत्तापूर्ण फसल उत्पादकता बढ़ाने एवं पर्यावरण सुरक्षा में मदद मिलेगी। इस महाअभियान के अंतर्गत इफको द्वारा देश के समस्त जिलों में प्रचार-प्रसार, क्षेत्र-परीक्षण, सहकारी समितियों के सचिवों के प्रशिक्षण आदि की योजना भी बनाई गई है।

न्यायालय तहसीलदार कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव छ.ग.

// ईश्तहार //

न्या.क्रले. कोण्डागांव का रा.प्र.क्र./202401200100016/अ-20(1)/2023-24
मौजा-कोण्डागांव, तहसील व जिला-कोण्डागांव

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रजनीश कुमार द्विवेदी पिता श्री ए.एल. द्विवेदी, जाति-ब्राम्हण, निवासी बंधापारा कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव द्वारा ग्राम-कोण्डागांव तहसील-कोण्डागांव स्थित भूमि खसरा नंबर 626/39/ग/1 रकबा 9.9020 हेक्टेयर भूमि में से रकबा 1537 वर्गफुट भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु स्थाई पट्टे पर प्रदाय किये जाने हेतु माननीय कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा प्रस्तुत करने पर माननीय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोण्डागांव के माध्यम से इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि 12.07.2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक - 12.07.2024
जारी दिनांक - 21.06.2024

मुहर
तहसीलदार
कोण्डागांव

कार्यपालिक दण्डाधिकारी न्यायालय तहसीलदार शिवरीनारायण, जिला-जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका गैस बाई केंवट पिता/पति लाखन ग्राम सिंघुल के द्वारा ग्राम सिंघुल में अपने माता गुरुवारी पति लाखन के मृत्यु दिनांक 10/05/2007 को हो जाने पर मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आदेश जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतः प्रस्तुत आवेदन पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो अपना आपत्ति दिनांक 05/07/2024 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
शिवरीनारायण

कार्यपालिक दण्डाधिकारी न्यायालय तहसीलदार शिवरीनारायण, जिला-जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका गैस बाई केंवट पिता/पति लाखन ग्राम सिंघुल के द्वारा ग्राम सिंघुल में अपने पिता लाखन पिता भोगसिंह के मृत्यु दिनांक 12/04/2004 को हो जाने पर मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आदेश जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतः प्रस्तुत आवेदन पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो अपना आपत्ति दिनांक 05/07/2024 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
शिवरीनारायण

300 कर्मचारियों के भरोसे शहर की सफाई मुक्कड़ से कचरा उठ रहा, न सड़कों पर लग रहे झाड़ू

ठेका रद्द होते ही आधी रह गई सफाई व्यवस्था, इधर बारिश से बीमारियों का खतरा भी बढ़ा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

निगम में सफाई पर कांग्रेस - भाजपा की खिंचतान और आयुक्त के गैर जिम्मेदाराना रवैये ने शहर में बवंडर खड़ा कर दिया है। सफाई-सफाई के शोर के बीच महापौर, आयुक्त और विपक्ष के नेता अपने कान मूंदे हुए हैं। स्थिति यह है कि, नगर में जिस सफाई व्यवस्था के लिए 600 मजदूर काफी नहीं थे वहां अब सिर्फ 300 मजदूरों के भरोसे पूरे शहर को साफ रखने की चुनौती है।

निकाय में सफाई ठेका खत्म होने के बाद शहर में सफाई व्यवस्था को संभालना मुश्किल होता जा रहा है। आयुक्त अभिषेक गुप्ता का रुख इस ओर उदासीन ही नज़र आ रहा है। एमआईसी ने अपनी बैठक में उनसे 30 जून तक के सफाई ठेके को एक्सटेंशन देने पर सहमति दी थी। लेकिन इससे संबंधित कोई निर्णय अब तक नहीं लिया गया है। इससे साफ जाहिर होता है कि, निगम कमिश्नर शहर की सफाई व्यवस्था को उदासीन रवैया अपना रहे हैं।

शहर में सफाई व्यवस्था अभी से चरमराने लगी है। आगे स्थिति और बिगड़ने पर संभालना मुश्किल हो सकता है। बारिश सामने है और इससे हालात और बिगड़ेंगे। इन सारे पहलुओं के बीच निगम क्या करेगा इसकी कोई योजना दिखाई नहीं दे रही है। निगम कमिश्नर सुबह फेरे लगाकर स्थिति का जायजा लेते हुए तस्वीरें तो जारी करवा रहे हैं लेकिन ठोस व्यवस्था बनाने को लेकर अभी कोई तैयारी नहीं दिखाई दे रही है।

निगम फिलहाल नियमित, प्लेसमेंट और मस्टर रोल सफाई कर्मियों के जिम्मे ही है। इधर, सफाई ठेके को लेकर कांग्रेस भाजपा में आपसी खिंचतान की खबरें आ रही हैं। एमआईसी में टेंडर निरस्त किए जाने के बाद फिर टेंडर्स मंगाए जाने की प्रक्रिया अभी शुरु भी नहीं की गई है।

जिम्मेदार तमाशा देख रहे : फड़नवीस

पूर्व पार्षद अशोक फड़नवीस ने कहा कि, तीन दिनों से शहर में सफाई व्यवस्था खराब हो गई है आपसी सफाई खींचतान से वार्डवासियो को परेशान किया जा रहा हैं। गंदगी फैलने से संक्रमण फैलने की आशंका है। कई प्रकार की बीमारी से लोग इसकी चपेट में आ सकते हैं। अचानक बिना टेंडर खोले सफाई व्यवस्था को बंद नही करना चाहिए था। चार जून से आचार संहिता खत्म हो चुकी है। पर अब तक निगम सोया रहा। शहर की चरमराती व्यवस्था पर कलेक्टर संज्ञान लेकर तत्काल व्यवस्था कराने पहल करें जिससे शहर प्रभावित न हो।

पालक बच्चों की शिक्षा के प्रति सजग रहें

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com

गत दिनों शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि सरपंच डोमेन कुमार पटेल थे। अध्यक्षता ग्रामपटेल राजकुमार पटेल ने किया। विशेष अतिथि विधायक प्रतिनिधि पुष्पा सिन्हा, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रामेश्वरी मंडावी, उपाध्यक्ष बाबूलाल पटेल, पाक्सो निगरानी समिति के अध्यक्ष भवन सिंह ठाकुर एवं पालक संघ के अध्यक्ष दिलहरण पटेल थे। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि सरपंच डोमेन कुमार पटेल ने कहा कि शिक्षक तो अपने क्षमता के अनुरूप स्कूली शिक्षा देते हैं। पालकों की भी जिम्मेदारी है कि अपने बच्चों के शिक्षा के प्रति सदैव सजग रहें। ग्राम पटेल ने कहा कि शाला के वातावरण को स्वच्छ एवं शैक्षणिक बनाकर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। विशेष अतिथि पुष्पा सिन्हा ने कहा कि यहां के सभी शिक्षकगण कर्तव्यनिष्ठ एवं अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक हैं जो बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नित नये नवाचार करते रहते है। भवन सिंह ठाकुर ने कहा शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ शासकीय नौकरी प्राप्त करना नहीं होता बल्कि अपने जीवन स्तर को ऊंचा बनाए रखना तथा अच्छा नागरिक बनना है। स्वागत भाषण प्रधानपाठक यु.एस. मंडावी,संचालन दिनेश कुमार कुरेटी एवं आभार प्रदर्शन चुम्मन लाल भुआर्य ने व्यक्त किया।

नगर में हमर हरियर डोंगरगांव अभियान का आगाज

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में हमर हरियर डोंगरगांव अभियान का 3 जुलाई बुधवार को आगाज हुआ। उल्लेखनीय है कि नगर व अंचल को हरियाली से आच्छादित करने नगरीय क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचल में शिवनाथ नदी किनारे बसे ग्रामों के कछार हिस्से में वृहद पौधारोपण किया जाना है। इस अभियान का आगाज नगर के बीटीआई खेलमैदान से किया गया। नगर के आउटर स्थित बीटीआई परिसर व खेलमैदान में जनप्रतिनिधियों, राजनैतिक नुमाइंदों व पत्रकारों सहित प्रशासनिक अफसरों के अलावा बीटीआई के प्रशिक्षणार्थियों सहित आमजनों ने भी वृहद पौधारोपण किया। खेल मैदान किनारे विभिन्न प्रजाति के फलदार व छायादार पौधे रोपे गए। इस दरम्यान नगर पंचायत व वनविभाग सहित स्थानीय प्रशिक्षणार्थियों को पौधों के संरक्षण व संवर्धन की जिम्मेदारी दी गई। कलेक्टर के मंशानुरूप आहुत पौधारोपण दरम्यान बीटीआई प्रबंधन, प्रशिक्षणार्थी विद्यार्थी, नगर पंचायत की स्वच्छता दीदियों सहित निकाय अमले ने सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद ने निकाय अध्यक्ष मद से बोरखनन हेतु राशि देने घोषणा की। उक्त अवसर पर दिनेश गाँधी, हीरा निषाद, ललित लोढ़ा, रामकिशन माहेश्वरी, रामकुमार गुप्ता, सतीश वैष्णव, डिकेश साहू, सिद्दीक बडगुजर, पुष्पादेवी यदु, रुकमणी साहू, दीपक देवांगन, प्रियंक जैन सहित समस्त पार्षदगण एसडीएम मनोज मरकाम, तहसीलदार पीएल नाग, टीआई उपेन्द्र शाह, बीईओ आरएल पात्रे, एबीईओ जयंत साहू व रश्मि ठाकुर, प्राचार्य मुकुल साव, नायब तहसीलदार झरना राजपूत, सीएमओ डीएस पॉल, डिप्टी रेंजर मुकेश दुबे, गजेंद्र हरिहारनो सहित पत्रकारगण मौजूद थे।

अतिथियों ने रोपा एक पौधा मां के नाम

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन एवं वनविभाग द्वारा आयोजित वन महोत्सव एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम 3 जुलाई को ग्राम पंचायत पिनकापार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष किरण वैष्णव, अध्यक्षता जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय जनपद पंचायत सदस्य मणीराम सहारे, सरपंच शांति देवी सहारे, ग्राम पटेल गीतालाल यादव एवं नागरिकों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का वनविभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा बैच और तिलक लगाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में वनविभाग के हरेन्द्र ठाकुर एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी अनिल कुमार बमबाडे विस्तार से प्रकाश डाला। वन महोत्सव एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अतिथियों ने बताया कि एक पेड़ समस्त प्राणियों के लिए, अध्यात्म के लिए कितना महत्वपूर्ण है। वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी अनिल कुमार बमबाड़े ने पौधारोपण के समय गड्ढा खोदाई, रोपण, पौधों की निंदाई एवं बचाव पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में वनविभाग के सहायक परिक्षेत्र अधिकारी सड़क चिरचारी प्रेम लाल साहू, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी छुरिया कृष्ण कुमार सोनी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी गैंदाटोला विक्रम ठाकुर, हरेंद्र ठाकुर, रोशन साहू, घुरऊराम अर्करा, लक्ष्मण चक्रधारी, सोनिया देवी, महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी मरकाम, शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक सूर्यवंशी, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक, स्कूल के बालक, बालिकाएं, स्वयं सहायता समूह के महिला अध्यक्ष, सचिव एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन हारुन मानिकपुरी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी ने की।

केंद्र की राशि से छत्तीसगढ़ के विकास में सीएम साय ला रहे तेजी : मोरजध्वज देवांगन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भाजपा नेता मोरजध्वज देवांगन ने कहा विधानसभा फिर लोकसभा आम चुनाव संपन्न हो जाने के बाद केंद्र की भेजी गई राशि से छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विकास कार्यों में तेजी आने लगी है। यह बात कहते हुए देवांगन ने आगे कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल नीत कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के विकास कार्यों में जमकर रोड़ा अटकया और स्वयं आंकट भ्रष्टाचार में डूबी रही केंद्र द्वारा भेजी गई राशि का जमकर दुरुपयोग भी किया। इससे छत्तीसगढ़ का विकास घट गया था। इससे पहले जब डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री थे। तब 15 साल तक भाजपा की स्थिर सरकार रहते हुए भी छत्तीसगढ़ का बहुत तेजी से विकास हुआ था। अब 5 साल बाद छत्तीसगढ़ में पुनः भाजपा की सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बनी है। तो 7 महीने की कार्यकाल में काफी कुछ विकास दिख रहा है। केंद्र सरकार द्वारा हजारों करोड़ रुपये छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भेजे जाने के बाद सर्वांगीण विकास दिखने लगा है और यह बरसात के बावजूद दिखाई देगा। यहां मनरेगा का काम बरसात में भी बंद नहीं होगा। बल्कि उसका स्वरूप बदल जाएगा जिससे बड़ी संख्या में मजदूरों को काम मिलने लगेगा। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार बेरोजगारों की भी चिंता कर रही है। रोजगार उन्मुखी परीक्षाएं हो रही है और सरकारी नौकरियां के द्वार खुल रहे हैं। इससे बेरोजगारों में प्रसन्नता व्याप्त है। किसानों के लिए भी नई-नई योजनाएं लाई जा रही है। जिससे किसानों का जीवन स्तर ऊंचा उठा है। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी पंचवर्षीय कार्यकाल के प्रधानमंत्री रहते हुए छत्तीसगढ़ में विकास निर्माण कार्यों के लिए हजारों करोड रुपए दे चुके हैं उन्होंने सभी वर्ग के लिए के हित के लिए बड़ी संख्या में योजनाएं संचारित की है और जिसका लाभ अभी भी लोगों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना किसान समृद्धि योजना सहित ढेरों योजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए 20 प्रतिभागियों के मॉडल का चयन

राजनांदगांव। राज्य स्तरीय इन्सपायर प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता 2022-23 का दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में समापन हुआ। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में राज्य के 28 जिलों से 196 बाल वैज्ञानिकों ने अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इनमें से 20 प्रतिभागियों के मॉडल का चयन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के लिए किया गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि प्रतियोगिता में शामिल सभी बाल वैज्ञानिकों ने बहुत ही खुबसूरत मॉडल बनाकर प्रदर्शित किया है। सभी ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के लिए चयनित प्रदर्शनी के लिए प्रतिभागियों और उनके मार्गदर्शक शिक्षकों से राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

पुलिस प्रशासन का निर्णय प्रशंसनीय, कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को ही मौका मिले : मोनू बहादुर

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला भाजयुमो द्वारा थाना लालबाग प्रभारी निरीक्षक एनके गौतम के विरुद्ध की शिकायत की थी। पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी तक भी यह शिकायत पहुंची थी। उन्होंने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई हेतु निर्देशित किया था। अंततः विभाग ने जांच के उपरांत कार्रवाई की है। विषय पर संज्ञान लेते हुए पुलिस प्रशासन ने निरीक्षक एनके गौतम से कार्यभार वापस ले लिया है। पुलिस प्रशासन के इस निर्णय का जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर ने स्वागत किया है। उन्होंने प्रदेश सरकार, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि, कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को ही जनता के बीच रहकर काम करने का अवसर दिया जाना चाहिए।

मोनू बहादुर ने कहा कि, प्रदेश सरकार का रथ सुशासन के पहियों पर चल रहा है। इस मामले में किसी जिम्मेदार अधिकारी की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी यह संदेश सरकार ने पहले ही दे दिया है। जिला भाजयुमो ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर तत्कालीन थाना लालबाग प्रभारी के स्थान पर जिम्मेदार अधिकारी की नियुक्ति की मांग की थी। इस विषय की जानकारी विस स्पीकर डॉ. रमन सिंह जी तक भी पहुंची थी। क्षेत्र की जनता ने जनप्रतिनिधियों के माध्यम से उन्हें इससे अवगत कराया था। 02 जुलाई को इस विषय पर कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक ने आदेश जारी कर थाना प्रभारी एनके गौतम को उनके प्रभार से हटा दिया और यहां नए निरीक्षक की नियुक्ति कर दी है।

मोनू बहादुर ने कहा कि, विस स्पीकर डॉ.रमन सिंह ने इस मामले में सख्त निर्णय लेने के निर्देश दिए थे। पुलिस अधीक्षक की तात्कालिक कार्रवाई प्रशंसनीय है। इस बदलाव से राजनांदगांव ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

हालेकोसा में मना प्रवेश उत्सव एवं शिक्षक विदाई समारोह

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला हालेकोसा में हालेकोसा में शाला प्रवेश उत्सव एवं सेवानिवृत्त शिक्षक दयालू राम चौधरी का विदाई कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगा कर स्वागत किया गया। पाठ्यपुस्तक, गणवेश अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही ग्राम हालेकोसा की कक्षा 10वीं की छात्रा वंशिका साहू को छत्तीसगढ में 6वां रैंक एवं जिला में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शाला परिवार हालेकोसा द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष किरण वैष्णव, अनिता कुंजाम, संतोषी चंद्रवंशी, ओमिन पटेल, जोधीलाल साहू, चैत्रलाल निषाद , ओमलाल साहू , नैनसिंह पटेल, राजेश दास मोंगरे, फूलचंद ठाकुर, प्रेमी चंद साहू व नागरिक शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संकुल समन्वयक दुलार सिंग साहू, प्रभारी प्रधान पाठक महेश कुमार सिन्हा, प्रधान पाठक धननाथ मरकाम, कार्तिक्रराम धृतलहरे शिक्षक एवं बीआरसी पीडी साहू उपस्थित थे।

5 महीने से लंबित है मामला, एक माह पहले जांच अधिकारी सौंप चुके प्रतिवेदन

धूल खा रही जांच की फाइल, डीईओ के पास कार्रवाई का वक्त नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कन्या शाला में पुरुष व्याख्याता को प्राचार्य के प्रभार पर भी आपत्ति, विभाग हटाने से परहेज कर रहा

प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ अनियमितता की जांच गुम, 4 महीनों तक कार्रवाई को टाल गया विभाग

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में प्रभारी प्राचार्य सीआर वर्मा द्वारा आर्थिक अनियमितता और गड़बड़ियों की शिकायत की जांच गुम हो गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि जांच अधिकारी विभाग को प्रतिवेदन सौंप देने की बात कह रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल जांच प्रतिवेदन मिलने से इंकार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि, लंबे समय में जांच पूरी न करने वाले प्राचार्यों से कारण पूछा जाएगा। बहरहाल, इसके चलते जांच आदेश के 4 माह से अधिक बीतने के बाद भी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। एक और मसला कन्या शाला में पुरुष लेक्चरर को प्राचार्य का प्रभार सौंपे जाने का है। जिसे लेकर भी कई तरह की शिकायतें हैं। कन्या शाला में वर्ष 2023 में छात्राओं को अतिरिक्त कक्षाएं लेकर पढ़ाने के आदेश विभाग ने जारी किए थे। रेमेडियल कोचिंग क्लासेस (समग्र शिक्षा) के तहत छात्राओं को शिक्षा और मजबूत बनाने वाह योजना लागू की गई थी। जनवरी-फरवरी 2023 में बच्चों को शिक्षकों ने अतिरिक्त कक्षाएं लेकर कोचिंग दी। इस एवज में पढ़ाने वाले अध्यापकों को प्रति छात्र 50 रुपए प्रति माह की दर से भुगतान किया जाना था। शिकायत है कि, शिक्षकों को संस्था से अधिक छात्रों की उपस्थिति दिखाकर मनमाने तरीके से भुगतान किया गया है। एक विषय स्कूल में पालकों से अधिक प्रवेश शुल्क वसूले जाने का भी है। इसके अतिरिक्त भी कई शिकायतें प्राचार्य और स्कूल प्रबंधन को लेकर सामने आ रही हैं। इन सभी पर विभाग ने अब तक को कार्रवाई नहीं की है। जबकि शासन एजुकेशन सिस्टम को स्वच्छ और सार्थक बनाने की कोशिशों में जुटा है। इस स्थिति में शहर के पुराने और बड़े स्कूलों में से एक में इस तरह की गड़बड़ियां विभाग के लिए ही बदनामी का सबब साबित हो रही हैं।

अनियमितता, लापरवाही की शिकायतों पर जांच चल रही है। जांच अधिकारियों ने प्रतिवेदन अब तक नहीं दिया है। इसकी जल्द से जल्द जानकारी लेने और सीघ्र ही उचित निर्णय पर कार्रवाई होगी।
-अभय जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी

जांच समिति में मुद्दे और बीमार रिश्ते शामिल किया गया है। हमने अप्रैल में ही जांच का प्रतिवेदन सौंप दिया है। आगे की कार्रवाई सक्षम अधिकारी करेंगे।
-घनश्याम मंडावी, प्रभारी व जांच समिति सदस्य

रेमेडियल कोचिंग के भुगतान के लिए पीडीए के माध्यम से प्रचार्य के खाते में राशि आई थी। हमने इसका नगद भुगतान किया है और पावती भी ली है। तब विसंगति है, कोई गड़बड़ी नहीं हुई है।
-सीआर वर्मा, प्रभारी प्रचार्य

छात्रों की हाजिरी में भी हेरफेर

आदेश है कि, इस विशेष कोचिंग में सेकाल लगने बच्चों की उपस्थिति दर्ज की गई, जो कि संभव ही नहीं है। प्रत्येक दिन स्कूल में सामान्य कक्षाओं में भी छात्राओं की हाजिरी पूरी नहीं होती। इस तरह फर्जी उपस्थिति दर्शाई गई। कोचिंग के लिए अवश्यक दस्तावेजों के संधारण में भी लापरवाही की शिकायत है, जबकि इसे लेकर विभाग ने बार-बार गंभीरता बरतने के निर्देश जारी किए थे।

नगद किया भुगतान, पूरे तीन माह नहीं लगी कोचिंग

विशेष कोचिंग के भुगतान में अनियमितता का भी आरोप प्रचार्य सीआर वर्मा पर लगा है। इस कोचिंग के एवज में अध्यापकों को मिलने वाली राशि पीडीए के माध्यम से ही जारी थी। लेकिन प्रभारी प्रचार्य सीआर वर्मा द्वारा मस्टर रोल के पैटर्न पर दस्तखत करवाकर शिक्षकों को नगद भुगतान कर दिया गया। यह भी एक विषय है कि यह विशेष कोचिंग में कई लोगों के नाम से तीन माह का का पूरा भुगतान किया गया है। जबकि जनवरी में प्रायोगिक परीक्षा और फरवरी में प्री बोर्ड के कारण यह संभव ही नहीं है।

सीनियर महिला लेक्चरर को देना था प्रभार, पुरुष व्याख्याता को बिठाया

व्याख्याता सीआर वर्मा अक्टूबर, 2022 से कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में प्रभारी प्रचार्य की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। आश्चर्यजनक है कि कन्या शाला में विभाग विभाग ने एक पुरुष व्याख्याता को प्रभार सौंप दिया। उनके कार्यालय में कई विषय तो नहीं हुए हैं। इसके अलावा महिला शिक्षकों और छात्राओं को अपनी समस्याएं बताने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ये प्रावधानों के विपरीत भी माना जा रहा है। अधार परिस्थिति में इस सत्र में भौतुए मेहर तौमिया व्याख्याता को यह प्रभार सौंप दे सकता था। विभाग के पास महिला प्रचार्य भी हैं जो शिक्षा विभाग के जिला कार्यालय में कार्यालयीन काम संभाल रही हैं, इन्हें भी काम में नियुक्त किया जा सकता था। बहरहाल, अब इस मामले में तुरंत की मांग की जा रही है। यहां महिला प्रचार्य की नियुक्ति अवश्यक है।

क्या है मामला

गौरतलब है कि, कन्या शाला में वर्ष 2023 में रेमेडियल कोचिंग क्लासेस (समग्र शिक्षा) के तहत छात्राओं को अतिरिक्त कक्षाएं लेकर पढ़ाने के आदेश विभाग ने जारी किए थे। जनवरी-फरवरी 2023 में बच्चों को शिक्षकों ने अतिरिक्त कक्षाएं लेकर कोचिंग दी। इस एवज में पढ़ाने वाले अध्यापकों को प्रति छात्र 50 रुपए प्रति माह की दर से भुगतान किया जाना था।

कार्रवाई का इंतजार कीजिए.. डीईओ व्यस्त हैं

प्रभारी प्राचार्य पर आर्थिक अनियमितता के आरोपों पर भी विभाग के जिम्मेदार गंभीर नहीं हैं। 5 महीनों से सुनवाई का इंतजार कर रही जांच की फाइल धूल खा रही है। उस पर डीईओ अभय जायसवाल अब भी कह रहें हैं कि, वे व्यस्त हैं.. समय आने पर कार्रवाई की जाएगी। इस प्रशासनिक कार्यशैली पर सवाल है कि आखिर गंभीर मामलों में कार्रवाई के लिए जिम्मेदार अधिकारी को कितनी अवधि की आवश्यकता होती है। क्या ये 5 माह से अधिक होती है। शिक्षा विभाग में चल रहे इस तरह के ढर्रे ने सिस्टम में विश्वसनीयता को चोट पहुंचाई है।

डीईओ अभय जायसवाल से सीधी-बात

सवाल - लक्ष्मी बाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य की जांच पर कार्रवाई अब तक अटकी हुई है।

जवाब - विभाग कई कार्यों में व्यस्त है। जांच हो चुकी है कार्रवाई अभी नहीं हुई है।

सवाल - जांच को चार महीने हो चुके हैं।

जवाब - इसके लिए किसी को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। विभाग को कार्रवाई करनी है वो समय आने पर की जाएगी।

शिक्षा बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ने का अवसर देती है: विधायक गोमती

इंग्लिश मीडियम स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव, एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 की शुरूआत विगत दिनों होने के बाद स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जशपुर जिले के विभिन्न स्कूलों में आज प्रवेश उत्सव मनाया गया। वहीं स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल दोकड़ा के शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया,इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पत्थलगांव विधायक गोमती साय शामिल हुई। संस्था के स्कूली बच्चों द्वारा करमा लोकनृत्य कर मांदर की थाप के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया।शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा स्कूल में आने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, फूलों की माला पहनाकर और आरती उतारकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों में भी स्कूल आने का खास उत्साह नजर आया। विद्यार्थियों के स्वागत के लिए स्कूलों में पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी गई थी। कई स्कूलों में रंगोली भी बनाई गई। वही शिक्षकों ने नव प्रवेशी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने सभी बच्चों को कॉपी-किताब और पेन दिए। लंबे अंतराल के बाद जब नन्हें-मुन्हे बालक-बालिका स्कूल पहुंचे तो रौनक लौट आई है। स्कूलों में शिक्षक-शिक्षिकाओं के समूह द्वारा सभी छोटे बच्चों का मुख्य द्वार पर ही टीका लगाकर,स्वागत किया गया। प्रवेशोत्सव में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी भाग लिया। स्कूल खुलने पर प्रदेश सहित जिले भर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। यह सिलसिला 15 जुलाई माह तक चलेगा। जिले के गाँव-गाँव व कस्बे-कस्बे के सरकारी स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा।इस मौके पर विधायक साय ने कहा कि शिक्षा बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ाने के लिए अवसर प्रदान करती है। आप सभी अपना एक लक्ष्य तय करके गुरुजनों के सानिध्य में योग्यता बढाए और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़े। बच्चों को स्कूल आते हुए देखकर मन को प्रसन्नता मिलती है। माता-पिता विद्या अध्ययन में सहयोग करें। साथ ही साथ समाज की अभिन्न कड़ी के रूप में इनका संरक्षण, पोषण और उनके उज्जवल भविष्य के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे बड़े होकर के गांव, स्कूल, माता-पिता का नाम रोशन करें।इस मौके मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद, हीरामति पैंकरा,इमाम खान,अनीता चौधरी,प्रतिमा भगत सरपंच , देवदत्त सिंह, पारथो सिंह, संतोष गुप्ता, रिजु तिर्की, ओमप्रकाश यादव ,रामकुमार रवानी सहित संस्था के प्राचार्य सलमोन तिर्की एवं सभी स्टाप मौजूद रहे।

एक पेड़ मां के नाम अभियान - स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल दोकड़ा शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के पश्चात एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधायक साय ने छायादार पौधा भेंट कर संस्था के टीचर, बच्चों एवं अभिभावकों को एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण करने के लिए शपथ दिलाई। गौरतलब है की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर 'एक पेड़ माँ के नाम' इस थीम पर पूरे राज्य के स्कूलों में पौधारोपण करने का अभियान चलाया जा रहा है। विधायक साय ने छात्रों को प्रेरित करते हुए बताया कि पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने में पेड़ पौधों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि अपने परिजन की स्मृति में पौध रोपण करें। पेड़ पौधों के कारण वातावरण का शुद्ध और तापमान नियंत्रित रहता है। पेड़ पौधों पर ही हमारे जीवन का भविष्य निर्भर रहता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे स्वयं तो पौधे लगायेंगे साथ ही अपने परिवार के सदस्यों एवं दोस्तों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें।

जनदर्शन में 145 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान 145 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर राहुल देव ने बारी-बारी से आवेदकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन अधिक समस्या होने पर ही अपने आवेदन लेकर जनदर्शन पहुंचते हैं। संबंधित अधिकारी इसका संवेदनशीलता पूर्वक निराकरण करें। उन्होंने महत्वपूर्ण आवेदनों का जनदर्शन में ही समीक्षा करने की बात कही। इस हेतु विभागीय अधिकारी को पूरी जानकारी के साथ उपस्थित होने के लिए कहा। जनदर्शन में ग्राम देवरी के श्यामसुंदर वर्मा ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पदमपुर में सहायक ग्रेड 02 के पद पर कार्यरत थे। उन्हें दिसम्बर 2023 में सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन एवं जमा रूपए तथा ड्यूटी का वेतन नहीं मिल पाया है। उन्होंने कलेक्टर से उक्त राशि शीघ्र दिलाए जाने की मांग की। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा। इसी तरह आवेदक दुर्गेश साहू ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र मदनपुर अंतर्गत हमाल कार्य करने वाले मजदूरों को अभी तक मजदूरी भुगतान नहीं हो पाया है। ग्राम केशरूवाडीह के आवेदक सिद्धराम साहू ने क्रयशुदा भूमि को आनलाईन कराने आवेदन दिया।

उन्होंने बताया कि भूमि ऋण पुस्तिका में उनका नाम दर्ज है, किंतु आनलाईन राजस्व अभिलेख में विक्रेता का नाम दिखा रहा है। ग्राम मोहतरा तेली के चंद्रिका भास्कर ने महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम नारायणपुर के दिलीप कुमार ने सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य को पूर्ण कराने, ग्राम पंडरभट्ठा के किसानों ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक पंडरभट्ठा द्वारा बैंक पासबुक में एंट्री नहीं करने व राशि लेनदेन में फर्जीवाड़ा करने, ग्राम गोइन्द्रा की रितेश्वरी साहू ने प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना की राशि दिलाने, ग्राम डिंडौल के सियाराम राठौर ने मुआवजा राशि दिलाने संबंधी आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर जांच उपरांत नियमानुसार कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर द्वय अजीत पुजारी एवं गिरीश रामटेके सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

जिले में 9 जुलाई से आयोजित किया जाएगा जनसमस्या निवारण शिविर

- जिले में आयोजित किया जाएगा जनसमस्या निवारण शिविर
- 09 जुलाई से 26 दिसम्बर 2024 तक होगा आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में आम ग्रामीणजनों की समस्याओं, आवश्यकताओं एव शिकायतों के समाधान आसानी हो सके इसके लिए 09 जुलाई 2024 से 26 दिसम्बर 2024 तक जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनसमस्या निवारण शिविर में जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणजनों के समस्याओं का निराकरण करेंगे।

कब और कहां होगा शिविर का आयोजन -जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन 09 जुलाई को अकलतरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटगढ़ के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में, 25 जुलाई को नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केरा के पंचायत भवन के सामने में, 6 अगस्त को पामगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोसा के पंचायत भवन के पास, 22 अगस्त को बलौदा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जर्वे-ब के शासकीय प्राथमिक शाला प्रागंण में, 10 सितम्बर बम्हनीडीह विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत करनौद के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रागंण में, 26 सितम्बर को नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खोखरा के मनका दाई मंदिर के पास, 8 अक्टूबर को अकलतरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पकरिया झू के हाई स्कूल परिसर में, 24 अक्टूबर को पामगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खोखरी के स्कूल मैदान में, 12 नवम्बर को बलौदा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत करमंदा के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान में, 28 नवम्बर को बम्हनीडीह विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सरहर के पूर्व माध्यमिक शाला प्रागंण में, 10 दिसम्बर को नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सलखन के पंचायत भवन के सामने एवं 26 दिसम्बर को अकलतरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अमलीपाली के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

शा.नवीन महाविद्यालय मनोरा में सम्पन्न हुआ

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

राज्य के सभी महाविद्यालयों में इस सत्र 2024-25 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सेमेस्टर सिस्टम लागु किया गया है। जिसमें उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जशपुर जिले के सभी महाविद्यालयों में सभी कर्मचारियों-अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डा.विजय रक्षित जी के मार्गदर्शन में आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को शासकीय नवीन महाविद्यालय मनोरा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर डा. अमरेन्द्र, सहायक प्राध्यापक ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रमुख बिंदुओ, महत्व, आवश्यकतानुसार, सेमेस्टर प्रणाली, च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, बहु विकास प्रवेश, आंतरिक मूल्यांकन प्रणाली, सतत् आंतरिक मूल्यांकन, विषय विशिष्ट पाठ्यचर्या (डी एस सी), विषय विशिष्ट ऐच्छिक (डी एस ई) सामान्य ऐच्छिक (जी ई) योग्यता अभिवृद्धि (ए ई सी), कौशल अभिवृद्धि (एस ई सी) मूल्य वर्धित कोर्स सहित विभिन्न बिंदुओ पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक शांति प्रकाश भगत, आलोक कुजूर ,अलेख केरकेट्टा, दिव्य प्रतिमा लकड़ा, विकास कुमार लकड़ा, कर्मचारी सुभाष टोप्पो, दिलेश्वर छतरिया और अन्य शामिल हुए।

पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के वृक्ष गंगा अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत युवा शाखा डिवाइन ग्रुप दिया लोरमी मंडल के द्वारा ग्राम पंचायत औरा बांधा माध्यमिक शाला परिसर एवं अस्पताल परिसर एवं गोठान परिसर में ग्राम पंचायत के सहयोग से 2 जुलाई को वृक्षारोपण कार्य किया गया। इस वृक्षारोपण कार्य में कई फलदार पौधे रोपे गए जिसमें आम, अमरूद, जामुन, नीम, कटहल, आदि इस मौके पर गायत्री परिवार युवा शाखा डिवाइन ग्रुप दिया जिला संयोजक गंगाराम साहू ने युवाओं से पर्यावरण के संरक्षण के लिए पौधा रोपण करने आवाहन किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पृथ्वी का तापमान निरंतर बढ़ रहा है पर्यावरण दिनों दिन प्रदूषित हो रहा है। इसके लिए वृक्षारोपण करना वर्तमान की आवश्यकता बन गई है। हम सभी को अब पर्यावरण के संरक्षण के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच सुरेश साहू, रघुनंदन साहू, काशीराम साहू, नितेश साहू, आशा साहू, राम अवतार साहू, ज्ञानचंद, हरीश, गंगाराम साहू, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत पढ़ाई तिहार का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला सिरशोभा में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत पढ़ाई तिहार का आयोजन किया गया सर्वप्रथम शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरस्वती चौहान एवं माताओं ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र की पूजा अर्चना तिलक,चंदन, धूप दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सभी माताओं का स्वागत बच्चों ने तिलक लगाकर पैर छूकर किया। तत्पश्चात प्रधान पाठक दुर्वादल दीप ने सभी माताओं का स्वागत करते हुए अंगना म शिक्षा पढ़ाई तिहार का महत्व बताते हुए। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हम सभी माताओं को घर के वातावरण परिवेश में मिलने वाले वस्तुओं से बच्चों को पढ़ाने की आवश्यकता है। काउंटर 1 से 9 तक के गतिविधियों पर चर्चा किया गया। जिसमें सपोर्ट कार्ड वितरण, संकलन प्रपत्र भरना, संतुलन बनाकर चलना, कूदना, पेपर फोल्डिंग, मिलान करना,रंग भरना, वर्गीकरण, क्रम से लगाना चित्र वाचन, पढ़ना, आकार पहचान, जोड़ना, घटाना शारीरिक विकास, भाषा विकास, सामाजिक व भावनात्मक विकास पर विचार व्यक्त किए। माताओं ने भी गतिविधि में बढ़ - चढ़कर भाग लिया। माताओं ने भी घर में बच्चों को घरेलू सामग्री का उपयोग करते हुए गतिविधि के साथ पढ़ाने के लिए संकल्प लिया।

पूर्व पार्षद ने जनहित की भावनाओं को ध्यान में रख एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

रामानुजगंज नगर पंचायत क्षेत्र का मामला

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत रामानुजगंज के पूर्व पार्षद एवं एनएसयुआई के राष्ट्रीय सचिव प्रतीक सिंह ने अनुविभागीय अधिकारी रामानुजगंज से मुलाकात कर शहर के अंदर से हो कर गुजरने वाली बड़ी एवं भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाने के लिए ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि जनहित के भावनाओं को ध्यान में रखते हुए बड़ी एवं भारी वाहनों का शहर के अंदर आवागमन होने से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। वहीं शहर के अंदर कई दुर्घटनाएं घट चुकी है वही नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 में विद्युत ऑफिस के पास एक व्यक्ति की पिकप कि टकर के टक्कर से मौत भी हो चुकी है। वहीं दिनभर नगर के बीच शहर के वार्ड क्रमांक 15 एवं वार्ड क्रमांक 9 से होकर गुजरने वली व्यस्ततम मार्गों में सेठ मुहल्ला,पीपल चौक,स्टेट बैंक रोड होकर काफी तीव्र गति से निकलती है। जबकि शहर के अंदर सदकोय की चौड़ाई कम होने के कारण पूरी तरह से आवा गमन अवरुद्ध हो जाती है। व्ही बड़ी भारी वाहन पंडित दीनदयाल मांगलिक भवन रोड होते हुए भारत माता चौक (चांदनी चौक) लरंगसाय चौक से होकर गुजरती है। रात्रि 10:30 बजे तक भारत माता चौक,लरंगसाय चौक एवं चौपाटी के सामने नगर वासियों एवं बाहरी लोगों का चहल - पहल बनी रहती है। इस समय उसे मार्ग से बड़ी एवं भारी वाहनों का आवागमन तीव्र गति से होते रहता है जिसके कारण दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। एसडीम देवेंद्र प्रधान को ज्ञापन सौंपने के बाद प्रतीक सिंह ने कहा कि जनहित की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गई है। ताकि भविष्य में कोई दुर्घटना घटित न हो सकें। इस दौरान युवा कांग्रेस के आशीष गुप्ता और एनएसयुआई के निशांत चौबे उपस्थित रहे ।

शहर में पैदल मार्च कर भगवान परशुराम चैक में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

राहुल गांधी द्वारा देश की संसद में हिंदुओं को हिंसक, नफरती , और असत्य बताने के आक्रोश में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाह्न पर मुंगेली शहर में पैदल मार्च कर भगवान परशुराम चैक में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक ने बताया कि जिस प्रकार से राहुल गांधी द्वारा बार बार हिदुओं को अपमानित करने का कार्य किया जाता है यह दुर्भाग्य जनक है, हिदुओं को हिंसक कहने का उन्हें कोई अधिकार नहीं है की स्वयं वो बकरे को कटवा कर बेजुबान की सब्जी बना सपरिवार खाते रहें है । हिन्दू वो धर्म है जहां पशु पक्षियों में नदी से समुद्र तक वृक्ष से जंगल तक को भगवान के रूप में पूजा जाता है, इंडी गडबंधन के नेता तेजस्वी यादव जो की नवरात्रि में मछली खा कर हिंदुओं को शर्मसार करते हैं हिंदुओं का मजाक बनाते हैं, इन सभी नेताओं को 110 करोड़ हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए। युवामोर्चा नगर मण्डल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी ने कहा कि कांग्रेस अथवा राहुल गांधी के द्वारा इस प्रकार के कृत्य अगर दोहराए जाते हैं तो देश के वातावरण खराब होने की पूरी जिम्मेदारी इन विवादित नेताओ की होगी। अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय से जुलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए परशुराम जी चैक सिटी कोतवाली के सामने पुलिस के साथ छीनाझपटी के बीच युवामोर्चा कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश शुक्ला, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी सुनील पाठक, जिला कार्यालय प्रभारी कोटूमल दादवानी, शहर महामंत्री रामशरण यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सौरभ वाजपेई, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य यश गुप्ता, महामंत्री राजा तंबोली, जिला कार्यालय मंत्री राजेश्वर सिंह टंडन, संतोष जांगड़े, यश राजा ठाकुर, वैभव ताम्रकार, आदर्श जयसवाल, वासुदेव देवांगन, रवि साहू, ऋतुराज सिंह, वासु पांडेय, राहुल साहू, शशांक तिवारी आदि कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

'जल जीवन मिशन के लिए खोदे गए सीसी रोड की शीघ्र मरम्मत करें'

कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में जिले के शतप्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कार्ययोजना की जानकारी ली और सभी एसडीएम को शिविर का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक और स्टॉफ को समय पर चिकित्सालय पहुंचकर मरीजों का संवेदनशीलतापूर्वक ईलाज करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि जिले में पौधा रोपण के लिए सघन अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत 02 लाख से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा, घर-घर पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को पौधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभाग प्रमुखों से कहा कि अपने संस्थानों में पौधा लगाने शीघ्र मांग पत्र भेजें। उन्होंने स्कूल परिसर में ''एक पेड़ मां के नाम'' के अनुपालन में सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और पालकों को विद्यालय परिसर में पौधा लगाकर वृक्ष बनते तक उसका पालन पोषण व सुरक्षा करने कहा।

'जल जीवन मिशन के लिए खोदे गए सीसी रोड की शीघ्र मरम्मत करें'- कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्य पूर्ण होने के बाद गाँवों में खोदे गए सीसी रोड की शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहीं भी शिकायत नहीं आना चाहिए। उन्होंने क्रेड़ा विभाग से समन्वय स्थापित कर खराब सौर पंप को ठीक करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम किसान सम्मान निधि में ईकेवायसी कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबंधित आरईओ को नोटिस जारी करने, समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने समितिवार भंडारित खाद एवं बीज का भौतिक सत्यापन करने, अमानक व बिना प्रमाणित खाद बेचने वालों पर सख्त कार्यवाही करने, समितिवार प्रतिदिन खाद-बीज के रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

'बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने और सतर्क रहने दिए निर्देश'-कलेक्टर ने सभी एसडीएम, सीएमओ, राजस्व, पुलिस विभाग के अधिकारियों को बारिश में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने और सचेत रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहीं भी जान-माल की हानि नहीं होना चाहिए। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मौसमी बीमारी से संबंधित दवाई उपलब्ध हो। लोगों को स्वच्छ पेयजल मिले। उन्होंने आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त से छात्रावास में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा बारिश के मौसम में कीट एवं सांप से बचाव के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी ली और प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध प्लाटिंग, अतिक्रमण, अवैध शराब बिक्री, अवैध खनिज भंडारण, जुआ, सट्टा और अवैध वसूली पर पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही करने, नगरीय निकायों में जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर वार्डों का निर्धारित समय-सीमा में परिसीमन करने के निर्देश दिए।

'मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना में गड़बड़ी पाए जाने पर होगी कार्यवाही'- कलेक्टर देव ने समग्र शिक्षा के अंतर्गत चल रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों में प्रगति लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इस कार्य को प्राथमिकता से करें।

संरक्षा के सजग प्रहरी को महाप्रबंधक नीनु इटियेरा ने किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रेल परिचालन में संरक्षा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सजगता एवं बेहतर संरक्षा कार्य में सहभागिता निभाने वाले रेल संरक्षा के सजग प्रहरी कर्मचारियों का सम्मान महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा हर माह आयोजित संरक्षा बैठक के दौरान किया जाता है । इसी कड़ी में आज दिनांक 03 जुलाई'2024 को बिलासपुर मंडल में कार्यरत संरक्षा कोटि के कर्मचारी को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा सबंधी कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक नीनु इटियेरा के द्वारा सम्मानित किया गया। बिलासपुर रेल मण्डल के वरिष्ठ सहायक लोको पायलट संत शरण कुमार ने 15 मई' 2024 को एक डाउन ट्रेन के लोको में अपनी ड्यूटि के दौरान राबर्ट्सन-खरसिया सेक्शन में देखा कि दूसरी दिशा से आने वाली अप ट्रेन का एक वैगन फैला हुआ है, जो कि ओएचई असेंबली से टकराकर उसे क्षतिग्रस्त कर सकता था और एक संभावित दुर्घटना का कारण भी बन सकता था। उन्होने तुरंत इस घटना की सूचना ऑन ड्यूटि स्टेशन मास्टर/ खरसिया को दी, जिसके उपरांत इसकी सुचना कंट्रोल को दी गयी और गाड़ी को खरसिया स्टेशन पर कंट्रोल कर के आवश्यक सुधार कार्य करने के बाद ट्रेन को सुरक्षित रूप से रवाना किया गया। संत शरण कुमार, वरिष्ठ सहायक लोको पायलट की सजगता एवं सतर्कता से ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई।

पुलिस परिवार के बच्चों को स्कूल आने जाने के लिए मिली बस की सुविधा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बस को दिखाई हरी झंडी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

ये आपके पापा के बॉस है और इन्हीं के प्रयासों से आप सभी को स्कूल बस मिला है। आप सभी अब आराम से और सुरक्षित ढंग से स्कूल आ जा सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पुलिस परिवार के स्कूली बच्चों से चर्चा के दौरान गृहमंत्री का परिचय कराते हुए ये बातें कहीं। सभी बच्चों ने बस मिलने की खुशी में ताली बजाकर मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को थैंक यू कहा। मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि आप सभी अच्छे से पढ़ाई करें और खूब तरक्की करें। दरअसल राजधानी रायपुर के अमलीडीह स्थित पुलिस कॉलोनी में रहने वाले पुलिस परिवार के बच्चों को उनकी स्कूल बस मिल गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस परिवार की नन्हीं छात्रा मारिया भतपहरी को बस की चाबी सौंपी। उन्होंने पुलिस परिवार के सदस्यों के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह बड़ी अच्छी पहल है। बच्चों की परेशानी दूर हुई है और अब बच्चे सुरक्षित स्कूल आ जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे पुलिस के जवान बड़ी मुस्तैदी के साथ 24 घंटे सातों दिन अपनी सेवाएं देते हैं। इस पहल से निश्चित रूप से उनकी चिंता दूर हुई होगी। यह बस सीएसआर मद से बच्चों के लिए उपलब्ध करायी गई है। मैं अन्य औद्योगिक संस्थानों से भी आग्रह करूंगा कि वे अपने सीएसआर मद से ऐसे कार्यों में सहयोग करें और इसे बढ़ावा दें। इसके बाद मुख्यमंत्री और गृहमंत्री ने पुलिस परिवार के बच्चों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने बस के संचालन सहित पुलिस आवासीय कॉलोनी की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। पुलिस परिवार के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द आप लोगों से मिलने और चाय के साथ ठेठरी- खुरमी भी खाने आऊंगा। गौरतलब है कि पुलिस कॉलोनी आवासीय समिति अमलीडीह, रायपुर द्वारा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखकर स्कूली बच्चों के लिए बस उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया था। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आग्रह को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री को इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर गृहमंत्री ने तत्काल अंबुजा सीमेंट के प्रतिनिधि को सीएसआर मद से बस उपलब्ध कराने को कहा। इसी कड़ी में पुलिस परिवार के बच्चों के लिए 52 सीटर एसी बस उपलब्ध कराई गई है। जिसे मुख्यमंत्री और गृह मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल से पुलिस परिवार के लगभग 150 से अधिक बच्चें सुरक्षित स्कूल आ जा सकेंगे।

रायगढ़ में दिनदहाड़े 30 लाख की लूट छत्तीसगढ़ में अपराधी बेलगाम : बैज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायगढ़ में सरेआम एक महिला से 30 लाख के गहनों की लूट की घटना को कांग्रेस न साय सरकार की नाकामी बताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में छत्तीसगढ़ का कोई नागरिक सुरक्षित नहीं है। अपराधी और गुंडों तत्वों के हौसले बुलंद हो गये है। जबसे राज्य में भाजपा की सरकार बनी है। नागरिको को भय के माहौल जीवन जीना पड़ रहा है। अपराधी बेलगाम हो गये है। साय सरकार के राज में महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो गयी है। 6 माह में राज्य में 300 से अधिक बलात्कार, 80 सामूहिक बलात्कार, 200 से अधिक हत्यायें, चाकूबाजी, लूट, डकैती, चेन स्नेचिंग की अनगिनत घटनायें हो चुकी है। राजधानी में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके है कि अपराधी बिना किसी वाहन के पैदल चल कर चैन खींच कर भाग जाते है। राजधानी में थाने में चाकू मार दिया जाता है पुलिस असहाय हो गयी है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा राज के 6 महिने में ही छत्तीसगढ़ अपराध गढ़ बन गया है। प्रदेश में आम आदमी का जीवन सुरक्षित नहीं है। दुर्ग में 16 वर्ष की एक मासूम बच्ची के गले में ब्लेड मार कर हत्या कर दिया गया। 6 महिने में राजधानी में सरेआम गोलीबारी की तीन घटनायें हो गयी। राजिम में एक 10 वर्षीय नाबालिक बच्ची के साथ इसी हफ्ते बालोद जिले में 2 वर्षीय बच्ची के साथ, अंबिकापुर जिले में नाबालिक बच्ची के साथ बलात्कार की घटना घटती है। गृहमंत्री के गृह क्षेत्र कवर्धा हत्याओं को केंद्र बन गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राजधानी रायपुर से लेकर प्रदेश के सभी शहरो में लगातार हत्या, लूट, चाकूबाजी की घटनायें बढ़ गयी है।

राजधानी में सरे आम चाकू मारकर युवक की हत्या कर दी गयी। एक दूसरी घटना में राजधानी में ही अपराधियों ने दौड़ा-दौड़ा कर युवक की हत्या कर दिया। आदिवासी युवक को पीटकर मार डाला गया। प्रदेश के हर शहर में चाकूबाजी, लूट की वारदाते आम हो गयी है। भाजपा की सरकार बनने के बाद ऐसा लगने लगा है जैसे कानून का राज समाप्त हो गया है।

राज्यपाल हरिचंदन से श्री जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट धमतरी के पदाधिकारियों ने की भेंट

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में श्री जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट धमतरी के अध्यक्ष किरण कुमार गांधी के नेतृत्व में ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। ट्रस्ट की ओर से राज्यपाल को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया और 106 वां रथयात्रा महोत्सव में शामिल होने के लिए उन्हें आमंत्रण दिया। इस अवसर पर सर्वगुजराती समाज के प्रदेशाध्यक्ष प्रीतेश गांधी, मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष लखम सिंह भानुशाली, सहसचिव मोहन अग्रवाल, भरत सोनी उपस्थित थे।

11 जुलाई को होगा राज्य स्तरीय वन महोत्सव, 'एक पेड़ मां के नाम' महाअभियान अंतर्गत 70 लाख पौधों का होगा रोपण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में देश की जनता से 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने की अपील की है। छत्तीसगढ़ में इस महाअभियान के क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा अनुरूप 11 जुलाई को वन महोत्सव का राज्य स्तरीय आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत पूरे राज्य में 70 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। वन महोत्सव की तैयारियों के संबंध में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मुख्य वन संरक्षक एवं वनमण्डलाधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में वन मंत्री ने इस महाअभियान को सफल बनाने के लिए विस्तार से निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साय की मंशा है कि वन महोत्सव के मौके पर अधिकाधिक संख्या में लोग अपनी मां के नाम पेड़ लगाएं। इसके लिए पौधरोपण को सफल बनाने के उद्देश्य से इस बात का प्रयास किया जाए कि पौधरोपण क्षेत्र, जनप्रतिनिधियों द्वारा गोद लिया जाए साथ ही प्रत्येक पौधरोपण क्षेत्र को स्थानीय देवी देवताओं के नाम से चिन्हांकित कर जन सामान्य में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए।

मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महान दार्शनिक और आध्यात्मिक गुरू स्वामी विवेकानंद जी की 04 जुलाई को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। साय ने अपने संदेश में कहा है कि स्वामी जी ने भारतीय दर्शन और आध्यात्म से पूरी दुनिया का परिचय कराया और मानवता के कल्याण का मार्ग दिखाया। छत्तीसगढ़ ने स्वामी जी के उदार, व्यवहारिक और सुधारवादी सिद्धांतों को अपनाया है। स्वामी जी के बचपन का कुछ समय रायपुर में बीता, यह छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है। आज छत्तीसगढ़ स्वामी जी के दिखाए मार्ग और सिद्धांतों को लेकर आगे बढ़ रहा है।

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707
IRCTC
LiFE Lifestyle for Environment

आईआरसीटीसी आमंत्रित करता है:–

1. खुली ई–निविदा: आईआरसीटीसी/सीओ/सांविधिक अनुपालन/2023–24 – सांविधिक अनुपालन मैनेजमेंट एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर का कार्यान्वयन। प्री–बिड मीटिंग: 19.07.2024 को 11:30 बजे वीसी के माध्यम से। जमा करने की अंतिम तिथि: 30.07.2024 को 12:00 बजे तक। ई–मेल: mobilecatg.tend@irctc.com

2. खुली ई–निविदा: आईआरसीटीसी/आरएन/प्रिफार्म 500एमएल/एबीएच/2024 – रेल नीर प्लांट अम्बरनाथ (महाराष्ट्र) में दो (02) वर्षों की अवधि के लिए पीईटी प्रीफार्म 500 एमएल की आपूर्ति। ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 11.07.2024 को 15:00 बजे तक। ई–मेल: ggmrailneer@irctc.com

विस्तृत विवरणों के लिए क्र.सं. 1–2 के लिए www.irctc.com पर, क्र.सं. 1 के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC पर और क्र.सं. 2 के लिए GeM पोर्टल देखें। निविदा दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता क्र.सं. 1 के लिए वेबसाइट www.tenderwizard.com/IRCTC पर और क्र.सं. 2 के लिए GeM पोर्टल पर की जा सकती है।

उपरोक्त विज्ञापन का कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी होने पर उसे केवल क्र.सं. 1–2 के लिए www.irctc.com पर और क्र.सं. 1 के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC पर और क्र.सं. 2 के लिए GeM पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा।

ecatering.irctc.co.in

कार्यालय पता: आईआरसीटीसी, 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी–148, बाराखम्बा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, फोन: 011-23311263/64; फैक्स: 011-23311259

पुलिस विभाग में सूबेदार, उनि-संवर्ग, प्लाटून कमाण्डर भर्ती

रायपुर। उच्च न्यायालय बिलासपुर के याचिका क्रमांक-डब्ल्यूपीएस-4378/2023 में दिनांक 20-05-24 को पारित आदेश अनुसार मुख्य लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर भर्ती प्रक्रिया के अग्रिम चरण (शारीरिक दक्षता परीक्षा) हेतु 370 अतिरिक्त पुरूष उम्मीदवारों का चयन किये जाने के निर्देश के क्रम में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल व्दारा सूबेदार/ उपनिरीक्षक/ उपनिरीक्षक (विशेष शाखा)/ प्लाटून कमाण्डर के पदों हेतु चयनित 370 अतिरिक्त अभ्यर्थियों की सूची पुलिस मुख्यालय के वेबसाईट www.cgpolice.gov.in पर 11 जून को प्रदर्शित की गयी है। शारीरिक दक्षता परीक्षा 09 जुलाई को स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, लक्ष्मीनारायण मंदिर के पीछे, परशुराम चौक, कोटा-रायपुर में प्रातः 07:00 से आयोजित की जायेगी।

मुख्यमंत्री श्रमवीरों के मेधावी बच्चों को देंगे एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि और स्कूटी खरीदने एक लाख रूपए का चेक

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गुरूवार 04 जुलाई को पंजीकृत श्रमिकों के मेधावी बच्चों को दो लाख रूपए की राशि का चेक प्रदान करेंगे। इसमें मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि एक लाख रूपए तथा स्कूटी क्रय के लिए दी जाने वाली एक लाख रूपए की राशि का चेक मुख्यमंत्री प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री सवेरे 10.30 बजे अपने निवास कार्यालय में श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के 13 बच्चों को कुल दो लाख रूपए का चेक प्रदाय करेंगे। इसमें एक लाख रूपए का चेक स्कूटी खरीदी के लिए बच्चों को दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। ज्ञात हो कि योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे जो कक्षा 10वीं एवं 12वीं में शिक्षा सत्र 2023-24 में अध्ययनरत तथा छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा वर्ष 2023-24 में निर्माण श्रमिक के 13 बच्चे टॉप-10 सूची में है। उन्हें इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया जाएगा। इनमें कक्षा 10वीं में गरियाबंद जिले से कुमारी होनिशा, महासमुंद जिले से कुमारी डेनिसा, रायगढ़ जिले से कुमारी बबीता एवं उमा, कांकेर जिले से कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी वीदेका, सूरजपुर जिले से आयुष कुमार, बलरामपुर जिले से कुमारी अंशिका, जशपुर जिले से कुमारी मीना यादव, राजनांदगांव जिले से कुमारी वंशिका, बालोद जिले से तोषण कुमार, खोमेन्द्र, कुमारी पद्मनि एवं जिज्ञासा का नाम शामिल है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से ब्रिगेडियर अमन आनंद ने की सौजन्य मुलाकात

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में थल सेना के ब्रिगेडियर अमन आनंद ने सौजन्य मुलाकात की। वे वर्तमान में भारतीय थल सेना के छत्तीसगढ़ और उड़ीसा सब एरिया के कमांडर हैं। मुलाकात के दौरान ब्रिगेडियर आनंद ने मुख्यमंत्री के समक्ष छत्तीसगढ़ में आर्मी की आगामी कार्ययोजना के सम्बन्ध में चर्चा की। ब्रिगेडियर आनंद ने बताया की भारतीय थल सेना आगामी 5 और 6 अक्टूबर को रायपुर में 'नो योर आर्मी' कार्यक्रम का आयोजन करेगी। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों को और विशेषकर बच्चों को आर्मी के बारे में विस्तार से जानने और समझने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि यहां के बच्चों को चुनकर देश भर के फौज के विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों में अध्ययन भ्रमण कराया जाएगा।

महापौर और आयुक्त ने एमआईसी सदस्य पार्षदों के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर बैठक की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के तृतील तल सभाकक्ष में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव, एमआईसी सदस्य सुंदर लाल जोगी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद सूर्यकांत राठौड, पार्षद मृत्युंजय दुबे सहित अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियंता रधुमणी प्रधान, सहायक अभियंता योगेश कडु की उपस्थिति में ली । महापौर एवं आयुक्त ने स्वच्छता सर्वेक्षण को रायपुर शहर में नगर पालिक निगम की दृष्टि से सफल बनाने जनप्रतिनिधियों से सुझाव मांगे। महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि पिछले स्वच्छता सर्वेक्षण में रायपुर शहर ने 11 वां स्थान अर्जित किया था । पब्लिक फीडबैक पर हमें अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता है इसके साथ ही स्वच्छता हेतु चल रही रामकी कंपनी की गाड़ियों में पब्लिक फीडबैक मिलना आवश्यक है सभी जोनो में स्वच्छता एम्बेसडर की संख्या लगभग 150 है । उन्होने पिछली बार स्वच्छता सर्वेक्षण में अहम भूमिका निभाई है इस संबंध में महापौर ने आयुक्त को सुझाव दिया है कि सभी वार्डों में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर प्रतिस्पर्धा करवाने की आवश्यकता है, जिससे स्वच्छता में काफी सुधार हो सकता है । महापौर ने सुझाव दिया है कि वार्डो के साथ ही बाजारों, तालाबों स्कूल कॉलेज सभी स्थानों में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर प्रतिस्पर्धा करवाने की आवश्यकता है, जिससे लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आने के साथ अपने वार्ड को प्रथम स्थान में लाने हेतु प्रयास किये जायेंगे । महापौर ने कहा कि नगर निगम के राजस्व अमले एवं जिनके कार्य अभी नगर निगम में सुचारू रूप से चल रहे हैं, उनको छोड़कर नगर निगम के सम्पूर्ण अमले को तत्काल स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में फील्ड में कार्य पर लगने आवश्यक रूप से निर्देशित किया जाना चाहिए। महापौर ने कहा कि वार्डों में एनजीओ के माध्यम से स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने सुझाव दिया कि स्वच्छता के संबंध में जो भी बातें हो रही हैं, उसे अमल में लाने हेतु सफाई ठेकेदारों से बात की जानी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय राशि नगर निगम को दी जाती है, उक्त राशि का सम्पूर्ण सदूपयोग किया जाना प्रशासनिक तौर पर सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मीनल चैबे ने सुझाव दिया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में रैंकिंग सुधारने वार्डो के भीतरी एवं मुख्य मार्गो की सफाई में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

04 July 2024 Pride Of Raipur



M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
www.makazadpharmacy.com

अपने व्यवसाय को बढ़ाने शहर के मध्य एमजी रोड, रायपुर जे.बी. मॉल में कॉरपोरेट ऑफिस, कोचिंग, सर्विस सेंटर, कोरियर इत्यादि हेतु ग्राउंड फ्लोर पर 1716 Sqt. फर्नीशड हॉल किराये/बेचने हेतु उपलब्ध

ग्राउंड फ्लोर में ऑफिस, दुकान किराये/बेचने हेतु उपलब्ध
अमित जाधव - मो. 9907402581, 8319461409

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
(Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com
Special Discount For BPL Card Holder
Special Discount on ADMISSION FEES
Highlight
• Spoken English & Personality Development Classes
• Transport & Surveillance Facility • Monthly Seminar & Discussion • Personal Attention on each students
• Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90% • Robotics and Science laboratory • Sports and Curriculum Activities
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
0771-4000123, 9425214413, 9329621221

KSR KisaN Parryware always fashion

Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

Home Constrution

HOUSE Planning I Construction Work (with or without Materials)
BOQ for bank Loans I Building Materials Supplying I Landscaping
All Electrical and Plumbing Services I Consultancy Services
Under Supervision of a well experienced Civil Engineer
@ Raipur
M : 82239-70000
86029-59274
M/s. SHEKHAR SAHAY
Shop# 139, 1st Floor, Progressive Point, Lalpur, Raipur

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step

JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403